नई दिल्ली
शनिवार 11 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 357
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 39
न्यून. 25

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**सेरेना होटल में बैठक होगी या टलेगी? इस्लामाबाद में कर्फ्यू जैसा माहौल**

## अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस पहुंचे, ईरान की तरफ से कोई संकेत नहीं, ऐनवक्त पर कोई डेवलपमेंट संभव

# ‘शांति’ पर ‘संशय’

**ईरान ने कहा-** लेबनान में सीजफायर से पहले अमेरिका से नहीं होगी कोई बातचीत

**ट्रंप बोले-** डील नहीं हुई तो फिर हमला करेंगे, हम युद्धपोतों को तैयार कर रहे


जेडी वेंस

**लेबनान पर हमले रुकवाना चाहता है ईरान**

- हिजबुल्लाह लेबनान में ईरान समर्थित और हथियारों से लैस सबसे शक्तिशाली मिलिशिया है
- अगर लेबनान में इजराइल के हमले जारी रहे और हिजबुल्लाह कमजोर होता है, तो ईरान का क्षेत्रीय नेटवर्क टूट सकता है
- ईरान ने सीजफायर के लिए 10 शर्तें रखी थीं, जिनमें क्षेत्रीय युद्ध खत्म करना शामिल है, यानी ईरान, लेबनान, यमन पर हमले रोकना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रही जंग पूरी तरह थम जाए इसके लिए पूरी दुनिया प्रयास कर रही है। लेकिन तीनों ही देशों की अपनी अकड़ और गुरूर के चलते फिलहाल शांत की संभावना पर संशय के बादल घिरते नजर आ रहे हैं। शनिवार को इस्लामाबाद के होटल सेरेना में होने वाली बैठक, होगी नहीं ▶▶ शेष पेज 5 पर

**लेबनान पर हमले नहीं थमने के कारण ईरान नाराज**


एआई इमेज

### इस्लामाबाद में 10 हजार सैनिक तैनात

उधर, पाकिस्तान सरकार ने वार्ता की गंभीरता को देखते हुए इस्लामाबाद को एक अभेद्य किले में तब्दील कर दिया है। शहर के रेड जोन को पूरी तरह सील कर दिया गया है और सेना व पुलिस की भारी तैनाती की गई है। सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए राजधानी में 11 अप्रैल तक स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। जमीन और आसमान से सुरक्षा का पहरा देने वाले करीब 10 हजार सुरक्षा कर्मी रात दिन पहरेदारी कर रहे हैं।

राजधानी में शुक्रवार को हुई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में बोले रणधीर जायसवाल

## लेबनान में इजरायल के हमलों से चिंतित भारत, नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ईरान के साथ जारी युद्ध के बीच हुए संघर्षविराम को पूरी तरह से धता बताते हुए लेबनान पर किए गए इजरायल के भीषण हमलों के मामले पर भारत ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। शुक्रवार को यहां राजधानी में हुई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि लेबनान पर हुए हमलों में बड़ी तादाद में मारे गए आम लोगों से जुड़ी हुई रिपोर्ट से भारत बेहद चिंतित है। हमने हमेशा से ही इस बात पर खासा जोर दिया है कि नागरिकों की सुरक्षा ही सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। साथ ही यह भी कहा है कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन करना और सभी देशों की संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना बेहद आवश्यक है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, संघर्षविराम के बाद से लेकर अब तक हुए इजरायली हमलों में लेबनान में 300 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। यह आंकड़ा हर गुजरते वक्त के साथ तेजी से बढ़ता जा रहा है। पूर्ववर्ती आंकड़ों के हिसाब से दोनों देशों के बीच चलने वाले तनाव की वजह से अब तक कुल करीब 12 लाख से अधिक लोग लेबनान से विस्थापित हुए हैं।



**भारतीयों के संपर्क में दूतावास:** उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूनिफिल) में भारत एक महत्वपूर्ण भागीदार देश के ▶▶ शेष पेज 5 पर

**भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में पश्चिम बंगाल के लिए किए कई बड़े वादे**

### सभी सरकारी कर्मचारियों का डीए सुनिश्चित किया जाएगा


# 45 दिनों के भीतर ही 7वां वेतन आयोग लागू होगा

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पार्टी के संकल्प पत्र को बताया 'भरोसे का पत्र'
- कहा, हमारा मुख्यमंत्री एक बंगाली होगा, हम वंशवादी पार्टी नहीं
- 'लक्ष्मी भंडार' योजना के तहत महिलाओं को हर महीने मिलेंगे तीन हजार रूपये
- गर्भवती महिलाओं को 21 हजार रुपये की आर्थिक सहायता का वादा
- स्नातक पूरा करने वाले युवाओं को हर महीने 3,000 रुपये का भत्ता देने का वादा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया। यह घोषणा पत्र जारी करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इसे 'भरोसे का पत्र' बताया। पार्टी ने इसे ‘सोनार बांग्ला’ का रोडमैप बताते हुए विकास, रोजगार, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रीय सुरक्षा पर फोकस किया है। साथ ही, उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि बंगाल के बेटे को ही भाजपा अपना मुख्यमंत्री बनाएगी।

शाह ने पश्चिम बंगाल में लंबे समय से चली आ रही अटकलों पर भी विराम लगाया कि मुख्यमंत्री कौन होगा। उन्होंने कहा, हम कोई वंशवादी पार्टी नहीं हैं जहां चाची के बाद भतीजा पद संभालेगा। मैं बंगाल के लोगों को आश्वस्त कर सकता हूं कि हमारा मुख्यमंत्री एक बंगाली होगा।



उन्होंने कहा कि यह संकल्प पत्र राज्य के हर वर्ग की उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है और मौजूदा निराशा के माहौल से बाहर निकलने का रास्ता दिखाएगा। इस घोषणापत्र में किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं शामिल हैं।

शाह ने सरकारी कर्मचारियों के लिए बड़ा एलान करते हुए कहा कि सभी सरकारी कर्मचारियों और वेतनभोगियों के लिए डीए सुनिश्चित किया जाएगा और 45 दिनों के भीतर ही सातवें वेतन आयोग और आयुष्मान भारत समेत भारत सरकार की सभी योजनाओं को लागू करेंगे। साथ ही छह माह के अंदर ही यूसीसी भी लागू करेंगे। महिलाओं के लिए एलान करते हुए कहा कि हमारी सरकार 'लक्ष्मी भंडार' योजना के लाभार्थियों को हर महीने 1 से 5 तारीख तक खाते में 3 हजार रुपए ट्रांसफर करेगी। इसके अलावा, गर्भवती महिलाओं को 21 हजार रुपये की आर्थिक सहायता और 6 पोषण किट देने की योजना है। वहीं, राज्य संचालित बसों में सभी महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा की सुविधा लागू करने का भी वादा किया गया है। पीएम किसान सम्मान निधि में हम राज्य की तरफ से अतिरिक्त 3,000 रुपये जोड़ेंगे और किसानों को सालाना 9,000 रुपये की वित्तीय सहायता देंगे।

उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में आ रही चुनौतियों से जूझ रहे किसानों को इससे नई दिशा मिलेगी, जबकि ▶▶ शेष पेज 5 पर

## लुधियाना से आए 30 लोग डूबे 10 शव बरामद, 5 लोग लापता

एजेंसी ▶▶ मथुरा



यहां शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। लुधियाना से वृंदावन घूमने आए 30 श्रद्धालुओं से भरी नाव यमुना नदी में पलट गई। जिससे सभी श्रद्धालु नदी में डूब गए। श्रद्धालुओं की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग बचाने के लिए दौड़े। पुलिस और गोताखोर भी मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में राहत बचाव कार्य शुरू कराया गया। अभी तक 10 लोगों के शवों को बरामद किया गया। जबकि 15 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। पांच लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश के लिए रात बचाव कार्य जारी रहा। आम दिनों के मुकाबले शुक्रवार को हवा काफी तेज चल रही थी। बताते हैं कि करीब पौने तीन बजे हवा के ▶▶ शेष पेज 5 पर

**पीएम ने जताया दुख**

हादसे पर पीएम मोदी ने दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अपनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। मोदी ने दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रशासन प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने में सक्रिय रूप से लगा हुआ है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
पीबीकेएस एसआरएच
दोपहर 3.30 बजे से
सीएसके डीसी
शाम 7.30 बजे से

## अगले महीने भारत यात्रा पर आएंगे अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो



- अमेरिका में विक्रम मिस्री से हुई मुलाकात के बाद इस संबंध में लिया गया यह जरूरी निर्णय
- दोनों पक्षों के बीच व्यापार, महत्वपूर्ण खनिज, रक्षा और क्वाड जैसे मुद्दों को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी के इलाके में जारी संघर्ष के बीच अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो अगले मई महीने में भारत की यात्रा करेंगे। जिसे लेकर शुक्रवार को विदेश सचिव विक्रम मिस्री के साथ हुई एक महत्वपूर्ण मुलाकात के बाद निर्णय लिया गया है। बतौर अमेरिकी विदेश मंत्री के रूप में रुबियो की भारत की यह पहली आधिकारिक यात्रा होगी। जिसका मकसद नई दिल्ली की अध्यक्षता में आयोजित किए जाने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन से जुड़ी हुई रूपरेखा को अंतिम रूप देना है। भारत में अमेरिका ▶▶ शेष पेज 5 पर

**खबर संक्षेप**

### हाईकोर्ट जस्टिस यशवंत वर्मा ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति को इस्तीफा सौंप दिया। पहले उनका दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट तबादला कर दिया था। ये तबादला उनके घर कथित तौर पर जले नोट मिलने के विवाद के बाद हुआ था। जस्टिस वर्मा ने 5 अप्रैल 25 को ही इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज के तौर पर शपथ ली थी।



## हरियाणा की मंडियों में पुख्ता इंतजाम, हर किसान की फसल खरीदेगी सरकारः नायब

***कहा, फसल खरीद को लेकर किसानों को भ्रमित कर रहे कांग्रेसी***

***मंत्री, विधायक व अधिकारी लगातार मंडियों का दौरा कर रहे हैं ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो: मुख्यमंत्री***

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी दल फसल खरीद को लेकर किसानों को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि उनके अपने शासनकाल की बदहाल व्यवस्थाएं किसी से छिपी नहीं हैं। वर्तमान सरकार ने मंडियों में सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। प्रत्येक मंडी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, अतिरिक्त मुख्य सचिव स्तर के अधिकारियों को जिलों की जिम्मेदारी दी गई है। मंत्री, विधायक व ▶▶ शेष पेज 5 पर

**रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी का 31वां जन्मदिनः जामनगर में भव्य जश्न**

## एक लाख गायों व हाथियों को छप्पन भोग खिलाए रखी अनोखी वाइल्डलाइफ यूनिवर्सिटी की ‘नींव’

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जामनगर में सितारों और उद्योग जगत की हस्तियों का जमावड़ा लगा हुआ है. अनंत ने जामनगर के ‘वनतारा’ प्रोजेक्ट के पास गो-सेवा कर अपना दिन शुरू किया, जहां एक लाख से ज्यादा गायों को पारंपरिक ‘छप्पन भोग’ खिलाया गया।

भारत में वन्यजीव संरक्षण और पशु चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए वनतारा ने जामनगर (गुजरात) में वनतारा यूनिवर्सिटी की स्थापना की घोषणा की है। यह दुनिया का पहला ऐसा वैश्विक विश्वविद्यालय ▶▶ शेष पेज 5 पर

**इस मौके पर एक बड़ी किताब के आकार का केक काटा गया, जो वन्यजीव संरक्षण और ज्ञान को समर्पित था**



पिता मुकेश अंबानी के साथ अनंत

**गुरुवायुर मंदिर गए, दिए करोड़ों रुपए दान :** अनंत अंबानी ने पवित्र गुरुवायुर मंदिर का दौरा कर भगवान गुरुवायुरप्पन के दर्शन किए और भारत की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर को 6 करोड़ का दान दिया। राजराजेश्वरम मंदिर के ▶▶ शेष पेज 5 पर

गृह मंत्रालय भारत सरकार

# हमारी जनगणना हमारा विकास

(जनगणना 2027 का पहला चरण)
स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-1)

**स्व-गणना क्या है?**
स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं



- **क्या स्व-गणना अनिवार्य है?**
  नहीं, यह अतिरिक्त सुविधा है, यदि आप स्व-गणना नहीं करते तो प्रगणक आपके घर आकर जानकारी दर्ज करेगा
- **क्या मैं किसी भी भाषा में स्व-गणना कर सकता / सकती हूँ?**
  यह सुविधा हिंदी, अंग्रेजी और 14 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है
- **क्या स्व-गणना के लिए इंटरनेट जरूरी है?**
  हाँ, पोर्टल तक पहुँचने और जानकारी भरने के लिए इंटरनेट आवश्यक है
- **क्या मेरी जानकारी सुरक्षित है?**
  हाँ, सभी डेटा सुरक्षित, एन्क्रिप्टेड और सरकारी सर्वरों में संरक्षित है
- **SE ID क्या है और इसका उपयोग क्या है?**
  सबमिशन के बाद आपको एक विशिष्ट 11 अंकों की SE ID मिलेगी (SMS / email से), जिसे प्रगणक के आने पर उन्हें दिखाना आवश्यक होगा
- **यदि SE ID भूल जाएँ तो क्या करें?**
  पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से SE ID पुनः प्राप्त की जा सकती है
- **क्या स्व-गणना के बाद भी प्रगणक आएगा?**
  हाँ, प्रगणक आपके घर आएगा और SE ID के आधार पर जानकारी की पुष्टि करेगा
- **क्या मुझे कोई दस्तावेज़ अपलोड करने की आवश्यकता है?**
  नहीं, किसी भी दस्तावेज़ को अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है
- **क्या पोर्टल पर सहायता उपलब्ध है?**
  हाँ, पोर्टल पर, यूज़र गाइड, फ्लोचार्ट, ट्यूटोरियल वीडियो, FAQs और टूलटिप्स के रूप में सहायता उपलब्ध है

टोल फ्री - 1855

CBC 19108/13/0003/2627

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी
CensusIndia2027

11 लोगों को किया गिरफ्तार

# सेना की जानकारी पाक भेजने वाले जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सौर ऊर्जा से चलने वाले सीसीटीवी कैमरे लगाकर सेना और अर्धसैनिक बलों की आवाजाही पर नजर रखने और यह जानकारी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े अपने आकाओं को भेजने वाले एक जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से हथियार भी बरामद हुये हैं।

स्पेशल सेल के एडिशनल सीपी प्रमोद सिंह कुशवाहा के अनुसार इस मॉड्यूल ने पंजाब और राजस्थान में संवेदनशील सैन्य ठिकानों के पास सौर ऊर्जा से चलने वाले सीसीटीवी कैमरों का एक गुप्त निगरानी नेटवर्क स्थापित किया था। दो समन्वित अभियानों में की गई इस कार्रवाई के तहत 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़ी एक बड़ी साजिश का भी खुलासा हुआ है। यह मॉड्यूल जासूसी, हथियारों की तस्करी और महत्वपूर्ण रक्षा प्रतिष्ठानों की रेकी में शामिल था, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा पैदा कर रहा था। जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थानों पर सौर ऊर्जा से चलने वाले कम से कम नौ सीसीटीवी कैमरे लगाए थे, जो विशेष रूप से उन क्षेत्रों में थे, जहां सेना और अर्धसैनिक बलों की आवाजाही अधिक रहती है। कुशवाहा ने बताया कि इन स्थानों में पंजाब का कपूरथला, जालंधर, पठानकोट, पटियाला और मोगा के साथ-साथ हरियाणा का अंबाला, जम्मू-कश्मीर का कठुआ और राजस्थान का बीकानेर एवं अलवर शामिल थे। अधिकारी ने बताया कि सैनिकों की नियमित आवाजाही, अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से निकटता और प्रमुख सैन्य छावनियों तथा साजो-समान गलियारा होने के कारण इन स्थानों को अत्यधिक संवेदनशील माना जाता है। सीसीटीवी की फीड फर्जी पहचान पत्र पर लिए गए सिम कार्ड के माध्यम से चलाए जा रहे मोबाइल ऐप के जरिए पाकिस्तान स्थित आंकाओं को भेजी जा रही थी। यह मॉड्यूल पाकिस्तान स्थित सदस्यों के सीधे निर्देशों पर काम कर रहा था, जो 'एनक्रिप्टेड' संचार मंचों के माध्यम से जासूसी गतिविधियों का समन्वय कर रहे थे। कुशवाहा ने कहा, आरोपियों को रक्षा प्रतिष्ठानों के दृश्य दर्ज करने, सैनिकों की आवाजाही पर नजर रखने और सीमा पार महत्वपूर्ण जानकारी भेजने का काम सौंपा गया था। ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों के पास सौर ऊर्जा से चलने वाले सीसीटीवी कैमरों को लगाना सुरक्षा बलों की आवाजाही के पैटर्न पर नजर रखने के लिए एक सुनियोजित और निरंतर निगरानी के प्रयास को दर्शाती है। स्पेशल सेल की उत्तरी रेंज की टीमों द्वारा चलाए गए पहले अभियान में पंजाब और दिल्ली से छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। तकनीकी निगरानी और खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने नौ सीसीटीवी कैमरे, तीन विदेश निर्मित समेत चार पिस्तौल और 24 कारतूस बरामद किए। सैन्य खुफिया इकाई की जानकारी पर दक्षिण पश्चिम रेंज द्वारा चलाए गए दूसरे अभियान में पंजाब से पांच और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जो रेकी और सेना व सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) से जुड़े प्रतिष्ठानों के संवेदनशील दृश्य साझा करने में सक्रिय रूप से शामिल थे। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्हें पैसों का लालच देकर इस नेटवर्क में शामिल किया गया था और ये पैसा सीमा पार से आने वाले हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी से आता था। वे सिम कार्ड, परिवहन और चिन्हित स्थानों पर निगरानी उपकरण लगाने जैसी व्यवस्था करने में भी शामिल थे। पंजाब में तरन तारन निवासी मनप्रीत सिंह नामक मुख्य आरोपी पाकिस्तान स्थित आकाओं के सीधे संपर्क में था और हथियारों की आपूर्ति में समन्वय व संचार को सुविधाजनक बनाने में अहम भूमिका निभा रहा था। उसे विदेशी निर्मित हथियारों की खेप प्राप्त हुई थी और उसने निर्देशों के अनुसार उन्हें अन्य सदस्यों में वितरित किया था। एक अन्य आरोपी अनमोल ने अपने सहयोगी साहिल के साथ मिलकर कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की जिम्मेदारी संभाली थी। जांचकर्ताओं ने पाया कि ये कैमरे जानबूझकर सैन्य छावनियों, सीमावर्ती सड़कों और अन्य उच्च-सुरक्षा क्षेत्रों के पास की गतिविधियों को दर्ज करने के लिए लगाए गए थे। पुलिस ने बताया कि इस मॉड्यूल को स्थानीय युवाओं की भर्ती करने और दीर्घकालिक जासूसी अभियानों को जारी रखने के लिए अपने नेटवर्क का विस्तार करने का भी काम सौंपा गया था। कुछ आरोपी सैन्य छावनियों की रेकी करने और सीमा पार बैठे आकाओं के साथ फोटो व वीडियो साझा करने में शामिल थे। सौर ऊर्जा से चलने वाले उपकरणों के उपयोग ने सीधे बिजली आपूर्ति के बिना भी दूरदराज के क्षेत्रों में निर्बाध निगरानी सुनिश्चित की, जिससे इनका पता लगाना मुश्किल हो गया। जासूसी के अलावा जांच में हथियार तस्करी नेटवर्क का भी पर्दाफाश हुआ है जिसमें पाकिस्तान स्थित आकाओं ने भारतीय एजेंटों को अवैध हथियार प्राप्त करने और वितरित करने का निर्देश दिया था। पुलिस ने कहा कि इन गिरफ्तारियों से एक संभावित आतंकी हमले को भी टाला गया है, क्योंकि जानकारी मिली थी कि यह मॉड्यूल ग्रेनेड और अन्य माध्यमों से सुरक्षा प्रतिष्ठानों पर हमले की साजिश रच रहा था। इस कार्रवाई ने जासूसी, हथियार तस्करी और आतंकी साजिशों से जुड़े कई परस्पर जुड़े नेटवर्कों का पर्दाफाश किया है। सुरक्षा एजेंसियां संभावित स्लीपर सेल की पहचान करने के लिए मोबाइल फोन और सीसीटीवी प्रणाली से प्राप्त डेटा सहित डिजिटल साक्ष्यों का विश्लेषण कर रही हैं।

रैकेट से जुड़े तीन लोगों को किया गिरफ्तार

## 10 लाख के नकली ऑटो पाट्र्स जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने नकली ऑटो पाट्र्स रैकेट से जुड़े तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यह रैकेट नकली दोपहिया वाहन स्पेयर पाट्र्स बनाने और बेचने में शामिल था। इनके पास से करीब 10 लाख कीमत के टीवीएस और एएसके जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड के नकली पाट्र्स और पैकेजिंग सामग्री बरामद हुई है। यह बरामदगी इंद्रलोक, झंडेवालान और मंगोलपुरी इंडस्ट्रियल एरिया से हुई।

पुलिस के अनुसार विशेष सूचना के आधार पर 8 अप्रैल को एक टीम ने कंपनियों के अधिकृत प्रतिनिधियों के साथ मिलकर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की, जहां नकली स्पेयर पाट्र्स और पैकेजिंग तैयार की जा रही थी। इस सिलिसले में रियाजुद्दीन (51) निवासी इंद्रलोक , अनिल कुमार (60) निवासी कृष्णा नगर और अर्जुन कुमार (49) निवासी त्रिनगर (प्रिंटिंग यूनिट संचालक) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी नकली ब्रेक शूज और फर्जी ब्रांडेड पैकेजिंग सामग्री का निर्माण और वितरण कर रहे थे। छापेमारी के दौरान 1,040 जोड़ी नकली ब्रेक शूज, 67,370 नकली टीवीएस ब्रांडिंग वाले प्लास्टिक पैक, 14 हजार फर्जी एमआरपी स्टिकर, 400 नकली कार्डबोर्ड बॉक्स , 50 बंडल पैकेजिंग सामग्री, 10 प्रिंटेड रोल और एक प्रिंटिंग मैन्युफैक्चरिंग यूनिट जब्त की है। रियाजुद्दीन और अनिल कुमार पहले भी कॉपीराइट और ट्रेडमार्क उल्लंघन के मामलों में शामिल रह चुके हैं।

## बाइकर्स बदमाशों ने एक लाख लूटे, पीछा करने पर गोली चलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के मधु विहार इलाके में दो बाइकर्स बदमाशों ने एक व्यक्ति और उसके दादा से लगभग एक लाख रुपये लूट लिए। पुलिस ने शुक्रवार को जानकारी देते हुये बताया कि वारदात नौ अप्रैल गुरुवार की रात करीब 10:30 बजे जोशी कॉलोनी के एक बैंक्वेट हॉल के पास घटी। पीछा किये जाने पर बदमाशों ने हवा में गोली भी चलाई।

मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता के दादा नोएडा के सेक्टर 62 में कारोबार करते हैं। परिवार अपने एक कर्मचारी के साथ घर लौटा था और गाड़ी से उतर ही रहा था कि हमलावर उनके पास आ धमके। एक हमलावर ने पिस्तौल हवा में लहराई और पीड़ितों को धमकाया। इसके बाद दोनों ने एक बैग छीन लिया जिसमें करीब एक लाख रुपये रखे थे। शोर सुनकर परिवार के एक सदस्य ने कार से आरोपियों का पीछा करने की कोशिश की और उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे उनका संतुलन बिगड़ा, लेकिन वे भागने में सफल रहे। पुलिस ने बताया कि भागते समय आरोपियों ने उनका पीछा करने वालों को रोकने के लिए हवा में गोली चलाई और बाद में लूटे गए बैग को फेंक दिया, जिसमें नकदी और अपराध में इस्तेमाल किया गया हथियार था। दोनों चीजें बरामद कर ली गई हैं। पुलिस के मुताबिक, प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आरोपियों की तलाश के लिए कई टीमें तैनात की गई हैं। पुलिस संदिग्धों की पहचान करने और उनकी गतिविधियों का पता लगाने के लिए इलाके और आसपास के रास्तों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

## करोड़ों रुपए के शिक्षा बजट के बावजूद सरकारी स्कूलों में बच्चों को अभी नहीं मिली पुस्तकें: यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने रेखा गुप्ता सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि करोड़ों रुपये के शिक्षा बजट आवंटन के बावजूद सरकारी स्कूलों में सत्र शुरू होने के बावजूद आठवीं कक्षा के छात्रों को किताबें तक नहीं मिली है। रेखा सरकार दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षा के छात्रों को नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 में किताबें उपलब्ध कराने में विफल रही है और शिक्षा के अधिकार के तहत लाखों छात्र किताब मिलने का इंतजार कर रहे है। जबकि नया शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल 2026 से शुरु हो चुका है। अभी तक किताबें नहीं मिलने से लगभग 20 हजार एससी, एसटी और ओबीसी के छात्रों की पढ़ाई का नुकसान हो रहा है। यादव ने कहा कि इतना ही नहीं इन 20 हजार एससी, एसटी और ओबीसी के छात्रों का पहले अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने पिछले एक दशक से ट्यूशन फीस नहीं दी। वहीं अब भाजपा सरकार भी इस वर्ग के छात्रों को ट्यूशन फीस जारी नहीं करना इनके साथ विश्वासघात और सामाजिक न्याय के खिलाफ कदम है। जिसका नुकसान सिर्फ दिल्ली के उन गरीब लोगों के बच्चों के भविष्य का हुआ जो आर्थिक तंगी के कारण सरकारी स्कूलों में अपने बच्चे पढ़ाने को मजबूर है। छात्रों को किताबें नहीं मिलने की प्रक्रिया 2015-16 से ही चल रही है, लेकिन कोई पूछने वाला नही है। एनसीईआरटी किताबे तैयार करता है, एसएसए किताबों की आपूर्ति करता है और डीबीटीबी छपाई का काम करता है। जब यह किताबें बाजार में उपलब्ध रहती है तो शिक्षा निदेशालय एनसीईआरटी से खरीद कर स्कूलों में क्यों नहीं उपलब्ध कराता। उन्होंने कहा कि चौंकाने वाला है कि पिछले सत्र प्राइमरी के छात्रों के लिए हिंदी की किताब पूरे वर्ष मुहैया नहीं कराई गई। पिछले साल जानकारी में आया है 2016-17 से शैक्षणिक सत्र से अब तक 52 हजार 291 पात्र छात्रों को कोई राशि नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार 31 हजार 954 छात्रों को 99.10 करोड़ देने दावा कर रही है। जबकि 20 हजार 637 छात्र को 74.62 करोड़ राशि मिलने का इंतजार आज भी है। जबकि अधिकारी बैक खाते से आधार लिंक नहीं होने का बहाना बना रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार को स्कूलों में छात्रों की सहायता के वेरिफिकेशन की सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए।

## घर में आग लगने के बाद पांच लोगों को रेस्क्यू किया

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के चंदर विहार स्थित एक घर में शुक्रवार को आग लगने के बाद पांच व्यक्तियों और दो पालतू कुत्तों को रेस्क्यू किया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पांच दमकल वाहनों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। अग्निशमन विभाग को पूर्वाह्न 11:32 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। आग छह मंजिला इमारत के भूतल पर लगी थी। एक घर में रहने वाले सभी पांच व्यक्तियों और दो पालतू कुत्तों को समय रहते बाहर निकाल लिया गया। आग से भूतल पर खड़े चार स्कूटर और एक मोटर पंप क्षतिग्रस्त हुये हैं। दमकलकर्मियों ने दोपहर 12:05 बजे आग पर काबू पाया। घटना में लाखों का सामान जलकर खाक हो गया।

## एलजी संधू ने नारको-आतंकवाद का मुकाबला पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को किया संबोधित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) तरनजीत सिंह संधू ने शुक्रवार को नारको-आतंकवाद का मुकाबला विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस सम्मेलन में रणनीतिक, कानून प्रवर्तन, कूटनीतिक और अकादमिक क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने भाग लिया। सम्मेलन के मुख्य बिंदु के रूप में नारको-आतंकवाद को बड़ा मुददा मानते हुए गंभीर चर्चा हुई। लोक निवास सचिवालय के अनुसार एलजी ने नारको-आतंकवाद की गंभीर चुनौती को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की। एलजी ने कहा कि नारको-आतंकवाद अब कोई दूर की धमकी नहीं है, बल्कि यह वर्तमान सुरक्षा, आर्थिक और शासन संबंधी चुनौतियों के मूल में है। वैश्विक सहयोग को लेकर एलजी ने रेखांकित किया कि वैश्विक नशीली दवाओं का व्यापार संगठित अपराध, मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण को बढ़ावा देता है। एलजी ने मजबूत समन्वय, तकनीक के बेहतर उपयोग और रोकथाम व प्रवर्तन के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। संवाद से कार्रवाई को अहम बताते हुए एलजी संधू ने कहा कि ऐसे मंच संवाद को कार्रवाई में बदलने और एक अधिक समन्वित वैश्विक प्रतिक्रिया को प्रेरित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। लोक निवास सचिवालय ने बताया कि यह सम्मेलन मादक पदार्थों की तस्करी और उससे जुड़े आतंकवाद से निपटने के लिए विभिन्न हितधारकों के बीच सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

## एमसीडी स्थायी समिति को भंग कर भाजपा ने की लोकतंत्र की हत्या : नारंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति को भंग कर भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या कर दी है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने स्थायी समिति को भंग करने पर भाजपा पर उक्त आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ऐसा करके लोकतंत्र की हत्या की है। क्योंकि वित्तीय मामलों के सभी फैसले स्थायी समिति लेती है, जो अब मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कहने पर अकेले एमसीडी के आयुक्त ले रहे हैं। वहीं, एमसीडी में सह प्रभारी प्रवीण कुमार ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा जल्द से जल्द स्थायी समिति की बैठक बुलाए, ताकि जनता से जुड़े महत्वपूर्ण एजेंडे पास किए जा सकें। नेता विपक्ष नारंग ने कहा कि स्थायी समिति को भंग करने से स्पष्ट हो गया है कि भाजपा ने एक सुनियोजित साजिश के तहत पार्षदों की ताकत कम करने के लिए ही एमसीडी आयुक्त को 50 करोड़ रुपए तक का वित्तीय अधिकार दिया है।

## निःशुल्क टीबी स्क्रीनिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के शाहदरा दक्षिण जोन कार्यालय में "टीबी मुक्त भारत अभियान" के अंतर्गत शुक्रवार को जागरूकता एवं निःशुल्क टीबी स्क्रीनिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों एवं आमजन को टीबी के प्रति जागरूक करना तथा समय पर जांच और उपचार के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वार्ड समिति के अध्यक्ष राम किशोर शर्मा ने किया। इस अवसर पर शाहदरा दक्षिण जोन के उपायुक्त वैरोकपम पुंशीबा सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा जिला मजिस्ट्रेट (पूर्वी) विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शाहदरा दक्षिणी जोन के अध्यक्ष राम किशोर शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि टीबी एक गंभीर लेकिन पूर्णतः उपचार योग्य बीमारी है। समय पर जांच और नियमित उपचार से इसे जड़ से खत्म किया जा सकता है। हमें मिलकर टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करना है।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रवि मेहरा, पुत्रः सुभाष कुमार, पताः म. नं. 12/14, गली नं. 14, संगम विहार, नई दिल्ली** ने **FIR No. 235/2018, U/s 279/338 IPC, पुलिस थाना ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रवि मेहरा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रवि मेहरा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 235/2018, U/s 279/338 IPC, पुलिस थाना ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली** के अभियुक्त **रवि मेहरा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – सुश्री आकांक्षा गौतम**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–02, दक्षिण–पूर्व**
**कमरा नं. 513 साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**
**DP/4662/SE/2026**



### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **पिंकी, पुत्रीः** एच. बच्चन सिंह, **निवासी**: म.नं. ए–27, गली नं. 1, मधु विहार, द्वारका, सेक्टर–3, उत्तम नगर, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 437/2019 U/s 354-A/323/506/354/323/ 498-A/406 IPC, थानाः ज्योति नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्ता **पिंकी** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्ता **पिंकी** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 437/2019 U/s 354-A/323/506/354/323/498-A/406 IPC, थानाः ज्योति नगर, दिल्ली** की उक्त अभियुक्ता **पिंकी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री निधि बाला**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–03 (महिला कोर्ट)**
**कमरा नं. 8, शाहदरा जिला**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**
DP/4576/NE/2026
(Court Matter)


## चांदनी चौक : टाउन हॉल के संरक्षण व पुनर्विकास योजना को दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ दिल्ली की विरासत को संरक्षित करेगी यह परियोजना : सत्या शर्मा

दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने चांदनी चौक स्थित ऐतिहासिक टाउन हॉल भवन के संरक्षण एवं एडैप्टिव रीयूज से जुड़े विस्तृत प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। सत्या शर्मा ने बताया कि यह परियोजना दिल्ली की विरासत को संरक्षित करते हुए उसे आधुनिक स्वरूप में जनता के लिए पुनर्जीवित करने की एक महत्वपूर्ण पहल है। उनके अनुसार, प्रस्ताव के तहत टाउन हॉल को एक आधुनिक इमर्सिव म्यूजियम और इंटरप्रिटेशन सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसमें शाहजहानाबाद और टाउन हॉल के इतिहास को इंटरएक्टिव गैलरी, आर्काइव डिस्प्ले, डिजिटल तकनीक और मल्टीलिंगुअल सेवाओं के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही शैक्षणिक कार्यक्रम, गाइडेड हेरिटेज वॉक, सार्वजनिक सहभागिता गतिविधियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, हेरिटेज रिटेल और फूड एंड बेवरेज सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। सत्या शर्मा ने बताया कि दिल्ली नगर निगम के स्वामित्व वाला यह 160 वर्ष पुराना टाउन हॉल भवन वर्ष 1861-66 के बीच 'दिल्ली इंस्टीट्यूट' के रूप में निर्मित हुआ था, जिसे 1866 में नगर निगम मुख्यालय में परिवर्तित किया गया। वर्ष 1935-39 के दौरान इसका विस्तार कर इसे दो मंजिला भवन के रूप में विकसित किया गया, जिसमें पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी विंग शामिल हैं। वर्ष 2012 तक यह भवन निगम मुख्यालय रहा, लेकिन उसके बाद से यह परिसर काफी हद तक खाली और अनुपयोगी पड़ा है।

सत्या शर्मा ने कहा कि यह परियोजना लगभग 36 महीनों में चार चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण (1-8 माह) में संरचनात्मक आकलन, कंजरवेशन प्लान, रूट मैपिंग और हितधारकों से परामर्श किया जाएगा। दूसरे चरण (9-20 माह) में संरक्षण कार्यों का क्रियान्वयन और वित्तीय मॉडल तैयार किया जाएगा। तीसरे चरण (21-30 माह) में म्यूजियम फिट-आउट, डिजिटल इंटरप्रिटेशन, गैलरी विकास और स्टाफ प्रशिक्षण होगा। चौथे चरण (33 माह के बाद) में परियोजना का सार्वजनिक उद्घाटन, हेरिटेज सर्किट लॉन्च और संचालन शुरू किया जाएगा।

## आईपीएल मैच पर सट्टेबाजी के आरोप में चार पकड़े

**नई दिल्ली।** पुलिस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच पर सट्टा लगाने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को दिल्ली और गुजरात के बीच मैच पर सट्टेबाजी करते हुए पकड़ा गया। इनके नाम हिमांशु (30), अमन जैन (34), आकाश गर्ग (31) और आशीष कुमार (35) बताये गये हैं। पुलिस के अनुसार पुख्ता सूचना के आधार पर एक टीम ने आठ अप्रैल को मध्य दिल्ली के करोल बाग इलाके में एक परिसर पर छापा मारा और वहां चार लोगों को सट्टेबाजी की गतिविधियों में सक्रिय रूप से लिप्त पाया। मौके से सट्टेबाजी और उसे रिकॉर्ड करने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे दो मोबाइल फोन जब्त किए गए। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि वे पहले से ही आईपीएल के मैच की सट्टेबाजी में लिप्त रहे हैं।

## दिल्ली मेट्रो का ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण 13 अप्रैल से 10 मई तक, यात्री दे सकते अपने सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) का ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण 13 अप्रैल 2026 से 10 मई, 2026 चलेगा। इस ऑनलाइन सर्वे में ग्राहकों से मेट्रो सेवाओं के बारे में कई तरह की जानकारी ली जाएगी। जिनमें सेवाओं में सुधार, समय का अंतराल, सुविधाएं व अन्य प्रमुख तौर पर शामिल है। इस बारे में डीएमआरसी ने बताया कि लंदन स्थित ट्रांसपोर्ट स्ट्रेटेजिक सेंटर (टीएससी), जो कॉमेट बेंचमार्किंग समूह का प्रबंधन करता है,13 अप्रैल, 2026 से 10 मई, 2026 तक ऑनलाइन ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण का 13वां संस्करण आयोजित कर रहा है। इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य यह जानना है कि मेट्रो यात्री, मेट्रो परिचालन के विभिन्न पहलुओं के बारे में क्या सोचते हैं, इसमें सेवा की गुणवत्ता में सुधार से संबंधित प्रतिक्रिया,सुझाव भी शामिल हैं। डीएमआरसी के अनुसार जो यात्री इस सर्वेक्षण में भाग लेना चाहते हैं, वे मेट्रो की की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर दिए गए लिंक पर क्लिक करके ऑनलाइन सर्वेक्षण जमा कर सकते हैं। सर्वेक्षण फॉर्म अंग्रेजी और हिंदी, दोनों भाषाओं में उपलब्ध होंगे। डीएमआरसी ने बताया कि यात्री मेट्रो के कामकाज के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपनी प्रतिक्रिया दे सकते हैं। जिनमें मेट्रो रेल की उपलब्धता, समय पर पहुँच, उपयोग में आसानी, यात्रा से पूर्व जानकारी, यात्रा के दौरान जानकारी, विश्वसनीयता, ग्राहक सेवा, आराम, भीड़भाड़, सुरक्षा और समग्र संतुष्टि जैसे मुद्दे शामिल है। डीएमआरसी के अनुसार दुनिया भर में कॉमेट समूह के सदस्य इस सर्वेक्षण में भाग ले रहे हैं, ताकि वे यह जान सकें कि उनके यात्री, उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवा के बारे में क्या सोचते हैं। इस सर्वेक्षण के परिणाम उन्हें उन सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को सीखने में मदद करेंगे, जिनकी यात्री सराहना करते हैं, और वे ग्राहकों को और भी बेहतर सेवा प्रदान करने की दिशा में काम कर सकेंगे।

## 'सिम बॉक्स' का इस्तेमाल करने वाले अंतरराष्ट्रीय साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

स्पेशल सेल की आईएफएसओ यूनिट ने अवैध 'सिम बॉक्स' तकनीक का इस्तेमाल कर लोगों को 'डिजिटल अरेस्ट' और फर्जी निवेश योजनाओं के जरिए ठगने वाले एक अंतरराष्ट्रीय साइबर धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस बाबत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रेटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) यूनिट ने कंबोडिया और अन्य दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों से जुड़े एक सुव्यवस्थित नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। यह गिरोह अवैध जीएसएम गेटवे का इस्तेमाल करता था जिससे विदेशी जालसाज स्थानीय मोबाइल नंबरों का उपयोग करके भारतीय पीड़ितों से संपर्क करते थे और इस प्रकार पकड़े जाने से बच जाते थे। पकड़े गये दो आरोपियों के नाम वैभव राज (29) और अनिल कुमार (28) है। इन्हें पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार से गिरफ्तार किया गया। आगे की जांच में पुलिस को जीडी कॉलोनी में एक किराए के फ्लैट का पता चला, जहां एक सक्रिय 'सिम बॉक्स' सेटअप संचालित किया जा रहा था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 32 स्लॉट वाला 'सिम बॉक्स', 350 से अधिक सिम कार्ड, मोबाइल फोन, एक लैपटॉप और नेटवर्किंग उपकरण बरामद किए, जो बड़े पैमाने पर अवैध रूप से 'कॉल रूटिंग' का संकेत देते हैं। आरोपी विदेश में बैठे अपने आकाओं के महज मददगार थे और उनका काम बुनियादी ढांचे को बनाए रखना, सिम कार्ड की व्यवस्था करना और 'म्यूल' बैंक खातों का संचालन करना था। यह लोग पुलिस, सीबीआई या सीमा शुल्क विभाग के अधिकारी बनकर लोगों को डराते थे और उनसे ठगी करते थे।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | एसएएस इंटीग्रेशन जिला सिरसा हेतु कार्य - 220 केवी सब स्टेशन चोरमार में 220/132 केवी, 100 एमवीए टी/एफ टी–1 और 220/33 केवी, 100 एमवीए टी/एफ टी–2 का आरईएफ पुनः बिछाना, 33 केवी बस कपलर के बीसीयू के कन्फिगरेशन, 220/132 केवी, 100 एमवीए टी/एफ टी–1 के बीसीयू की मरम्मत और कन्फिगरेशन। | 08.04.2026 16.04.2026 | अनुमानित लागत रु. 7,37,500/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | 220 केवी जीआईएस सब स्टेशन रोज-का-मेव जिला मेवात में 220 केवी और 66 केवी जीआईएस मॉड्यूल मेक जियांगसु जिन्के के हाई वॉल्टेज का परीक्षण। | 08.04.2026 15.04.2026 | रु. 1,87,14,800/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | वित्तीय वर्ष 2027–28 में डी/सी टावर्स पर प्रस्तावित 66 केवी एस/सी लोहारा–खानपुर कोलियान लाइन को अकोमोडेट करने के लिए 66 केवी सब स्टेशन खानपुर कोलियान पर 1 अदद 66 केवी बे की रचना (सिविल कार्य) जिला कुरुक्षेत्र। | 08.04.2026 15.04.2026 | रु. 15,84,239/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 4 | एचवीपीएनएल | वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु टीएस डिवीजन, पलवल के तहत विभिन्न सब स्टेशन की क्लीनिंग और सड़क एवं पथों की सफाई समेत वृक्षसंवर्धन/बागवानी के सामान्य रखरखाव की आउटसोर्सिंग गतिविधि। | 09.04.2026 15.04.2026 | रु. 58,85,820/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in संवाद–13/2027/80/44577/I/88/7 दि. 10.04.26

### 77 नालों से निकाली गई गाद

# दिल्ली गेट और बारापुला नालों को खोलकर की जा रही है सफाई: प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मानसून से पहले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए दिल्ली सरकार ने व्यापक तैयारी तेज़ कर दी है। इसी क्रम में दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने शुक्रवार को 'सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग' के दो महत्वपूर्ण नालों- दिल्ली गेट नाला और बारापुला नाला- का स्थल निरीक्षण किया।

मंत्री ने बताया कि इस दौरान जमीनी स्तर पर चल रहे कार्यों की गति और गंभीरता स्पष्ट रूप से सामने आई। एक अहम प्रगति के तहत दिल्ली गेट नाला, जो लगभग 40 वर्षों से स्लैब से ढका हुआ था, अब पूरी तरह खोलकर



उसकी गहन सफाई की जा रही है। लंबे समय तक ढके रहने के कारण इस नाले की प्रभावी सफाई संभव नहीं हो पाती थी, जिससे आसपास के क्षेत्रों में बार-बार जलभराव की समस्या बनी रहती थी। मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि इस वर्ष 'सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग' नालों में गाद निकालने के कार्य की हर स्तर पर सख्त निगरानी की जा रही है, ताकि किसी प्रकार की देरी या लापरवाही न हो और कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा हो। समग्र प्रगति की समीक्षा करते हुए मंत्री ने बताया कि चिन्हित 77 नालों में से लगभग 50 प्रतिशत गाद हटाने का कार्य पूरा हो चुका है और अब तक 14 लाख मीट्रिक टन से अधिक गाद निकाली जा चुकी है। विभाग ने इस वर्ष 28 लाख मीट्रिक टन गाद निकालने का लक्ष्य रखा है, जिसे तय समय सीमा में पूरा करने के लिए निरंतर कार्य जारी है।

मंत्री प्रवेश वर्मा ने बताया कि दिल्ली गेट नाले में गाद निकालने का कार्य 70 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है और अब तक 21 हजार मीट्रिक टन से अधिक गाद निकाली जा चुकी है। मशीनों और श्रमिकों की तैनाती के साथ कार्य तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। वहीं बारापुला नाले, जो एक प्रमुख 'सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग' ड्रेनेज चैनल है, पर गाद निकालने का कार्य लगभग 78 प्रतिशत पूरा हो चुका है, जहां अब तक 31 हजार मीट्रिक टन से अधिक गाद हटाई जा चुकी है। यह प्रगति दर्शाती है कि प्रमुख नालों को मानसून से पहले पूरी तरह तैयार करने के लिए समयबद्ध और केंद्रित प्रयास किए जा रहे हैं।

#### वर्षों की उपेक्षा को सुधारने का प्रयास

निरीक्षण के दौरान सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि "यह केवल नालों की सफाई नहीं है, बल्कि वर्षों की उपेक्षा को सुधारने का प्रयास है। दिल्ली गेट नाला, जो करीब 40 साल से ढका हुआ था, अब खोलकर सही तरीके से साफ किया जा रहा है। इससे ज़मीनी स्तर पर वास्तविक बदलाव देखने को मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि हमारा लक्ष्य स्पष्ट है, समय से पहले काम शुरू करना, तेजी से काम करना और तय समय सीमा में पूरा करना। बारापुला और दिल्ली गेट पर हो रही प्रगति यह दिखाती है कि काम केवल कागज़ों पर नहीं, बल्कि ज़मीन पर हो रहा है। इन दोनों नालों के सुदृढ़ होने से दरीयागंज, जामा मस्जिद, फिरोज शाह रोड, आईटीओ, साउथ एक्सटेंशन और ओखला जैसे क्षेत्रों को इस मानसून में जलभराव से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

## धार्मिक स्थलों को कवर करने के लिए चलेगा पौधारोपण अभियान : सिरसा

- 22 विभागों के 70 लाख से अधिक पौधारोपण का लक्ष्य
- अभियान के तहत वितरित किए जाएंगे मुफ्त पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने राजधानी में धार्मिक स्थलों पर पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिए एक खास पहल शुरू की है। यह कदम दिल्ली की हरियाली बढ़ाने और वायु प्रदूषण से लड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शुक्रवार को विभिन्न धार्मिक स्थलों के प्रतिनिधियों, वन एवं पर्यावरण विभाग और अन्य एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने इस अभियान का पूरा रोडमैप साझा किया।

यह पहल सरकार के उस बड़े लक्ष्य का हिस्सा है, जिसके तहत 22 विभागों के माध्यम से 70 लाख से अधिक पेड़, पौधे और झाड़ियां लगाई जानी हैं। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि धार्मिक संस्थान समाज में जागरूकता फैलाने और लोगों को जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं। धार्मिक संस्थान हमारी संस्कृति और मूल्यों की मजबूत नींव हैं। अगर हम इन जगहों पर मिलकर पेड़ लगाएंगे, तो हम न केवल पर्यावरण सुधारेंगे बल्कि लोगों में जागरूकता भी बढ़ाएंगे। यह अभियान वर्ष 2025 के वन महोत्सव के दौरान हुए सफल वृक्षारोपण कार्यक्रमों पर आधारित है, जिसमें धार्मिक संस्थानों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई थी। अब सरकार इसे एक व्यवस्थित योजना के तहत आगे बढ़ा रही है।

मंत्री सिरसा ने बताया कि इस अभियान के तहत सभी पौधे वन विभाग और एमसीडी, एनडीएमसी और डीडीए के उद्यान विभागों द्वारा मुफ्त दिए जाएंगे। उन्होंने संस्थानों से अपील की कि वे अपने परिसर में उपलब्ध जगह की पहचान करें और कितने पौधे और कौन-सी प्रजाति चाहिए, इसकी जानकारी समय पर दें। मंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य साफ है-जहां लोग इकट्ठा होते हैं, प्रार्थना करते हैं और प्रकृति से जुड़ते हैं, वहां ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए जाएं। इन पवित्र स्थलों पर पेड़ लगाने से हवा भी साफ होगी और प्रकृति के प्रति सम्मान भी मजबूत होगा।

## दूरी या संसाधनों की कमी के चलते उपचार से वंचित नहीं रहेगा मरीज : डॉ. पंकज

नई दिल्ली। दिल्ली देहात के नजफगढ़ स्थित ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र में जिला टीबी केंद्र/चेस्ट क्लिनिक के विकास से ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) की उन्नत जांच सुविधाएं, समर्पित बिस्तर और विशेषज्ञों की सेवाओं को एक ही छत के नीचे मुहैया कराकर हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि दूरी या संसाधनों की कमी के चलते कोई भी मरीज इलाज से वंचित नहीं रहे। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि हमारी सरकार जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य ढांचे को और अधिक मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कुशल नेतृत्व में हम एक बेहद उन्नत और मरीज केंद्रित स्वास्थ्य प्रणाली के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो टीबी जैसी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों का प्रभावी समाधान कर सके। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि राजधानी दिल्ली में ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) देखभाल सेवाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिल्ली सरकार 'राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत नजफगढ़ स्थित 'ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र' (आरएचटीसी) में एक जिला टीबी केंद्र/चेस्ट क्लिनिक स्थापित करेगी।

## 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' से लिखा जाएगा राजनीतिक प्रतिनिधित्व का नया अध्याय : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' देश में राजनीतिक प्रतिनिधित्व का नया अध्याय लिखेगा और भारत को एक अधिक सशक्त, संतुलित और प्रगतिशील लोकतंत्र के रूप में स्थापित करेगा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के आर्ट्स फैकल्टी में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के समर्थन में आयोजित हस्ताक्षर अभियान में भाग लेने के बाद विश्वास व्यक्त करते हुए यह बात




कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रशासन और नीति-निर्माण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना समय की आवश्यकता है। जब महिलाएं निर्णय लेने वाले पदों पर पहुंचेंगी, तभी वे समाज, परिवार और अपनी जरूरतों से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी बदलाव ला सकेंगी। दिल्ली में चलने वाली 'लखपति बिटिया' और 'अनमोल' जैसी योजनाएं इसी संवेदनशील दृष्टिकोण का परिणाम हैं, जो महिला सशक्तीकरण और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करती हैं। डीयू से मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की। इस अवसर डीयू दक्षिणी परिसर की निदेशक प्रो. रजनी अब्बी, एसओएल की निदेशक प्रो. पायल मागो और रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता सहित अनेकों प्रिंसिपल, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया एवं सभी महिलाओं को इसमें हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

## ठंडक वाली लंबी राहत के बाद अब दिल्ली में धीरे धीरे बढ़ेगी गर्मी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मार्च के बाद अप्रैल के पहले पखवाड़े में कूल कूल मौसम वाली राहत के बाद अब दिल्ली के लोगों को धीरे धीरे बढ़ती गर्मी की मार सहने के लिए तैयार रहना पड़ सकता है। क्योंकि प्रादेशिक मौसम विभाग (आईएमडी) का कहना है कि आने वाले तीन चार दिनों में दिल्ली में सूरज के तेवर कड़े होने वाले है जिससे गर्मी बढ़ेगी। अधिकतम तापमान बढ़कर 38-40 डिग्री के करीब पहुंचने से इंकार नहीं किया जा सकता। वहीं निजी मौसम अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर का कहना है कि बेशक दिल्ली एनसीआर में अब पारा चढ़ने लगेगा लेकिन अप्रैल माह के अंत तक ही पारा 40 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार कर सकता है। जबकि इससे पहले पारा 40 डिग्री से नीचे ही रहने की संभावना अधिक है। कंपनी के अनुसार इस सप्ताह दिल्ली में तापमान सामान्य से करीब 4 डिग्री कम रहा है।



## विधायक फागना ने निगम आयुक्त व एमएमडीए के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की

# मुख्य लाइन में हो रहे अवैध कनेक्शन का एक सप्ताह में सर्वे कर काटने के निर्देश

अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द अमल में लाया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और उनकी समस्याओं का समय पर समाधान हो सके। विधायक सतीश फागना ने कहा कि एनआईटी विधानसभा को लगभग 28 एमएलडी पानी की जरूरत पड़ रही है...

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

विधायक सतीश फागना ने एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और नए प्रस्तावित कार्यों को लेकर विस्तृत निगम और एफएमडीए के अधिकारियों और पार्षदगण के साथ विस्तृत चर्चा की ।अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द अमल में लाया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और उनकी समस्याओं का समय पर समाधान हो सके। विधायक सतीश फागना ने कहा कि एनआईटी विधानसभा को लगभग 28 एमएलडी पानी की जरूरत पड़ रही है लेकिन उनकी विधानसभा में 11 से 18 एमएलडी पानी पहुंच रहा है। इस लिए अवैध कनेक्शनों को काट कर पानी के बूस्टर में पर्याप्त पानी पहुंचाया जाए ताकि पानी की सप्लाई सही तरीके से की जा सके।

**खास बातें**

- वार्ड में नालियों, पुलियों और सीवर की मरम्मत कार्यों की फाइल तैयार करें
- पुरानी सीवर लाइन बदलकर बड़ी लाइन डाली जाए



**समस्या को दूर करने पानी की सप्लाई**

विधायक सतीश फागना ने कहा कि एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में पानी की समस्या को दूर करने के लिए पानी की सप्लाई बढ़ाई जाए। गर्मियों में पानी के टैंकरों के टेंडर की स्थिति स्पष्ट करने और गंदे पानी की निकासी के लिए गोच्छी ड्रेन की सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि एनआईटी क्षेत्र के लिए आने वाली पानी की लाइन से अन्य स्थानों पर दिए गए कनेक्शनों को बंद किया जाए तथा एफएमडीए की लाइनों में लगे अवैध कनेक्शनों को काटने की कार्रवाई की जाए। सारन स्कूल रोड पर पुरानी सीवर लाइन बदलकर बड़ी लाइन डाली जाए और इसके साथ-साथ स्ट्रॉम वाटर लाइन भी डाली जाए तथा नाले को गोच्छी ड्रेन से जोड़ा जाए। विधायक ने निर्देश दिए कि प्रत्येक वार्ड में नालियों, पुलियों व सीवर मरम्मत कार्यों की फाइल तैयार की जाए।

**खबर संक्षेप**

### युवक की चाकू घोंपकर हत्या, आरोपी काबू



**फरीदाबाद।** सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र में बदरपुर बॉर्डर के पास हाईवे पर स्थित रेड लायन नाम के गेस्ट हाउस के बाहर देर रात तीन युवकों ने चाकू घोंपकर 25 वर्षीय युवक की हत्या कर दी। मृतक युवक का नाम सचिन मेहरा था, वह पल्ला क्षेत्र में सूर्या विहार का रहने वाला था। पुलिस ने मौके से युवक को हिरासत में लिया। हत्या का कारण प्रेम-प्रसंग बताया जा रहा है।

### 2.100 किलोग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा उंचा गांव ने 2.100 किग्रा गांजा सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान सुमित के रुप में हुई है।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 9 अप्रैल को क्राईम ब्रांच उंचा गांव की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना पर कार्रवाही करते हुए गांव डीग, के रहने वाले एक व्यक्ति को 2.100 किलोग्राम गांजा सहित चंदावली पुल से काबू किया।

### शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी



**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सूरज जयसवाल निवासी कानपुर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। दरअसल एक व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में शिकायत दी थी। बताया गया कि 17 अगस्त 2025 को फेसबुक में स्टॉक मार्केट से संबंधित एक मास्टर क्लास का विज्ञापन दिखाई दिया।

### रिटायर्ट कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित



**फरीदाबाद।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा की की मीटिंग जिला प्रधान नवलसिंह की अध्यक्षता में सेक्टर-11 यूनियन कार्यालय में संपन्न हुई। संचालन जिला सचिव लज्जाराम ने किया। मीटिंग में राज्य के उप प्रधान यू एम खान उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में दिवंगत साथियों व देश में आपदाओं में दुर्घटनाओं में मारे गए लोगों के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर शोक प्रकट किया गया।

### ट्रांसपोर्ट बुक करने के नाम पर ठगी, 2 गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लभगढ की टीम ने विपिन व लालजीत को गिरफ्तार किया है। एक व्यक्ति ने साइबर थाना बल्लबगढ में दी शिकायत में बताया कि उसकी लॉजिस्टिक फर्म है। उसका माल गाजियाबाद से कोलकाता जाना था। फिर कथित शिव रोड लाइंस फर्म का उसके पास फोन आया और कहा- गाजियाबाद से कोलकाता का 75000 रुपए रेट है।

## मुख्य जनगणना अधिकारी के मार्गदर्शन में जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम

# 62 को दिया जा रहा प्रशिक्षण, जनगणना के दौरान मोबाइल एप्लीकेशन से सीधे दर्ज हो सकेंगे आंकड़े

जिला में लगभग 5500 गणनाकर्ताओं (एन्यूमरेटर) और पर्यवेक्षकों (सुपरवाइजर) को 6 अप्रैल से 22 अप्रैल तक विभिन्न स्कूलों में स्थापित 31 प्रशिक्षण केंद्रों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। जबकि 62 ट्रेनर इस प्रशिक्षण को देने के लिए नियुक्त किए गए हैं।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

आगामी जनगणना की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए जिला फरीदाबाद के विभिन्न स्कूलों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण मुख्य जनगणना अधिकारी कम निगम आयुक्त धीरेंद्र खडग़टा के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहा है। प्रशिक्षण फीडल ट्रेनर द्वारा दिया जा रहा है, जिसमें जनगणना से जुड़े विभिन्न प्रशासनिक, तकनीकी और प्रबंधन संबंधी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की जा रही है।

फरीदाबाद में लगभग 5500 गणनाकर्ताओं (एन्यूमरेटर) और पर्यवेक्षकों (सुपरवाइजर) को 6 अप्रैल से 22 अप्रैल तक विभिन्न स्कूलों में स्थापित 31 प्रशिक्षण केंद्रों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। जबकि 62 ट्रेनर इस प्रशिक्षण को देने के लिए नियुक्त किए गए हैं।

इस दौरान उन्हें जनगणना से जुड़े विभिन्न कॉन्सेप्ट, हाउस लिस्टिंग एप्लीकेशन, सेल्फ एन्यूमरेशन सहित अन्य महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना निदेशालय हरियाणा चंडीगढ़ की ओर से जिला जनगणना समन्वयक प्रशांत शर्मा द्वारा भी प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण दिशा.निर्देश दिए गए। चार्ज अधिकारियों ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को इसकी प्रक्रिया, नियमों और डिजिटल माध्यम से होने वाले कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी देना है, ताकि आगामी जनगणना को जिले में सुव्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संपन्न किया जा सके।



**किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाए**

**कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी दी जा रही**

उन्होंने बताया कि इसके साथ ही प्रशिक्षण में जनगणना से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी दी जा रही है। बताया गया कि यह कार्य भारत सरकार द्वारा निर्धारित नियमों और कानूनों के तहत किया जाता है, जिनका पालन करना सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए अनिवार्य है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि जनगणना के दौरान एकत्रित की गई जानकारी पूर्णतः गोपनीय होती है और इसका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए किया जाता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया गया कि शिक्षकों के साथ-साथ विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भी जनगणना कार्य में नियुक्ति की जाएगी।

## ट्रक की चपेट में आने से गंभीर

# हिरासत से भागने के दौरान आरोपी के घायल होने से 4 पुलिसकर्मी निलंबित




हरिभूमि न्यूज ▸▸ गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में हिरासत में लिए गए एक व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल होने के मामले में लापरवाही और कर्तव्यहीनता के आरोप में चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। सहायक पुलिस आयुक्त (मोदीनगर) भास्कर वर्मा ने शुक्रवार को बताया कि पटला नगर पंचायत में कर्मचारी अमित कुमार (35) मंगलवार रात अपने तीन दोस्तों के साथ सार्वजनिक स्थान पर शराब पी रहा था। इसी दौरान निवाड़ी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें फटकार लगाई, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई और अमित को हिरासत में ले लिया गया। आरोपी पुलिस वाहन से कूदकर भागने की कोशिश की। पुलिस के अनुसार, जब अमित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मुरादनगर में चिकित्सकीय परीक्षण के लिए ले जाया जा रहा था, तब उसने कथित तौर पर पुलिस वाहन से कूदकर भागने की कोशिश की। वह दिल्ली-मेरठ राजमार्ग की ओर भागा, जहां एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका आईसीयू में इलाज चल रहा है। आरोप है कि संबंधित पुलिसकर्मियों ने शुरुआत में इस दुर्घटना की जानकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं दी और दावा किया कि आरोपी भागने के दौरान गिरकर घायल हुआ था। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों में आक्रोश फैल गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि हिरासत के दौरान अमित के साथ मारपीट की गई।इसके विरोध में बृहस्पतिवार को लोग निवाड़ी थाने के बाहर करीब एक घंटे तक एकत्र हुए और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। ्रबाद में अधिकारियों द्वारा सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने पर स्थिति नियंत्रण में आई।

## 25 वीं रजत जयंती वर्ष

# जिला स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

महावीर सामुदायिक केंद्र में फरीदाबाद जिला किकबॉक्सिंग संघ के तत्वावधान में दो दिवसीय 25वीं रजत जयंती जिला स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आज उद्घाटन हुआ एवं प्रतियोगिता प्रारम्भ हुई फरीदाबाद किकबॉक्सिंग संघ के संस्थापक महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूल एवं कॉलेज के लगभग 300 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। फरीदाबाद जिला किकबॉक्सिंग संघ के जिला उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता ने बताया कि आज सुबह उद्घाटन समारोह के अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता कविंदर फागना मुख्य अतिथि थे। समारोह की अध्यक्षता आनंद मेहता जिलाध्यक्ष क्रीड़ा भारती ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय कवि दिनेश रघुवंशी, अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के प्राचार्य संजीव कुमार गुप्ता, संस्कार के अध्यक्ष बृजभूषण गोयल, क्रीड़ा भारती फरीदाबाद के विभाग प्रमुख संदीप सिंह थे। जिला किक बॉक्सिंग संघ के अन्य पदाधिकारियों में अरुण सर्राफ, अजय अग्रवाल वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के मेडिकल समिति के चेयरमैन डॉ शतायु अग्रवाल, विश्वरूप रॉय चैधरी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## स्टार नाइटः एलिमेंट्स कलमायका 2026

# सिंगर रैपर दीप मनी ने कलमायका की स्टार नाइट में खूब समां बांधा

**डोप शोप से की शुरूआत, नए गाने एत्ता शुरुआत ही कराई, झूम उठे दर्शक**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम

लोकप्रिय सिंगर-रैपर दीप मनी ने अपनी धमाकेदार लाइव परफॉर्मेन्स से सभी के दिल जीत लिया।कार्यक्रम न केवल छात्रों बल्कि विश्वविद्यालय के सभी फैकल्टी सदस्यों, स्टाफ और उनके परिवारों की भारी उपस्थिति से भरा रहा। शो की शुरुआत दीप मनी ने अपने सुपरहिट गाने डोप शोप से की।

पहली धुन पर ही दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इसके बाद उन्होंने अपनी नई रिलीज हुई गाने एत्ता शुरुआत ही कराई..बाई, बाई, बाई को लाइव गाकर प्रमोट किया, जिसे दर्शकों ने खूब तालियां बजाकर समर्थन दिया।



छात्रों की मांग पर उन्होंने कई और पॉपुलर ट्रैक भी लाइव गाए और मुस्कुराते हुए कहा मैं यहां रिकॉर्डेड गाने गाने नहीं आया हूं। और पूरा यूनिवर्सिटी ग्राउंड तालियों से गूंज उठा और दर्शकों का दिल जीत लिया।

**अपने एनर्जेटिक गानों पर छात्रों को लगातार नचाया**

दीप मनी ने युवाओं से सीधा जुड़ाव बनाया और अपने एनर्जेटिक गानों पर छात्रों को लगातार नचाया। एक खास पल में उन्होंने फैकल्टी सदस्यों और स्टाफ को मंच पर बुलाकर उनके साथ डांस किया। अपनी विनम्रता का बेहतरीन उदाहरण देते हुए दीप मनी ने विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मियों को भी मंच पर आमंत्रित किया और उनके साथ सेल्फी भी ली। उनके इस जुड़ाव को दर्शकों ने खूब सराहा। शो का अंत में दीप मनी ने यूनिवर्सिटी दोबारा आने की इच्छा भी जताई। इस स्टार नाइट को डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. प्रदीप डिमरी तथा उनकी पूरी टीम और स्टूडेंट वालंटियर्स ने सफल बनाया।

## डॉग स्क्वाड पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

# पुलिस ने सेक्टर-12 कोर्ट परिसर में किया मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

कोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने और किसी भी संभावित आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पुलिस कमिश्नरेट फरीदाबाद द्वारा सहायक पुलिस आयुक्त अपराध-2, वरुण कुमार के नेतृत्व में आज सेक्टर-12 स्थित कोर्ट परिसर और आसपास के पार्किंग क्षेत्रों में एक मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि करीब 1 घंटा 30 मिनट चली इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल की कार्यक्षमता, तालमेल और त्वरित कार्रवाई का परीक्षण करना था।

## मुशायरे में अदबी सैलाब

# रचनाकारों ने मोहब्बत, जुदाई, तन्हाई , इंसानी जज़्बातों को पिरोया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम

शंकर लाल मुरलीधर मेमोरियल सोसाइटी और डीसीएम श्रीराम इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में बाराखंभा रोड स्थित मॉडर्न स्कूल में आयोजित 57वें शंकर शाद मुशायरे में देश के कोने-कोने से शायर पहुंचे। बरेली, मुंबई, जोधपुर, कानपुर और हैदराबाद से आए रचनाकारों ने मोहब्बत, जुदाई, तन्हाई और इंसानी जज़्बातों को अपने-अपने लहजे में पिरोया। मंच पर जावेद अख्तर और प्रो. वसीम बरेलवी जैसे दिग्गजों के साथ शीन काफ निज़ाम, राजेश रेड्डी, शकील आज़मी ने अपनी परिपक्व आवाज़ का जादू बिखेरा, तो ज़ुबैर अली ताबिश, हिना हैदर रिज़वी और अन्य युवा शायरों ने नई पीढ़ी की बेचैनी और संवेदनशीलता को स्वर दिया।

प्रो. वसीम बरेलवी के शब्द गज़ल शायर की नहीं, सुनने वाले की हो जाती है, जैसे पूरे माहौल में उतर गए। उनकी पेशकश के दौरान पसरी खामोशी ने साबित किया कि शायरी आज भी दिलों के सबसे भीतर तक पहुंचने की ताकत रखती है। डीसीएम श्रीराम इंडस्ट्रीज़ लि. के प्रबंध निदेशक माधव बंसीधर श्रीराम ने कहा कि डिजिटल शोर के इस दौर में यह मुशायरा सुकून की एक दुर्लभ जगह है, जहां लोग सिर्फ सुनते नहीं, महसूस भी करते हैं।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सार्थक मित्तल उर्फ गौरव, पुत्रः** दिनेश मित्तल, **निवासीः** एम–3, जीएस अपार्टमेंट, सेक्टर–13, रोहिणी, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 438/2020, U/s 279/338 IPC, थानाः के.एन. काटजू मार्ग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सार्थक मित्तल उर्फ गौरव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सार्थक मित्तल उर्फ गौरव** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 438/2020, U/s 279/338 IPC, थानाः के.एन. काटजू मार्ग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सार्थक मित्तल उर्फ गौरव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो ।

**आदेशानुसार**
**श्री हिमांशु सहलोथ**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–03 (उत्तर)**
**कमरा नं. 213, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/4496/RD/2026
(Court Matter)

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक जिले में रोहतक में मौजूदा नागरिक हस्पताल के प्रथम तल पर डीईआईसी का निर्माण (ईएलवी सेवाओं का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 09.04.2026 16.04.2026 | 25.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed- rohtak@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | नागरिक हस्पताल सिरसा के कैम्पस में स्ट्रीट/सिक्योरिटी लाइट्स का प्रावधान और फूड, ड्रग एडीएम ऑफिस, 2 अदद चिकित्सक आवासों और एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र/पीएनबीटी में ई.आई. की विशेष मरम्मत/मेन इलैक्ट्रिक रूम में वैद्युत वितरण पैनल का प्रावधान (लेखा शाखा/नशा मुक्ति केन्द्र में सौन्दर्यीकरण के ई.आई. आंतरिक कार्य का प्रावधान)। | 09.04.2026 16.04.2026 | 8.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | कि.मी. 0.00 से 6.000 टेल तक भुरथला डिस्टी. की आंतरिक सफाई + 6 कार्य। | 09.04.2026 15.04.2026 | 13.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059375563 xenmgcckd11@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | आरडी 115400/एल से आरडी 113200/एल तक पक्का पथ और गांव जलमाना के निकट आरडी 113200/एल पर नारदक डिस्टी. पर स्थाई पम्प हाउस का निर्माण + 1 कार्य। | 09.04.2026 16.04.2026 | 68.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2255291 knldivn335@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | आरडी 0 से 51500 तक गांधरा ड्रेन की आंतरिक सफाई + 10 कार्य। | बंद होने की तिथि 16.04.2026 | 61.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 6 | जिला परिषद फतेहाबाद | जमालपुर शेखां – गांव जमालपुर शेखां ब्लॉक टोहाना जिला फतेहाबाद में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 1 कार्य। | 08.04.2026 15.04.2026 | 0 | https://etenders.hry.nic.in | 01667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज रोहतक | गांव चिड़ी ब्लॉक लाखनमाजरा में गांव में पार्क (पंचायत समिति कार्य) में मिट्टी भराई। | 07.04.2026 13.04.2026 | 13.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416521482 sdoprlakhamajra@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज झज्जर | 61.03 :- गांव मांडोठी ब्लॉक बहादुरगढ़, जिला झज्जर में खेत रास्ता ढेरो वाला गोंडा का निर्माण + 4 कार्य। | 09.04.2026 16.04.2026 | 231.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466112077 prexeeng.jjr@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज करनाल | भादसों – गांव भादसों ब्लॉक इन्द्री, जिला करनाल में व्यायामशाला 4 एकड़ का निर्माण, स्कीम जीपी फंड + 2 कार्य। | 09.04.2026 20.04.2026 | 77.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 10 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | पाउडर रूप में आईएसआई मार्क्ड पॉली एल्यूमीनियम क्लोराइड की खरीद। | 10.04.2026 11.05.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2027/200/44607/I/88/7 दि. 10.04.26

## पेज एक का शेष

### 'शांति' पर ...

होगी? ये सवाल नहीं है। बड़ा सवाल है कि शांति होगी या नहीं? इस पर पूरी दुनिया चिंतित है। ईरान लेबनान में जारी इजराइली हमलों से नाराज है और इसी वजह से उसने बातचीत को लेकर सख्त रुख अपनाया है। अभी तक उसकी ओर से बैठक में शामिल होने को लेकर साफ संकेत नहीं मिले हैं। इससे पहले खबर आई थी कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान पहुंच चुका है, लेकिन ईरानी मीडिया ने इन दावों को खारिज कर दिया।

ये हैं बातचीत के प्रमुख मुद्दे?

**ईरान का न्यूक्लियर प्रोग्राम:** अमेरिका का कहना है कि ईरान में यूरेनियम संवर्धन नहीं होगा। ईरान को अपना सारा हाई-लीवल इनरिच्ड यूरेनियम बाहर करना होगा और न्यूक्लियर फैसिलिटीज बंद या सीमित करनी होंगी।

**स्ट्रेट ऑफ होर्मुज :** दुनिया का बहुत सारा तेल और गैस इसी रास्ते से गुजरता है। ईरान अभी भी इसका नियंत्रण रखना चाहता है और टोल (फीस) लेने की बात कर रहा है। वहीं, अमेरिका चाहता है कि रास्ता पूरी तरह खुला और सुरक्षित हो, बिना किसी रुकावट या फीस के।

**बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम :** अमेरिका ईरान की लंबी दूरी की मिसाइलों पर रोक लगाना चाहता है।

**प्रतिबंध हटाना :** ईरान चाहता है कि सभी अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध तुरंत हटा दिए जाएं, फ्रोजन असेट्स वापस मिलें और मुआवजा भी मिले।

### 45 दिनों के भीतर...

युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण पर भी खास जोर दिया गया है। इसके साथ ही बंगाल की सांस्कृतिक पहचान और गौरव को पुनर्स्थापित करने की बात भी इसमें प्रमुख रूप से शामिल है। भाजपा ने महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए राज्य में पुलिस बल सहित सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा किया है। इसके साथ ही 75 लाख महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य रखा गया है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हर मंडल में महिला थाने और महिला डेस्क स्थापित करने की योजना है, ताकि महिलाओं को बेहतर और त्वरित सहायता मिल सके। यह भी कहा गया है कि ऐसा माहौल तैयार किया जाएगा, जहां महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल न उठे और उन्हें किसी भी समय बाहर निकलने में असुरक्षा महसूस न हो। राज्य के विकास को गति देने के लिए व्यापक योजनाओं का खाका पेश किया गया है। इसके तहत कोलकाता मेट्रो का पूरी तरह विद्युतीकरण करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे यातायात व्यवस्था को आधुनिक और सुगम बनाया जा सके। रेलवे परियोजनाओं को तेजी देने के लिए एक साल के भीतर 61 प्रोजेक्ट्स के लिए भूमि उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है, ताकि ये परियोजनाएं विकास की मुख्य धुरी बन सकें। इसके साथ ही, सरकारी जमीनों से अवैध कब्जों को 200 दिनों के भीतर हटाने का लक्ष्य तय किया गया है। नदी-नालों में पेट्रोलिंग की एक नई आधुनिक तकनीक से युक्त वैज्ञानिक व्यवस्था करेंगे। अमित शाह ने कहा कि हाल ही में स्नातक पूरा करने वाले युवाओं को हर महीने 3,000 रुपये का भत्ता देने का वादा किया गया है, ताकि वे अपने करियर की शुरुआत में आर्थिक सहयोग प्राप्त कर सकें। इसके साथ ही, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को 15,000 रुपये की एकमुश्त आर्थिक सहायता देने की योजना भी शामिल है, जिससे उनकी पढ़ाई और तैयारी में मदद मिल सके।

### लेबनान में...

रूप में शामिल है। यूनिफिल की लेबनान की शांति और सुरक्षा को बनाए रखने में अहम भूमिका है। ऐसे में बड़े पैमाने पर हुए हमलों से जुड़ा यह समूचा घटनाक्रम हमारे लिए बहुत अधिक परेशान करने वाला है। लेकिन लेबनान में हमारा दूतावास भारतीय समुदाय की सुरक्षा के लिए उनके साथ निकट संपर्क में बना हुआ है।

**पीएम के निर्देश पर हो रही खाड़ी की यात्रा :** रणधीर के मुताबिक, एक ओर पश्चिम-एशिया संकट पर विदेश मंत्रालय की पैनी नजर बनी हुई है। जिसमें हम खाड़ी देशों के साथ करीब से जुड़े हुए हैं। तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर केंद्र सरकार के दो वरिष्ठ मंत्री खाड़ी देशों की यात्रा कर रहे हैं। जिसका उद्देश्य देश की ऊर्जा सुरक्षा को चाक-चौबंद बनाना है। विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर 11 से 12 अप्रैल तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा करेंगे। वहां उनकी यूएई के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय संबंधों, सहयोग को और अधिक गहराई प्रदान करने के मामले पर चर्चा होगी।

**पड़ोसी देशों की करते मदद :** भारत अपने पड़ोसी देशों की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में भी उन्हें सहयोग प्रदान कर रहा है। करीब दो सप्ताह पहले हमने कुल 38 हजार मीट्रिक टन पेट्रोलियम उत्पाद की श्रीलंका को आपूर्ति की है। साथ ही मॉरीशस की तेल और गैस की सप्लाई के लिए भी भारत-मॉरीशस की सरकारों के बीच (जीटूजी) एक समझौते को अंतिम रूप दिया गया है। जिसकी मॉरीशस की ऊर्जा सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत, मॉरीशस के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पश्चिम-एशिया संकट के दौरान दिए गए सहयोग को लेकर उनकी प्रशंसा की है।

**मजबूत होंगे भारत-कतर के ऊर्जा संबंध :** उन्होंने कहा कि केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी की कतर यात्रा जारी है। कतर, भारत का एक महत्वपूर्ण ऊर्जा सप्लायर देश है। पुरी की कतर में अपने समकक्ष मंत्री के साथ चर्चा हुई है। उन्होंने कतर के अमीर और पीएम-विदेश मंत्री को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भेजा गया संदेश सौंपा है। कतर के ऊर्जा मंत्री ने हरदीप पुरी को यह आश्वासन दिया है कि उनका देश भारत के लिए एक भरोसेमंद ऊर्जा सप्लायर है और भविष्य में भी नई दिल्ली के साथ अपने ऊर्जा संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**8 लाख 43 हजार लोग भारत लौटे:** प्रेस वार्ता में मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव असीम.आर.महाजन ने बताया कि हमारी क्षेत्र के हालात पर नजर बनी हुई है। मंत्रालय का कंट्रोल रूम पूरी तरह से सक्रिय है। हमारी शीर्ष प्राथमिकता पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी क्षेत्र में बड़ी तादाद में रह रहे भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कल्याण पर केंद्रित है। इलाके में देश के तमाम मिशन और दूतावास पूरी सतर्कता के साथ काम कर रहे हैं। जिन देशों में एयरस्पेस जहां खुला है, वहां से फ्लाइट्स लगातार ऑपरेट कर रही हैं। इसी क्रम में 28 फरवरी 2026 से लेकर अब तक कुल 8 लाख 43 हजार भारतीय सुरक्षित स्वदेश वापस लौटे हैं। ईरान की राजधानी तेहरान में मौजूद दूतावास की मदद से 2 हजार 180 लोग सुरक्षित ढंग से आर्मेनिया और अजरबैजान पहुंच गए हैं। वहां से जल्द ही उनकी देश वापसी होगी। 2 हजार 180 लोगों में 981 छात्र और 657 मछुआरे शामिल हैं। इजरायल का एयरस्पेस आंशिक रूप से खुला हुआ है और वहां से नियंत्रित रूप से हवाई उड़ानों का संचालन हो रहा है। भारत के लोग जॉर्डन और मिस्र के रास्ते वापस लौट रहे हैं। इराक का एयरस्पेस खुला है। वहां से भारतीय जॉर्डन और सऊदी अरब के रास्ते स्वदेश लौट रहे हैं।

**यूएई से आएंगी 95 उड़ान:** उन्होंने कहा, विभिन्न एयरलाइंस सीमित रूप से गैर पंजीकृत कमर्शियल उड़ानों का संचालन कर रही हैं। आज यूएई से 95 उड़ानों के भारत पहुंचने की संभावना है। कतर एयरस्पेस आंशिक रूप से खुला है। वहां से 8 से 10 उड़ान देश पहुंचेंगी। कुवैत का एयरस्पेस बंद है, वहां से जजीरा और कुवैत एयरवेज सऊदी-अरब के दम्माम एयरपोर्ट से अपनी उड़ानें भारत के अलग-अलग शहरों के लिए संचालित कर रहे हैं। बहरीन का एयरस्पेस खुला है, बहरीन एयरवेज ने वहां से सीमित गैर पंजीकृत उड़ानों के संचालन की योजना बनाई है। गल्फ एयर सऊदी अरब के दम्माम हवाईअड्डे से गैर पंजीकृत उड़ानों का संचालन कर रही है।

### लुधियाना से आए...

चलते नाव का संतुलन बिगड़ गए। जिससे नाव पैंटून पुल से टकरा गई और यमुना नदी में पलट गई। एसडीएम ऋतु सिरोही ने हादसे की वजह ओवरलोड बताया। यमुना में गोताखोर टीम लापता लोगों की तलाश कर रही है। सीएम योगी ने कहा कि घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाकर उनका इलाज शुरू किया गया।

**मृतकों की सूची:** मरने वालों में छह महिला और चार पुरुष शामिल हैं। इनमें आशा रानी पत्नी अर्जुन मिड्डा मिवासी भिवाड़ी हरियाणा, पिंकी पत्नी चरणजीत, कविता पत्नी विजय कुमार, मीनू, अंजू पत्नी राकेश गुलाटी, चरणजीत, रिकेश गुलाटी, मधुर बहल, इसान कटारिया, सपना निवासी जगराव पंजाब शामिल हैं।

### अगले महीने भारत ...

के राजदूत सर्जियो गोर ने 'एक्स' पोस्ट में बताया कि आज अपनी तीन दिवसीय (8 से 10 अप्रैल तक) वाशिंगटन यात्रा के तहत अमेरिका पहुंचे भारत के विदेश सचिव की विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ एक महत्वपूर्ण मुलाकात हुई है। अमेरिका के विदेश मंत्री अगले महीने भारत की यात्रा करने के लिए उत्सुक हैं। दोनों पक्षों की इस मुलाकात में, मैं भी व्यक्तिगत रूप से मौजूद रहा हूं और हमने दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में शामिल महत्वपूर्ण विषयों जैसे व्यापार, महत्वपूर्ण खनिज, रक्षा और क्वाड समूह के मामले पर चर्चा की है। गोर ने इस मुलाकात को उत्पादक बताते हुए कहा कि यह मुख्य रूप से द्विपक्षीय संबंधों पर केंद्रित रही है।

**क्षेत्रीय, वैश्विक मुद्दों पर हुई चर्चा :** उधर, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भी अपनी एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि विदेश सचिव ने अमेरिका के विदेश मंत्रालय में अवर सचिव एलिसन हुक के साथ भी एक सार्थक बैठक की है। दोनों पक्षों ने अपनी वार्ता के दौरान भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक संबंधों के संपूर्ण दायरे की समीक्षा की है। उनकी बातचीत में क्षेत्रीय, अंतरराष्ट्रीय मामलों का भी समावेश किया गया है। पैक्स सिलिका के तहत सहयोग को और अधिक गहराई प्रदान करने के साथ-साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और जटिल खनिजों के क्षेत्र में भी दोनों देश व्यापक जुड़ाव स्थापित करने पर राजी हुए हैं। इस मामले पर मिस्री की अमेरिका के आर्थिक मामलों के अवर विदेश सचिव जैकब.एस.हेलबर्ग के साथ भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया है।

**एफबीआई निदेशक पटेल से मिले मिस्री :** वाशिंगटन में भारत के दूतावास ने बताया कि भारतीय विदेश सचिव की अमेरिका की जांच एजेंसी एफबीआई के निदेशक काश पटेल से भी मुलाकात हुई है। दोनों ने आतंकवाद, संगठित अपराध और मादक पदार्थों के खिलाफ दोनों देशों के बीच मजबूत सहयोग पर जरूरी विचारों को साझा किया है।

### हरियाणा की मंडियों ...

प्रशासनिक अधिकारी लगातार मंडियों का दौरा कर रहे हैं ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को यहां आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर कटाक्ष किया कि 10 साल हरियाणा में कांग्रेस का शासन रहा और भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री रहे, उन्होंने शासन नहीं किया बल्कि राज किया। उनके राज में किसानों को क्या—क्या परेशानियां होती थी। उस दौरान किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए 3 से 7 दिन तक मंडियों के बाहर लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता था। बोरियों की सप्लाई भी नहीं होती थी। मंडी में पड़ी फसल भी बारिश में भिगती थी, तो किसान अपने पैसे से तिरपाल लेकर आता था। कांग्रेस बताए कि उन्होंने अपने 10 साल में फसल सुरक्षा के लिए कितने गोदाम बनाए हैं। कांग्रेस के समय में फसल के अंदर कटौती होती थी। इनके समय में सिस्टम बहुत धीमा था। किसानों को पैसा भी समय पर नहीं मिलता था। यहां तक कि इनके समय में ये मुआवजे के भी 2-2 रुपये के चैक किसानों को देते थे और किसान का मजाक बनाते थे। आज हमारी सरकार उन व्यवस्थाओं को ठीक कर रही है तो कांग्रेस को तकलीफ हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान की फसल का एक—एक दाना खरीदने का काम सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियां देश के लिए ठीक नहीं थी, बल्कि उनके परिवार के लिए ठीक थी। इनकी गलत नीतियों के कारण इन्होंने देश को पीछे धकेला। कांग्रेस के आज हालात ऐसे हो गए हैं, जैसे पानी के बाहर मछली को रख दिया हो।

**मंडियों में सरसों और गेहूं की सुचारू खरीद जारी:** मुख्यमंत्री ने फसल खरीद की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में गत 28 मार्च से सरसों की खरीद जारी है। अब तक मंडियों में 16 हजार 46 मीट्रिक टन सरसों की आवक हुई है। इसमें से 3 हजार 421 मीट्रिक टन सरसों की सरकारी खरीद की गई है। शेष सरसों निजी व्यापारियों द्वारा खरीदी गई है। मंडियों से 1 हजार 558 मीट्रिक टन सरसों का उठान करवाया जा चुका है। किसानों को 6 हजार 200 रुपये प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य के हिसाब से अब तक 4 करोड़ 94 लाख रुपये का भुगतान डी.बी.टी के माध्यम से उनके बैंक खातों में किया जा चुका है। इसी प्रकार, गत 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद भी जारी है। अब तक मंडियों में 17 लाख 37 हजार मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। इसमें से 3 लाख 92 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। अब बारिश रूकने के बाद उठान प्रकिया में तेजी आ जाएगी। किसानों को 2 हजार 585 रुपये प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य के हिसाब से अब तक 13 करोड़ 9 लाख रुपये का भुगतान डी.बी.टी के माध्यम से उनके बैंक खातों में किया जा चुका है। एक अन्य प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। जनता के प्रति हमारी जवाबदेही है। बैंक के मामले में जांच जारी है और यह मामला सीबीआई को सौंप दिया है। हालांकि, सारा पैसा ब्याज सहित वापिस आ चुका है।

### एक लाख गायों व ...

होगा, जो पूरी तरह से वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन और वेटरनरी साइंसेज को समर्पित होगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की परिकल्पना अनंत अंबानी ने की है। इस विश्वविद्यालय का शैक्षणिक मॉडल आधुनिक विज्ञान और भारत की पारंपरिक ज्ञान परंपराओं का संगम होगा।

### गुरुवायुर मंदिर गए...

ऐतिहासिक पूर्व गोपुरम के पुनर्स्थापन के लिए भी अलग से 12 करोड़ देने का संकल्प लिया।

MAX Healthcare | 25 YEARS OF SERVICE AND EXCELLENCE

**सार्वजनिक सूचना**

**उन परिवारों के लिए जिनकी वार्षिक आय ₹5,00,000/- से कम है**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (DGHS) द्वारा 02.01.2026 को जारी आदेश संख्या F.13 (906) /DGHS/HQ/EWS /2025/13-19 के अनुसार, और माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में, मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल (ए यूनिट ऑफ़ गुजरमल मोदी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर फॉर मेडिकल साइंसेज़) EWS (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) श्रेणी के उन रोगियों को मुफ्त ओ.पी.डी. और आई.पी.डी. उपचार प्रदान कर रहा है जिनकी वार्षिक आय 5,00,000/- रुपये से कम है।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया नीचे दिए गए नंबर पर हॉस्पिटल के नोडल ऑफिसर से संपर्क करें

**मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, साकेत**
(ए यूनिट ऑफ़ गुजरमल मोदी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर फॉर मेडिकल साइंसेज़)
मंदिर मार्ग, प्रेस एन्क्लेव रोड, साकेत, नई दिल्ली -110017
**श्री हंसराज** (नोडल ऑफिसर)
9810 243 328






# धुरंधर 2 हिंदी वर्जन में 1000 करोड़ कमाने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म बनी

**मुंबई।** इन दिनों 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर जमकर कलेक्शन कर रही है। हाल ही में फिल्म ने अपने नाम नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। हिंदी वर्जन ने 1000 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। साथ ही वर्ल्डवाइड भी यह फिल्म छप्परफाड़ कमाई कर रही है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इस बात की पुष्टि की। रिलीज के 22वें दिन यह रिकॉर्ड फिल्म 'धुरंधर 2' ने अपने नाम किया है। इस फिल्म के हिंदी वर्जन ने गुरुवार को 1009 करोड़ रुपए का कुल कलेक्शन कर लिया है। फिल्म धुरंधर 2 ने तमिल और तेलुगु वर्जन को मिलाकर भी 1,050.51 करोड़ रुपए कमाए लिए हैं। 23वें दिन की बात करें तो 'धुरंधर 2' ने 2.09 करोड़ रुपए की कमाई अब तक की है। यह फिल्म का शुरुआती कलेक्शन हैं। वहीं, 23वें दिन तमिल वर्जन ने 3 लाख रुपए और तेलुगु वर्जन ने 4 लाख रुपए अपने खाते में जमा किए हैं।

लाइफ Style

# सुनंदा जिंदादिली के लिए हैं मशहूर



सुनंदा शर्मा आजकल सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं जिसकी वजह कोई नया गाना नहीं, बल्कि उनके वो देसी और मजेदार वीडियो हैं जो इंटरनेट पर आग की तरह फैल रहे हैं। अक्सर हम स्टार्स को बड़ी गाड़ियों और प्राइवेट जेट्स में देखते हैं, लेकिन सुनंदा को कभी बस में यात्रियों को गुदगुदाते तो कभी ऑटो की अगली सीट पर बैठकर मजे लेते देखकर फैंस उनके दीवाने हो गए हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुनंदा शर्मा के शेयर किए वीडियोज में एक गजब का 'बेबाक' अंदाज है, जो दिखाता है कि एक बड़ी सेलिब्रिटी होने के बावजूद वह दिल से बिल्कुल जमीन से जुड़ी हुई हैं। सुनंदा शर्मा वायरल वीडियो में बस में मास्क लगाकर बैठी दिख रही हैं और फिर अचानक दाल-मखनी और मिस्सी रोटी की बातें छेड़ देती हैं और फिर खुद ही यह कहकर हंस पड़ती हैं कि जहाज के सफर करके हम पागल हो गए हैं। वे अपनी ट्रिप का लुत्फ किसी वीआईपी ट्रीटमेंट की तरह नहीं, बल्कि एक आम इंसान की तरह उठाती हैं। जब वह ऑटो में ड्राइवर के पास वाली सीट पर बैठकर अपने शो के लिए निकलीं, तो उन्होंने फैंस से अपनी लोकेशन बूझने को कहा। लोगों ने तुरंत पहचान लिया कि वह शाहजहांपुर में थीं और कई फैंस को इस बात का मलाल भी रहा कि वे अपनी पसंदीदा सिंगर से मिल नहीं पाए। उनका एक रेस्टोरेंट का वीडियो भी खूब वायरल हुआ, जिसमें वह पहले तो बड़ी गंभीरता से 'सिविक सेंस' और पब्लिक मैनर्स पर लेक्चर देने लगती हैं, लेकिन कुछ ही पलों में अपनी ही हंसी नहीं रोक पातीं। उनका अचानक से हंस पड़ना और अपनी टीम के साथ मस्ती करना, लोगों को बहुत पसंद आ रहा है क्योंकि इसमें कोई बनावटीपन नहीं दिखता। सुनंदा शर्मा अपनी ट्रिप के अलग-अलग वीडियो भी शेयर करती रहती हैं।

## हॉलीवुड मसाला

# टेलर -ट्रैविस ने शुरू की शादी की तैयारी



**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और एनएफएल स्टार ट्रैविस केल्स की शादी से जुड़ी सभी जानकारी सामने आ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और एनएफएल स्टार ट्रैविस केल्स ने अपनी शादी की तैयारी शुरू कर दी है और अपने करीबी दोस्तों और परिवार वालों को 'सेव द डेट' इनविटेशन भी भेज दिए हैं। खास बात ये है कि प्राइवेसी बनाए रखने के लिए मेहमानों से पहले ही एनडीए यानि नॉन-डिस्क्लोजर एग्रीमेंट साइन करवाया जा रहा है, ताकि शादी की कोई भी डिटेल बाहर न आए। पहले 13 जून को शादी की तारीख माना जा रहा था, लेकिन अब नई रिपोर्ट्स के अनुसार कपल 3 जुलाई को शादी कर सकता है। हालांकि, वेन्यू अभी तक सीक्रेट रखा गया है, लेकिन कहा जा रहा है कि शादी न्यू यॉर्क में हो सकती है।



# एक्टिंग छोड़ने वाली थीं सीरीज यू ने बदल दिया फैसला

**लॉस एंजिल्स।** जेना ओर्टेगा ने अपने अभिनय से दर्शकों का जीता था, सीरीज वेडनेस में उनके काम को खूब सराहा गया। इसके बाद भी इस एक्ट्रेस को लगा कि एक्टिंग को अलविदा कह देना चाहिए। दरअसल, ऐसा फैसला वह सोच-समझ कर ले रही थीं फिर जेना ने अपना फैसला बदल दिया। इसकी वजह उनका अगला प्रोजेक्ट 'यू' रहा। जेना ओर्टेगा ने बताया कि टीनएजर में आने उन्हें लगा कि वह एक्टिंग की दुनिया में अपना भविष्य नहीं देख पा रही हैं। जेना कहती हैं, 'मुझे नहीं पता था कि मैं और क्या करूंगी।' वह बताती हैं कि कास्टिंग डायरेक्टर्स के सामने बार-बार अपनी एक्टिंग की रेंज साबित करनी पड़ी, जिसकी वजह से उन्होंने एक्टिंग पूरी तरह से छोड़ने के बारे में सोचना शुरू कर दिया था। जेना ने आगे कहा, 'मुझे लगा कि अगर एक्टिंग छोड़नी ही है, तो यही सही समय है।' जेना ओर्टेगा के कॅरियर में टर्निंग पॉइंट साल 2019 में आया। जेना को सीरीज 'यू' के दूसरे सीजन में एली एल्व्स के रोल के लिए कास्ट किया गया। यह किरदार उनके कॅरियर को ऊंचाइयों पर ले गया। जेना के अभिनय को दर्शकों ने भी खूब पसंद किया। वह कहती हैं, 'मुझे यह सीरीज बहुत पसंद आई। मैंने इसकी शूटिंग पर बहुत अच्छा समय बिताया।




# दादी की शादी का पोस्टर रिलीज रिद्धिमा के साथ नजर आएंगी नीतू

**मुंबई।** कपिल शर्मा की नई फिल्म 'दादी की शादी' का पहला लुक सामने आ चुका है। इसमें नीतू कपूर और कपिल शर्मा सहित कई सितारे नजर आएंगे। इस फिल्म में नीतू अपनी बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी के साथ किसी फिल्म में पहली बार नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन आशीष आर मोहन ने किया है। निर्माताओं ने आज 'दादी की शादी' का पहला पोस्टर लुक शेयर किया है। इसके साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'दादी इंटरनेट पर धूम मचा रही हैं और सारे नियम तोड़ रही हैं। क्या परिवार उनके साथ है या उनके खिलाफ? दादी की शादी में, जनरेशन डी से जनरेशन जेड तक सभी आमंत्रित हैं।' दादी की शादी में कपिल शर्मा, नीतू कपूर, रिद्धिमा कपूर साहनी, दक्षिण के सुपरस्टार सरथ कुमार, निखत हेगड़े, तेजस्विनी कोल्हापुरे और सादिया खतीब सहित कई सहायक कलाकार हैं।



# भाईजान की अगली फिल्म में हुई राजपाल की एंट्री

**मुंबई।** अभिनेता राजपाल यादव बीते दिनों काफी मुश्किलों में रहे। मगर, अब उनकी किस्मत ने पलटी ले ली है। सलमान खान ने उन्हें अपनी फिल्म में साइन किया है और इसमें एक्टर-कॉमेडियन का किरदार बहुत अहम बताया जा रहा है। सलमान खान इन दिनों अपनी वॉर ड्रामा फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म के बाद वे निर्माता दिल राजू और निर्देशक वामशी पेडिपल्ली के साथ एक्शन फिल्म में काम करेंगे। फिल्म का नाम फिलहाल तय नहीं है। इसमें सलमान के साथ नयनतारा नजर आएंगी। वहीं, फिल्म की कास्ट में एक नए नाम के जुड़ने की अटकलें भी हैं। राजपाल यादव को फिल्म में लिया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सलमान खान ने कथित तौर पर राजपाल यादव को अपनी अगली एक्शन एंटरटेनर फिल्म में एक अहम किरदार निभाने के लिए साइन किया है।

## टीवी मसाला



# बबीता जी और चंपकलाल से अधिक भिड़े की नेट वर्थ, जेठालाल छुपे रुस्तम

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सबसे फेमस टेलीविजन शो में से एक रहा है। शो के किरदारों ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बना ली है। इन कलाकारों ने वर्षों से अपार प्यार पाया है और साथ ही अच्छी खासी संपत्ति भी बना ली है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की अपार लोकप्रियता के पीछे दिलीप जोशी का अहम योगदान रहा है। जेठालाल गड़ा के किरदार में उन्होंने अपने बेमिसाल ह्यूमर से दर्शकों के दिलों में जगह बनाई है। उन्होंने लगभग 47 करोड़ रुपए की कुल संपत्ति के साथ भारत के सबसे अमीर एक्टर्स में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाई है। अमित भट्ट ने शो की शुरुआत के कुछ ही समय बाद चंपकलाल गड़ा की भूमिका निभाकर शो में एंट्री की। वे एक ऐसे पिता हैं जिन्हें सभी किरदार और दर्शक भी प्यार करते हैं। उनकी लगभग 16.4 करोड़ रुपए की कुल नेट वर्थ है। टेलीविजन सीरियल में बबीता का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस मुनमुन दत्ता अपनी एक्टिंग के लिए मशहूर हैं। वह हमेशा से ही इस सीरियल का एक जाना-पहचाना चेहरा रही हैं। अब तक वह अपने करियर में काफी सफल रही हैं और उनकी कुल नेट वर्थ लगभग 40 करोड़ रुपए बताई जाती है। सोनालिका जोशी शो में माधवी भिड़ें के रोल में हैं और हमेशा से इससे जुड़ी रही हैं। उन्होंने अपने बिजनेस को भी बखूबी संभाला है। शो में अपने रोल के कारण वह घर-घर में जानी-मानी हस्ती बन चुकी हैं।

## सुदेश की पत्नी ने बेटा-बहू के सामने दौड़ाकर पीटा!

**नई दिल्ली।** भारत की पसंदीदा रसोई को इस हफ्ते 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' के बैसाखी उत्सव के साथ पूरी तरह से पंजाबी रंग में रंग दिया गया है। उत्सव की शुरुआत ढोलक की थाप से होती है, जो



माहौल को जोश से भर देती है। इसके बाद कलाकार पंजाबी बोलियों के दौर में उतरते हैं, जो सबसे ज्यादा मजेदार है। हंसी-मजाक से शुरू होकर, हर कोई एक-दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश करता है, और हर कुछ सेकंड में पूरा कमरा हंसी से गूंज उठता है। वहीं, कश्मीरा के साथ राजपाल यादव का डांस देख लोग अलग मजे ले रहे हैं। और जब सुदेश निया शर्मा के साथ फ्लर्ट करते हैं, तभी सुदेश लहरी की पत्नी बिल्लो जी अपने परिवार के साथ 'आज ना छोड़ूंगी तुझे' गाने की धुन पर आती हैं, जिससे पहले से ही शोरगुल से किचन भर जाता है। खाना पकाने का सेगमेंट मस्ती को एक मजेदार मोड़ के साथ खत्म होता है, जिसमें एक्टर्स गुड़ पारे को पतंग की तरह आकार देने की कोशिश करते हैं - यह चुनौती देखने में जितनी आसान लगती है, उससे कहीं ज्यादा कठिन साबित होती है। सुदेश लहरी कहते हैं, 'बैसाखी हमेशा से मेरे दिल के बहुत करीब रही है।

# एक्शन और प्यार का कॉम्बो है मृणाल-अदिवि की डकैत

**मुंबई।** इन दिनों सिनेमाघरों में फिल्म 'धुरंधर 2' का कब्जा है। 19 मार्च को रिलीज हुई इस फिल्म ने कमाई के मामले में कई बड़े रिकॉर्ड ध्वस्त कर डाले। कई फिल्मों को धूल चटा दी। अब तक इसके आसपास कोई फिल्म फटक तक नहीं पा रही थी। हालांकि, शुक्रवार 10 अप्रैल को 'डकैत' ने दस्तक दी है। फिल्म 'डकैत' में अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर लीड रोल में हैं। इस फिल्म में एक्शन है भी है और इमोशंस भी। 'डकैतः एक प्रेम कहानी' एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। इसमें हरि (आदिवी शेष) की कहानी दिखाई गई है, जिसे अपनी पूर्व प्रेमिका सरस्वती (मृणाल ठाकुर) के कारण गलत तरीके से जेल में डाल दिया जाता है। फिर वह जेल से भागकर एक डकैती की योजना बनाता है। मदनपल्ले क्षेत्र में फिल्माई गई यह फिल्म प्रतिशोध, जातिगत राजनीति और जबरन विश्वासघात से संबंधित है।



## शनेल देव ने किया है निर्देशन

फिल्म डकैत का निर्देशन शनेल देव ने किया है। इस फिल्म में आदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप मुख्य भूमिका में हैं। इनके अलावा फिल्म में जैन मैरी खान, कामाक्षी भास्करला, प्रकाश राज, साउथ एक्टर सुनील और अतुल कुलकर्णी सहायक भूमिकाओं में हैं। 'डकैत' कलाकारों की भूमिकाएं- मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मृणाल ठाकुर ने फिल्म 'डकैतः ए लव स्टोरी' में अपने रोल के लिए 2.5 करोड़ रुपए लिए हैं। इस जबरदस्त एक्शन फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे आदिवी शेष ने 3 करोड़ से 7 करोड़ रुपए के बीच फीस ली है। फिल्म का कुल अनुमानित बजट 80 करोड़ से 100 करोड़ रुपए के बीच है।

# अनंत को सलमान-शाहरुख ने पलकों पर बिठाया

**मुंबई।** मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी ने 10 अप्रैल को जामनगर में भव्य समारोह आयोजित करके अपना 31वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। आधी रात होते ही फिल्म जगत से अरबपति अंबानी को ढेरों शुभकामनाओं का तांता लग गया, जिनमें बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान और शाहरुख खान सबसे आगे रहे और उन्होंने बर्थडे बॉय को प्यार और शुभकामनाओं से सराबोर कर दिया। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अनंत के साथ कुछ प्यारी और खुशनुमा तस्वीरें शेयर करते हुए उन्हें अपना छोटा भाई बताया। एक तस्वीर में सलमान अनंत को प्यार से गले लगाते हुए नजर आ रहे हैं। सलमान ने काले रंग की शर्ट और जींस पहनी हुई है। वे अनंत को गले लगाने के लिए झुके हुए हैं, जबकि अनंत आंखें बंद करके मुस्कुरा रहे हैं। तस्वीरें पोस्ट करते हुए सलमान ने लिखा, 'सबसे निस्वार्थ, दयालु इंसान और कई लोगों के लिए प्रेरणास्रोत... मेरे छोटे भाई अनंत को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।' सलमान ने कुछ और फोटोज भी पोस्ट कीं, जिसमें वो अनंत के कंधे पर चढ़े हुए थे और दोनों मुस्कुरा रहे थे। फोटो के साथ सलमान ने कैप्शन में लिखा, 'ये बात सुनो अगर याददाश्त कमजोर हो तो लिख लो... ये आदमी देश को भी उठाएगा... मेरे छोटे भाई अनंत जिंदाबाद... दिल और दिमाग का अंबानी, अनंत अंबानी।'



## अपने काम से लोगों के चेहरे पर लाते रहें मुस्कान

शाहरुख खान ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अनंत को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'अनंत अंबानी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं आप इसी तरह अच्छे काम करते रहें और सकारात्मकता और सच्चाई को कायम रखें। अपना अच्छा काम जारी रखें और अपने काम से लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाते रहें। ईश्वर आपको हमेशा अच्छे स्वास्थ्य और खुशियों से नवाजे।' रणवीर सिंह ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अनंत को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। रणवीर ने अनंत के साथ एक मजेदार तस्वीर पोस्ट की और लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो भाई (किस इमोजी)।' एक्टर संजय दत्त ने भी अनंत के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, 'अनंत मेरे भाई, तुम सबसे दयालु और प्यारे भाई हो जो किसी को भी मिल सकते हैं। मैं महादेव से प्रार्थना करता हूं कि तुम स्वस्थ रहो और अपने सभी कामों में सफल हो। हमेशा खुश रहो और मेरे लिए हमेशा की तरह प्यारे भाई बने रहो। जन्मदिन मुबारक हो, भगवान तुम्हें आशीर्वाद दें! हर हर महादेव।'

## रिलीज हो रहीं एक्शन और थ्रिलर से भरपूर फिल्में-सीरीज

# इस वीकएंड ओटीटी पर होगी मनोरंजन की बरसात

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सिनेमाघरों में धुरंधर 2 सजी हुई है। यह फिल्म शानदार प्रदर्शन कर रही है। 10 अप्रैल को अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की फिल्म डकैत ने भी दस्तक दे दी है। थिएटर्स जाने के लिए ये दोनों फिल्में ही पर्याप्त बहाना है। मगर, वीकएंड पर अगर बदलते मौसम को देखते हुए या अन्य वजह से घर से निकलने का मन नहीं है और घर पर ही कुछ बढ़िया देखना है, तो ओटीटी पर भी कई विकल्प हैं।

### ओ'रोमियो

शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत फिल्म 'ओ रोमियो' सिनेमाघरों के बाद आखिर ओटीटी पर भी आ गई है। यह फिल्म आज शुक्रवार 10 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है। विशाल भारद्वाज निर्देशित यह फिल्म सच्ची घटनाओं से इंस्पायर एक रिवेंज ड्रामा है। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पटानी, रणदीप हुड्डा, फरीदा जलाल और विक्रांत मैसी जैसे कलाकार भी हैं।



### थाई किझावी

यह एक तमिल ड्रामा है। इसमें राधिका सरतकुमार ने 70 साल की एक गुस्सैल साहूकार का रोल किया है। शिवकुमार मुरुगेसन ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। 'थाई किझावी' ने 150 करोड़ रुपए का कलेक्शन जुटाया था। अब यह फिल्म ओटीटी पर आ गई है। शुक्रवार 10 अप्रैल से यह जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम गई है।

### तू या मैं

यह फिल्म भी ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। इस वीकएंड इस फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं। इसका निर्देशन बिजॉय नांबियार ने किया है। 'तू या मैं' एक सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें शनाया कपूर और आदर्श गौरव लीड रोल में हैं। यह फिल्म थाई मूवी 'द पूल' का आधिकारिक रीमेक है। यह 10 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो गई है।

### थ्रैश

यह एक शार्क सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है, जो 10 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। वीकएंड पर इसे देख सकते हैं। इसमें एक शहर में भयानक समुद्री तूफान आता है और साथ ही खतरनाक शार्क हमला शुरू कर देती हैं। लोग अपने बचाव के लिए संघर्ष करते हैं।

### द बॉयज सीजन 5

यह एक सुपरहीरो सीरीज है, जिसका आखिरी सीजन शुरू हो रहा है। 'होमलैंडर' और 'बुचर' के बीच की आखिरी जंग देखने के लिए बेताब फैंस का इंतजार आखिर इस वीक पूरा होगा। यह सीरीज 8 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

### बिग मिस्टेक्स

डैन लेवी के इस शो में आपको कॉमेडी और थ्रिलर दोनों का डोज मिलेगा। कहानी दो भाई-बहनों की है, जो अनजाने में खुद को संगठित अपराध की दुनिया में फंसा हुआ पाते हैं। यह शो 09 अप्रैल 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है।

### यूफोरिया' सीजन 3

हॉलीवुड की चर्चित सीरीज 'यूरोफिया' अपने नए सीजन के साथ वापसी कर रही है। यह करीब चार साल के इंतजार के बाद आ रही है। सस्पेंस, थ्रिल और एक्शन से भरपूर सीरीज में हॉलीवुड एक्ट्रेस जेंडाया लीड रोल में हैं। साथ ही एरिक डेन, त्रिशा पेटस, जैकब एलोर्डी, नताशा लियोन, एली रोथ और क्वामे पैटरसन जैसे सितारे भी नजर आएंगे। यह सीरीज 12 अप्रैल से एचबीओ मैक्स पर स्ट्रीम होगी।

## खबर संक्षेप

### आरक्षक भर्ती परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित

**भोपाल।** मप्र पुलिस में आरक्षक पदों पर भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया गया है। यह भर्ती प्रक्रिया मप्र कर्मचारी चयन मंडल ने संपन्न कराई है। इसके अंतर्गत 7500 पदों के लिए अगस्त 2025 में विज्ञापन जारी किया गया था। उक्त भर्ती के लिए प्रदेशभर से 9 लाख से अधिक अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए गए थे। लिखित परीक्षा के उपरांत शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए 57,990 अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया। जिसमें 44,483 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। सभी चरणों के सफलतापूर्वक पूर्ण होने के पश्चात आज अंतिम परिणाम घोषित कर दिया गया है। घोषित परिणाम के अनुसार कुल 6,525 अभ्यर्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया गया है।

### मप्र युवा कांग्रेस के 38 पदाधिकारियों के पद होल्ड

**भोपाल।** मप्र युवा कांग्रेस में काम में कोताही बरतने वाले नेताओं पर राष्ट्रीय नेतृत्व ने सख्त एक्शन लिया है। चुनाव संपन्न हुए अभी मात्र चार महीने ही बीते हैं, लेकिन एप के जरिए हुए परफॉर्मेंस रिव्यू में फेल पाए गए 38 पदाधिकारियों के पदों को तत्काल प्रभाव से 'होल्ड' कर दिया गया है। इनमें 8 प्रदेश महासचिव, 27 प्रदेश सचिव और 3 जिला अध्यक्ष शामिल हैं। आदेश मध्य प्रदेश के प्रभारी महासचिव शिवी सिंह चौहान और सह-प्रभारियों के हस्ताक्षर से जारी किया है।

### मध्य प्रदेश में 383 शराब ठेकों के लिए खुले टेंडर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में शेष 383 शराब ठेकों के लिए गुरुवार को दोपहर तीन बजे के बाद 16वें राउंड के टेंडर खोल दिया गया है। अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने के कारण आबकारी विभाग ने इस बार रिजर्व प्राइस में 35 प्रतिशत तक कटौती कर ठेकेदारों को आकर्षित करने की रणनीति बनाई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 19,952 करोड़ रुपए का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 3,170 दुकानों से करीब 16,800 करोड़ रुपए प्राप्त होना तय है। वहीं, बची हुई 383 दुकानों की आरपी करीब 2000 करोड़ है।

## 399 करोड़ खर्च कर होगा रीवा एयरपोर्ट का विस्तार

# एयरबस-320 उतरने लायक बनेगा रीवा एयरपोर्ट रनवे होगा 2600 मीटर, रात में भी उतर सकेंगे प्लेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सरकार रीवा एयरपोर्ट का विस्तार करने जा रही है। अभी रीवा एयरपोर्ट का रनवे महज 1800 मीटर है। यह एयरपोर्ट अभी भी बड़े विमान और रात्रि लैंडिंग के लायक नहीं है। अब एयरपोर्ट पर 320 सीटर तक का विमान रनवे पर उतारने के लिए 399 करोड़ रुपए की राशि खर्च कर इसका विस्तार किया जाएगा। इसके बाद रनवे की लंबाई 2600 मीटर हो जाएगी। रात के समय भी विमान उतर सकेगा। आसपास के 200 किमी की परिधि वाले जिलों तथा उप्र के प्रयागराज व मिर्जापुर जिले के साथ ही अन्य जिलों के लोगों को सहूलियत मिलेगी। इस आशय का प्रस्ताव मप्र के विमानन विभाग ने तैयार किया है।

**अभी रीवा एयरपोर्ट का रनवे महज 1800 मीटर**

### वर्तमान में रीवा से दिल्ली, इंदौर, रायपुर के लिए उड़ानें



दरअसल, मौजूदा समय में रीवा एयरपोर्ट का विस्तार के बाद भी यहां 72 एटीआर विमान रनवे पर उतरने लायक ही है, लेकिन बड़े विमान और रात्रि लैंडिंग की व्यवस्था नहीं है। इस समय रीवा एयरपोर्ट से मप्र सरकार की विमान नीति के तहत रीवा से दिल्ली सप्ताह में तीन दिन एलाइंस कंपनी (एयर इंडिया) की फ्लाइट मिलती है, जबकि इंडिगो की रीवा से इंदौर के लिए सप्ताह में 7 दिन और रीवा से रायपुर के लिए हफ्ते में तीन दिन हवाई सेवा चल रही है। अब एयरपोर्ट का रनवे बढ़ाकर 2600 मीटर करने के बाद उस पर बड़े विमान भी उतरने लगेंगे।

### रनवे के विस्तार के लिए 140 एकड़ भूमि का किया जाएगा अधिग्रहण

रीवा एयरपोर्ट में 72 एटीआर विमान उतारने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मई 2025 में एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था। अभी विस्तार के बाद एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई 1800 मीटर है, लेकिन बड़े 320 सीटर विमान उतारने के लिए 2600 मीटर रनवे बनाया जाएगा। साथ ही रात्रि में विमान लैडिंग करने व्यवस्था की जाएगी। रनवे का विस्तार करने और रात्रि लैंडिंग की सुविधा मुहैया कराने पर करीब 399 करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी। इसके लिए कैबिनेट में प्रस्ताव लाकर ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। रनवे के विस्तार के लिए 140 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा।

### मप्र, छग और उप्र को मिलेगा लाभ

सूत्रों ने बताया कि यदि रीवा एयरपोर्ट पर 320 सीटर एटीआर विमान उतरने लगेंगे, तो इसका फायदा विंध्य क्षेत्र ही नहीं, बल्कि रीवा से प्रयागराज आने-जाने वाले पर्यटकों को भी फायदा मिलेगा। चूंकि अभी प्रयागराज में एयरफोर्स का एयरपोर्ट है। वहां सीमित संख्या में भी विमान उतरते हैं। वाराणसी में जरूर बड़े विमान उतरते हैं, पर वहां भी कुछ असुविधा है। साथ ही रीवा से इलाहाबाद, वाराणसी, मिर्जापुर और सिंगरौली सहित छत्तीगढ़ के रायपुर आने-जाने की सुविधा लोगों को मिल सकेगी। जबकि रीवा से प्रयागराज, इलाहाबाद, मिर्जापुर और वाराणसी की दूरी 120 से लेकर 150 किमी है और विमान से सफर करने से समय की बचत होगी।

## कंपनी ने नर्मदापुरम में 14.24 करोड़ के 5 कार्य लिए, बगैर कार्य किए ले लिया भुगतान

# अधीक्षण यंत्री ने ब्लैक लिस्ट करने मुख्य अभियंता को भेजा पत्र, नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के नर्मदापुरम संभाग में एक ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। अधीक्षण यंत्री की रिपोर्ट के बाद भी मुख्य अभियंता ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की। अधीक्षण यंत्री ने जिस कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने की अनुशंसा की है, उसी कंपनी से मुख्य अभियंता के सीधे जुड़े होने का आरोप लग चुका है। हालांकि उस वक्त भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। मामले को पूरी तरह दबा दिया गया। बालाघाट की कंपनी यूएस इंफ्रा प्रोजेक्ट को नर्मदापुरम में करीब 14.24 करोड़ से ज्यादा के 5 काम मिले थे।

किंतु इस कंपनी ने एक भी कार्य ठीक से नहीं किया। इसके बदले में कंपनी ने करीब 10 करोड़ रुपए का भुगतान बगैर काम के ले लिया। सूत्रों ने बताया कि पहले तो इस मामले में जमकर लीपापोती हुई, बगैर काम के बिल लगा दिया गया। तत्कालीन इंजीनियरों को कथित रूप से दबाव देकर कंपनी को 80% से ज्यादा का भुगतान करा दिया। बताते हैं कि मौजूदा अधीक्षण यंत्री योगेंद्र कुमार ने शिकायत के आधार पर जब सभी पांचों सड़कों की जांच कराई, तो बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ। उन्होंने तत्काल इसकी रिपोर्ट मुख्य अभियंता संजय मस्के को भेजी।

*अधीक्षण यंत्री ने शिकायत की, मुख्य अभियंता पर ही कंपनी को कार्य दिलाने का लग चुका है आरोप, अब फंसा पेंच*

**यूएस इंफ्रा प्रोजेक्ट को तत्काल काली सूची में डाला जाए**



अधीक्षण यंत्री ने अपने पत्र में कार्यपालन यंत्री नर्मदापुरम संभाग के एक पत्र का हवाला देते हुए स्पष्ट तौर पर कहा कि मेसर्स यूएस इंफ्रा प्रोजेक्ट बालाघाट को तत्काल काली सूची में डाला जाना चाहिए। (इसकी छाया प्रति हरिभूमि के पास उपलब्ध), क्योंकि इस कंपनी ने 5 सड़कों का निर्माण अनुबंध के आधार पर नहीं किया। इस कंपनी ने पूर्व के इंजीनियरों से मिलीभगत कर 80% से ज्यादा पेमेंट भी प्राप्त कर लिया। उन्होंने पांचो सड़कों का सिलसिले ब्यौरा भी दिया है। सबसे मजेदार तथ्य है कि अधीक्षण यंत्री के पत्र के बाद मुख्य अभियंता भोपाल संभाग मस्के ने इस पर कार्रवाई करने के बजाय ठंडे बस्ते में डाल दिया। अब जैसे ही इसका खुलासा हुआ, उच्च स्तर पर शिकायतें हुई, इसके बाद हंगामा मच गया।

### कंपनी को 9 ठेकों में करोड़ों रुपए का हुआ भुगतान

मेसर्स यूएस इंफ्रा प्रोजेक्ट को नर्मदापुरम में मालखेड़ी से रायपुर रोड के लिए 3 करोड़ 71 लाख का ठेका दिया गया। 2024 को कार्यपूर्ण दिखाकर दो करोड़ एक लाख रुपए का भुगतान किया गया। दूसरा इटारसी नर्मदापुरम रैसल रोड के लिए एक करोड़ 61 लख रुपए का ठेका 2024 में हुआ। इसमें से 51 लख रुपए का भुगतान कर दिया गया। गुराडिया से भिलरिया रोड के लिए दो करोड़ 28 लख रुपए का ठेका कंपनी को दिया गया। इसमें से एक करोड़ 54 लाख रुपए का भुगतान किया गया। इसी तरह अन्हाई से जमुनिया रोड के लिए चार करोड़ 16 आख रुपए का ठेका कंपनी को मिला इसमें से तीन करोड़ 51 लाख रुपए का भुगतान कर दिया गया। किंतु मौके पर यह कार्य पूर्ण नहीं पाया गया। इसकी रिपोर्ट कार्यपालन मंत्री ने अधीक्षक यंत्री को दी थी। अधीक्षण यंत्री में मुख्य अभियंता को पत्र भेजकर कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने और पूरी राशि वसूल करने या कार्य दोबारा से कराने की अनुशंसा की थी। अभी तक इस मामले में मुख्य अभियंता भोपाल ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

### कार्रवाई न करने के पीछे यह है पेंच

दरअसल, पिछले वर्ष जनवरी 2025 में छिंदवाड़ा के विकास गुप्ता ने शपथ पत्र देकर मुख्य अभियंता मस्के पर सनसनीखेज आरोप लगाए थे। (शपथपत्र की प्रति हरिभूमि के पास उपलब्ध) इसकी शिकायत उन्होंने मुख्यमंत्री व अन्य अधिकारियों से की थी। उन्होंने यूएस इंफ्रा को मिले 9 ठेको का डिटेल देते हुए मस्के के मिलीभगत का आरोप भी लगाया था। गुप्ता ने भोपाल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि यूएस इंफ्रा प्रोजेक्ट के उर्वशी टेमरे और मुख्य अभियंता संजय मस्के से मुझे जान का खतरा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कंपनी को 16 करोड़ रुपए से अधिक का ठेका 2024 और 2025 में मिलीभगत से मिला। उन्होंने इसकी लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू से जांच कर सख्त कार्रवाई करने और सुरक्षा करने की मांग की।

## पतंजलि अनुसंधान संस्थान लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित



एजेंसी ▶▶ हरिद्वार

- यह पुरस्कार मात्र एक सम्मान नहीं, पतंजलि के वैज्ञानिकों की वर्षों की मेहनत, समर्पण और वैज्ञानिक सोच का परिणाम - आचार्य बालकृष्ण

वैज्ञानिक उत्कृष्टता और नवाचार की अपनी निरंतर यात्रा को आगे बढ़ाते हुए, पतंजलि अनुसंधान संस्थान ने एक बार पुनः राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है। संस्थान को डॉ पीडी सेठी राष्ट्रीय एचपीटीएलसी पुरस्कार 2025 में प्राइवेट इंडस्ट्री कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पिछले वर्ष भी संस्थान को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ था। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार संस्थान को उनके आंवला के बीज तेल पर किए गए उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए मिला, जिसमें इसके शक्तिशाली एंटी-माइक्रोबियल और बायोफिल्म रोधी गुणों को उजागर किया गया है। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यह पुरस्कार मात्र एक सम्मान नहीं, पतंजलि के वैज्ञानिकों की वर्षों की मेहनत, समर्पण और वैज्ञानिक सोच का परिणाम है। आगे उन्होंने कहा की यह हर उस वैज्ञानिक के समर्पण की जीत है जो प्रतिदिन विश्व को एक सुगम, सुरक्षित और प्रभावी समाधान प्रदान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने इस अवसर पर बताया कि डॉ पीडी सेठी राष्ट्रीय एचपीटीएलसी पुरस्कार देश में एनालिटिकल केमिस्ट्री के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध को पहचान देने वाला एक प्रतिष्ठित मंच है। इस मंच पर लगातार दूसरी बार पुरस्कार प्राप्त करना संस्थान के लिए गर्व का विषय है, और यह संस्थान की सुदृढ़ वैज्ञानिक आधारशिला को दर्शाता है। ज्ञात हो कि आंवला बीज के तेल पर किए गए इन शोधों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना मिली है।

## महिला से दुष्कर्म के बाद निर्मम तरीके से की थी आरोपी ने हत्या

# बहुचर्चित रेप कांड के फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**अंबिकापुर।** बहुचर्चित महिला रेप-हत्या कांड के फरार इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पांडा उर्फ मिथुन को घटना के आठवें दिन शुक्रवार को एमसीबी जिले के चिरमिरी से पकड़ा गया है। उसकी गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही अंबिकापुर पुलिस टीम चिरमिरी के लिए रवाना हो गई है। जानकारी के अनुसार, यह घटना 2-3 अप्रैल की दरमियानी रात रिंग रोड से लगे एक मटन शॉप में हुई थी। महिला के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी निर्मम हत्या कर दी गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला के निजी अंग में प्लास्टिक की बोतल मिली थी। उसकी पसलियों की 12 हड्डियां टूटी थीं और फेफड़े व दिल फटे थे। सिर पर भी गहरे चोट के निशान पाए गए थे। पुलिस जांच में आरोपी की पहचान पांडा उर्फ मिथुन के रूप में हुई। वह घटना के बाद से फरार चल रहा था। आरोपी पहले से महिला के संपर्क में था और दोनों साथ में कबाड़ बीनने का काम

### आरोपी को पुलिस ने चिरमिरी से किया गिरफ्तार

आरोपी मूल रूप से सूरजपुर जिला के प्रतापपुर का निवासी है। वह पिछले करीब सात वर्षों से अंबिकापुर में रह रहा था। घटना के बाद आरोपी को अंतिम बार रेलवे स्टेशन के पास देखा गया था। उसकी सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मिली थी। पुलिस ने उसकी तलाश में सिलफिली क्षेत्र में ड्रोन कैमरों की मदद से सर्च ऑपरेशन चलाया था। पूरे संभाग के थानों में आरोपी का फोटो और स्केच भेजा गया था। सरगुजा पुलिस महानिरीक्षक ने 30 हजार रुपये और पुलिस अधीक्षक ने पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

## पुलिस ने जारी किया विशेष हेल्पलाइन नंबर

# अब लोगों को मिल सकेगी जाम से राहत, नई ट्रैफिक व्यवस्था लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बढ़ती ट्रैफिक समस्या को देखते हुए यातायात पुलिस ने एक नई व्यवस्था लागू की है, जिससे शहरवासियों को जाम से राहत मिल सकेगी। अब किसी भी सड़क पर जाम लगने की स्थिति में लोग सीधे पुलिस से संपर्क कर तुरंत मदद प्राप्त कर सकेंगे।

इस पहल के तहत एक विशेष हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है, जिस पर कॉल या मैसेज के जरिए ट्रैफिक जाम की जानकारी दी जा सकती है। सूचना पर पुलिस टीम को मौके पर भेजा जाएगा, ताकि जल्द से जल्द यातायात सामान्य किया जा सके। पुलिस प्रशासन ने शहर के ट्रैफिक को बेहतर तरीके से नियंत्रित करने तकनीक का सहारा भी लिया है। कंट्रोल रूम से पूरे शहर की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी, जहां आईटीएमएस सिस्टम के जरिए ट्रैफिक की रियल-टाइम मॉनिटरिंग होगी।

ऑनलाइन मैपिंग सिस्टम का उपयोग इसके साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग भी बढ़ाया गया है। इससे पुलिस को उन स्थानों की पहचान करने में आसानी होगी, जहां यातायात का दबाव ज्यादा है। नागरिकों के लिए भी यह व्यवस्था फायदेमंद साबित होगी। लोग अपने मोबाइल पर ट्रैफिक की स्थिति देखकर पहले से ही वैकल्पिक रास्तों का चयन कर सकेंगे, जिससे समय की बचत होगी और अनावश्यक भीड़ से बचा जा सकेगा।

## कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम नथिया के पास की घटना, घायलों का इलाज जारी

# दो कारों के बीच जबरदस्त टक्कर, मासूम समेत 7 की दर्दनाक मौत, 3 गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



जिले से एक दर्दनाक और वीभत्स्य घटना सामने आई है। यहां पर दो कारों की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना कोतवाली थाने क्षेत्र के ग्राम नथिया के पास की है। बताया जाता है कि बीती रात दो कारों में जबर्दस्त भिड़ंत हो गई। इस घटना में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि लखनपुरी निवासी आरक्षक का परिवार शादी कार्यक्रम के लिए कांकेर आया था। देर रात कार्यक्रम से वापस लौटने के दौरान ये हादसा हुआ और हादसे में आरक्षक का पूरा परिवार ही खत्म हो गया। परिवार के सात सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। नथिया गांव के पास सामने से आ रही कार से टक्कर हो गई। हादसे में एक सात साल के बच्चे समेत छह लोगों की मौत हो गई, जबकि सामने वाली कार के चालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घटना के बाद घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जबकि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।



### सिपाही का पूरा परिवार खत्म

इस हृदय विदारक घटना में कुंती नेताम पत्नी, शगुनदास नेताम दामाद, मकतुला नेताम बहन, वंश नेताम भांजा, दीना यादव रिश्तेदार, जहुरा जुर्री रिश्तेदार जबकि मुरहा उसेंडी, उदित जुर्री, ड्राइवर विश्वजीत नेताम ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

## प्रदेशभर में किया विरोध प्रदर्शन, सरकार और कलेक्टरों पर साधा निशाना

# गेहूं खरीदी समेत किसानों के मुद्दों को लेकर सड़क पर उतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में गुरुवार से चार संभागों में गेहूं खरीदी शुरू हो गई है। इस बार गेहूं खरीदी देरी से शुरू होने के पीछे सरकार इजराइल-ईरान युद्ध का हवाला दे रही है। ऐसे में गेहूं खरीदी में देरी पर कांग्रेस ने प्रदेशभर में प्रदर्शन किया। खंडवा में कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़कर कलेक्ट्रेट पहुंचकर जमकर नारेबाजी की।

करीब 5 हजार से ज्यादा कांग्रेसी प्रदर्शन में शामिल हुए। रतलाम में जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कृषि उपज मंडी में धरना दिया गया। भोपाल-श्योपुर में भी कांग्रेस ने नारेबाजी की। कांग्रेस पटवारी ने आरोप लगाया कि सरकार ने रणनीतिक तरीके से घोटाला किया है। बारदाने की कमी का बहाना बनाकर गेहूं खरीदी नहीं की गई। यह किसानों को धोखा देने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि किसान कल्याण वर्ष होने के बावजूद मध्य प्रदेश में किसानों का शोषण हो रहा है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी जिला कलेक्टर कार्यालयों का घेराव कर रही है। दो दिन बाद प्रदेशभर में किसानों के साथ उपवास किया जाएगा। साथ ही उज्जैन में किसानों को लेकर डॉ. मुख्यमंत्री मोहन यादव के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

**खरीदी बंद होने पर पटवारी ने कलेक्टर को किया फोन, जताई**



कृषि उपज मंडी में हम्मालों की हड़ताल के चलते गुरुवार को खरीदी बंद होने पर किसानों ने मंडी के सामने सड़क पर चक्काजाम कर दिया। इसी दौरान छतरपुर जा रहे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की कार को किसानों ने रोक लिया और अपनी समस्याएं बताईं। किसानों की शिकायत पर पीसीसी चीफ ने सागर कलेक्टर संदीप जीआर को फोन लगाकर मंडी की अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई। खरीदी शुरू कराने को कहा। पटवारी ने शाम 7 बजे तक समाधान न होने पर वापस आने की चेतावनी दी।

**सिंघार ने श्वान के गले में डाला ज्ञापन, बोले-जनता की नहीं सुनी तो ऐसे ही होगा अपमान**

सीहोर जिले में किसानों के प्रदर्शन के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने प्रशासन के खिलाफ अनोखे और विवादित तरीके से विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कुत्ते के गले में ज्ञापन की कॉपी डालकर कलेक्टर पर निशाना साधा और कहा कि यदि प्रशासन आम जनता की आवाज नहीं सुनेगा, तो इस तरह का अपमान किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान सिंघार ने कहा कि जिले के नए कलेक्टर जनता की समस्याओं को नहीं सुन रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि यही रवैया जारी रहा, तो ऐसे अधिकारियों के खिलाफ विरोध और तेज होगा।



### भोपाल में कलेक्टोरेट पर कांग्रेस का प्रदर्शन



सरकार ने किसानों को कर्ज जमा करने के लिए 31 मार्च की तारीख तय की थी, जिसकी वजह से अधिकतर किसान डिफाल्टर हो गए हैं। इधर जिले में 9 अप्रैल से सिर्फ साइलो केंद्र में ही खरीदी शुरु की गई है। गुरुवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना और ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनोखी मानसिंह पटेल के साथ पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कलेक्टोरेट के गेट के बाहर प्रदर्शन किया।

### सात दिन में सफाई व्यवस्था नहीं सुधरी तो करेंगे सफाई सत्याग्रह



कोलार ब्लॉक कांग्रेस ने नगर निगम अधिकारियों को कोलार के सभी वार्डों में साफ सफाई की व्यवस्था दुरूस्त करने करने के लिए चेतावनी ज्ञापन सौंपा है। कोलार कांग्रेस अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़ ने कहा कि अगर सात दिन में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं हुई तो कोलार के सभी वार्डों में कांग्रेस कार्यकर्ता गली-गली में झाड़ू लगाकर सफाई सत्याग्रह करेंगे।

### न्यायिक मजिस्ट्रेट को परिवार सहित जान से मारने की धमकी

**बालोद।** जिले में एक न्यायिक मजिस्ट्रेट को धमकी दी गई है। गुंडरदेही में पदस्थ प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रशांत कुमार देवांगन को एक बंद लिफाफा प्राप्त हुआ, जिसमें उन्हें और उनके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई है मजिस्ट्रेट ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद अपराध पंजीबद्ध करने के साथ पत्र की जांच करते हुए मजिस्ट्रेट और उसके परिवार की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पत्र लिखने वाले ने खुद को नक्सली बताया है। हालांकि, पुलिस इस दावे की प्रमाणिकता की जांच कर रही है कि यह वास्तव में नक्सलियों का काम है या किसी शरारती तत्व की साजिश। धमकी के साथ-साथ 3 करोड़ रुपये की फिरौती की मांग की गई है। मजिस्ट्रेट ने इस गंभीर विषय को लेकर गुण्डरदेही थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना (प्रकाशन हेतु)**

निविदा संख्या-46265134 के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए कार्यरत सहायक सामग्री प्रबंधक के द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्न प्रकार है:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम: | Inter - Vehicle Couplers for 3 Phase MEMU (Medha) for Augmentation of Rakes as per Annexure Attached | | |
| कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 7915440/- | मात्रा | 12 सेट |
| निविदा की बोली प्रस्तुत (जमा) करने की तिथि एवं समय | 15.05.2026 (11:00 Hrs.) | | |
| निविदा दस्तावेजों को खोलने की तिथि एवं समय | 15.05.2026 (11:00 Hrs.) | | |
| वेबसाइट की विवरण, जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in | | |

टिप्पणी :- (i) ई-निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई-प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेजे देखें। (iii) कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है।

एनआईटी संख्या: 46265134 दिनांक: 10.04.2026 1220/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# देर से सही, लेकिन देना ही पड़ा इस्तीफा

नोटकांड में फंसे इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को देर से ही सही, लेकिन आखिरकार इस्तीफा देना ही पड़ा। यह केवल एक व्यक्ति का पद छोड़ना नहीं, बल्कि भारतीय न्यायपालिका की साख पर लगे एक गहरे दाग की स्वीकारोक्ति जैसा ही है। एक जज के घर से बोरियों में भारी मात्रा में नोटों का मिलना, वह भी आग लगने जैसी घटना के बाद, किसी साधारण अनियमितता का मामला नहीं हो सकता। यह सीधे-सीधे उस नैतिकता और शुचिता पर सवाल है, जिसकी उम्मीद न्यायाधीशों से की जाती है। होली 2025 की रात दिल्ली स्थित सरकारी आवास में आग लगने के बाद जले हुए नोटों की गड्डियां मिलने की घटना ने देश को चौंका दिया था। इसके बाद शुरू हुई जांच, ट्रांसफर, और न्यायिक कार्य से दूरी, ये सभी घटनाक्रम बताते हैं कि मामला कितना गंभीर था। दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट में स्थानांतरण भी कई सवाल छोड़ गया। क्या यह एक अस्थायी समाधान था या वास्तविक कार्रवाई से बचने का रास्ता? भारतीय लोकतंत्र में न्यायपालिका को सबसे भरोसेमंद स्तंभ माना जाता है, लेकिन जब सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हुई जांच के बाद भी इस तरह के आरोप सामने आते हैं, तो जनता का विश्वास डगमगाना स्वाभाविक है। न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए, बल्कि होता हुआ दिखना भी चाहिए। इस मामले ने इसी बुनियादी सिद्धांत को चुनौती दी है। सबसे बड़ा सवाल जवाबदेही का है। क्या किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए इस्तीफा ही पर्याप्त दंड है? या फिर इसके आगे आपराधिक जांच और सख्त कार्रवाई भी होनी चाहिए? संसद में महाभियोग की प्रक्रिया जरूर मौजूद है, लेकिन इसकी जटिलता और लंबाई इसे अक्सर अप्रभावी बना देती है। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि जस्टिस वर्मा ने आरोपों को साजिश बताया, जबकि सुप्रीम कोर्ट की कमेटी द्वारा करवाई गई जांच में उन्हें दोषी ठहराया गया। ऐसे विरोधाभासी दावों के बीच पारदर्शिता और निष्पक्षता की मांग और तेज हो जाती है। क्या जांच की पूरी रिपोर्ट सार्वजनिक की जानी चाहिए? क्या जनता को यह जानने का अधिकार नहीं है कि आखिर सच क्या है? इस पूरे घटनाक्रम ने न्यायपालिका के भीतर की इन-हाउस प्रणाली पर भी कई बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या यह प्रणाली इतनी सक्षम है कि वह अपने ही भीतर की गड़बड़ियों को निष्पक्षता से उजागर कर सके? या फिर इसमें बाहरी निगरानी की जरूरत है? यह समय इन सवालों से बचने का नहीं, बल्कि उनका सामना करने का है। देश में न्यायपालिका की ताकत उसकी नैतिक विश्वसनीयता में निहित होती है। अगर यही आधार कमजोर पड़ने लगे, तो पूरे लोकतांत्रिक ढांचे पर असर पड़ता है। इसलिए यह जरूरी है कि इस मामले को केवल एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना मानकर भुला न दिया जाए, बल्कि इसे एक चेतावनी के रूप में भी लिया जाए। अब जरूरत है न्यायपालिका में ठोस सुधारों की। जजों के लिए आचार संहिता को और कड़ा किया जाए, नियुक्ति और निगरानी प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाया जाए और आरोप साबित होने पर त्वरित व सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। न्यायपालिका की स्वतंत्रता उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी उसकी जवाबदेही। अंततः, देर से ही सही लेकिन न्याय की जीत हुई है। चूंकि देर-सबेर जस्टिस वर्मा को इस्तीफा देना ही था। लेकिन यशवंत वर्मा का इस्तीफा एक अंत नहीं, बल्कि शुरुआत होना चाहिए एक ऐसे सुधार की, जो न्यायपालिका को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और भरोसेमंद बना सके। लोकतंत्र में न्याय का मंदिर तभी मजबूत रहेगा, जब उसकी नींव पूरी तरह निष्कलंक हो।



जयंती विशेष

नरेंद्र मोदी

# ज्योतिराव फुलेः भारत के दिव्य पथ-प्रदर्शक

आज भारत के महान समाज सुधारकों में से एक तथा पीढ़ियों को दिशा दिखाने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती है। हम उनके विचारों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। हमें शिक्षा के प्रति अपने संकल्प को मजबूत करना होगा। अन्याय के प्रति संवेदनशील बनना होगा और यह विश्वास रखना होगा कि समाज अपने प्रयासों से ही खुद को बेहतर बना सकता है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि समाज की शक्ति को जनहित और नैतिक मूल्यों से जोड़कर भारत में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। आज भी उनके विचार करोड़ों लोगों में नई उम्मीद जगाते हैं। महात्मा फुले 200 साल बाद भी केवल इतिहास का नाम नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के मार्गदर्शक बने हुए हैं।

आज 11 अप्रैल हम सभी के लिए बहुत विशेष दिन है। आज भारत के महान समाज सुधारकों में से एक और पीढ़ियों को दिशा दिखाने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले की जन्म-जयंती है। इस वर्ष यह अवसर और भी अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनके 200वें जयंती वर्ष का शुभारंभ भी हो रहा है। महान समाज सुधारक महात्मा फुले का जीवन नैतिक साहस, आत्म चिंतन और समाज के हित के लिए अटूट समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। महात्मा फुले को केवल उनकी संस्थाओं या आंदोलनों के लिए ही याद नहीं किया जाता, बल्कि उन्होंने लोगों के मन में जो आशा और आत्मविश्वास जगाया, उसका व्यापक प्रभाव हम आज भी महसूस करते हैं। उनके विचार देशवासियों के लिए प्रेरणापुंज हैं।

महात्मा फुले का जन्म 1827 में महाराष्ट्र में एक बहुत साधारण परिवार में हुआ, लेकिन शुरुआती चुनौतियां कभी उनकी शिक्षा, साहस और समाज के प्रति समर्पण को नहीं रोक पाईं। उन्होंने हमेशा यह माना कि चाहे कितनी भी कठिनाइयां क्यों न आएं, इंसान को मेहनत करनी चाहिए, ज्ञान हासिल करना चाहिए और समस्याओं का समाधान करना चाहिए, न कि उन्हें अनदेखा करना चाहिए। बचपन से ही महात्मा फुले बहुत जिज्ञासु थे और अपनी उम्र के अन्य बच्चों की अपेक्षा कहीं अधिक पुस्तकें पढ़ते थे। वो कहते भी थे, "हम जितना ज्यादा सवाल करते हैं, उनसे उतना ही अधिक ज्ञान निकलता है।" साफ है कि बचपन से मिली जिज्ञासा उनकी पूरी यात्रा में बनी रही। महात्मा फुले के जीवन में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण मिशन बनी। उनका मानना था कि ज्ञान किसी एक वर्ग की संपत्ति नहीं, बल्कि एक ऐसी शक्ति है, जिसे सभी के साथ साझा किया जाना चाहिए। जब समाज के बड़े हिस्से को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, तब उन्होंने लड़कियों और वंचित वर्गों के लिए स्कूल खोले। वे कहते थे, "बच्चों में जो सुधार मां के माध्यम से आता है, वह बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसलिए अगर स्कूल खोले जाएं, तो सबसे पहले लड़कियों के लिए खोले जाएं।" उन्होंने शिक्षा को न्याय और समानता का माध्यम बनाया। शिक्षा के प्रति उनका दृष्टिकोण हमें आज भी बहुत प्रेरित करता है।

पिछले एक दशक में भारत ने युवाओं के लिए रिसर्च और इनोवेशन को बहुत प्राथमिकता दी है। एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने का प्रयास किया गया है, जिसमें युवा सवाल पूछने, नई चीजें सीखने और इनोवेशन के लिए प्रेरित हों। ज्ञान, कौशल और अवसरों में निवेश करके भारत अपने युवाओं को देश की प्रगति का आधार स्तंभ बना रहा है। अपने शैक्षिक ज्ञान और बौद्धिकता से महात्मा फुले ने कृषि, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों की गहरी जानकारी हासिल की। वे कहते थे कि किसानों और मजदूरों के साथ अन्याय समाज को कमजोर करता है।

उन्होंने देखा कि सामाजिक असमानताएं खेतों और गांवों में लोगों के जीवन को कैसे प्रभावित करती हैं। इसलिए उन्होंने गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों को सम्मान दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के



लिए भी हरसंभव प्रयास किए। महात्मा फुले ने कहा था, "जोपर्यंत समाजातील सर्वांना समान अधिकार मिळत नाहीत, तोपर्यंत खरे स्वातंत्र्य मिळत नाही" यानी जब तक समाज के सभी लोगों को समान अधिकार नहीं मिलते, तब तक सच्ची आजादी नहीं मिल सकती। इसी विचार को जमीन पर उतारने के लिए उन्होंने कई संस्थाओं की स्थापना की। उनका सत्यशोधक समाज, आधुनिक भारत के सबसे महत्वपूर्ण समाज सुधार आंदोलनों में से एक था। यह आंदोलन सामाजिक सुधार, सामुदायिक सेवा और मानवीय गरिमा को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा था। यह महिलाओं, युवाओं और गांवों में रहने वाले लोगों की पुरजोर आवाज बना।

यह आंदोलन उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि समाज की मजबूती के लिए न्याय, हर व्यक्ति के प्रति सम्मान और सामूहिक प्रगति जरूरी है। उनका व्यक्तिगत जीवन भी साहस की मिसाल रहा। लगातार लोगों के बीच रहकर काम करने का असर उनके स्वास्थ्य पर भी पड़ा। लेकिन गंभीर बीमारी भी उनके संकल्प को कमजोर नहीं कर सकी। एक गंभीर स्ट्रोक के बाद भी उन्होंने अपना काम और समाज के लिए संघर्ष जारी रखा। उनका शरीर कमजोर हुआ, लेकिन समाज के प्रति उनका समर्पण कभी नहीं डगमगाया। आज भी करोड़ों लोग उनके जीवन के इस पहलू से प्रेरणा लेते हैं। महात्मा फुले का स्मरण, सावित्रीबाई फुले के सम्मानजनक उल्लेख के बिना अधूरा है।

वह स्वयं भारत की महान समाज सुधारकों में से एक थीं। भारत की पहली महिला शिक्षिकाओं में शामिल सावित्रीबाई ने लड़कियों की शिक्षा को आगे बढ़ाने में बेहद अहम भूमिका निभाई। महात्मा फुले के निधन के बाद भी उन्होंने इस कार्य को जारी रखा। 1897 में प्लेग महामारी के दौरान उन्होंने मरीजों की इतनी सेवा की कि वह स्वयं भी इस बीमारी की शिकार हो गईं और उनका निधन हो गया। भारतभूमि बार-बार ऐसी महान विभूतियों से धन्य होती रही है, जिन्होंने अपने विचार, त्याग और कर्म से समाज को मजबूत बनाया है। उन्होंने बदलाव का इंतजार नहीं किया, बल्कि स्वयं बदलाव का माध्यम बने। सदियों से हमारे देश में समाज सुधार की आवाज उन्हीं लोगों से उठी है, जिन्होंने पीड़ा को भाग्य नहीं माना, बल्कि उसे खत्म करने के प्रयासों में जुटे रहे। महात्मा ज्योतिराव फुले भी ऐसे ही महान व्यक्तित्व थे। मुझे 2022 में पुणे की अपनी यात्रा याद है, जब मैंने शहर में महात्मा फुले की भव्य प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उनके 200वें जयंती वर्ष की शुरुआत पर हम उनके विचारों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। हमें शिक्षा के प्रति अपने संकल्प को मजबूत करना होगा। अन्याय के प्रति संवेदनशील बनना होगा और यह विश्वास रखना होगा कि समाज अपने प्रयासों से ही खुद को बेहतर बना सकता है।

उनका जीवन हमें सिखाता है कि समाज की शक्ति को जनहित और नैतिक मूल्यों से जोड़कर भारत में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। यही कारण है कि आज भी उनके विचार करोड़ों लोगों में नई उम्मीद जगाते हैं। महात्मा ज्योतिराव फुले 200 साल बाद भी केवल इतिहास का नाम नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के मार्गदर्शक बने हुए हैं।

(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं,, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विचार

राजेश अग्रवाल



# साय के नेतृत्व में बस्तर बनेगा ग्लोबल टूरिज्म हब

कभी नक्सलवाद की चुनौतियों से जूझने वाला बस्तर अब शांति, विकास और पर्यटन की नई पहचान गढ़ रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह द्वारा नक्सलवाद के खात्मे की घोषणा के बाद बस्तर में विकास की रफ्तार तेज हो गई है और अब यह क्षेत्र राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार ने पर्यटन को उद्योग का दर्जा देकर एक ऐतिहासिक पहल की है, जिसके अंतर्गत होटल, इको-टूरिज्म, वेलनेस सेंटर और एडवेंचर स्पोर्ट्स जैसे क्षेत्रों में 45 प्रतिशत तक सब्सिडी एवं प्रोत्साहन पैकेज प्रदान किए जा रहे हैं। इससे निजी निवेश को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में बस्तर को एक विश्वस्तरीय पर्यटन हब के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। हमारी प्राथमिकता है कि बस्तर की प्राकृतिक सुंदरता, जनजातीय संस्कृति और पारंपरिक विरासत को संरक्षित रखते हुए आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जाए। पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने और आकर्षक सब्सिडी नीति के माध्यम से हम देश-विदेश के निवेशकों को आमंत्रित कर रहे हैं। इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। राज्य सरकार का लक्ष्य बस्तर को ऐसा पर्यटन केंद्र बनाना है जहां पर्यटक सुरक्षित, सहज और समृद्ध अनुभव प्राप्त कर सकें। नक्सलवाद के समाप्त होने के बाद बस्तर में शांति और सुरक्षा का वातावरण बना है, जो पर्यटन विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण आधार है। आने वाले समय में बस्तर देश ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित होगा।

**चित्रकोट बनेगा अंतरराष्ट्रीय पर्यटन केंद्रः** बस्तर के प्रमुख पर्यटन स्थल चित्रकोट जलप्रपात को विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए तीर्था गांव में लगभग 50 लग्जरी टेंट, साहसिक गतिविधियों और आधुनिक सुविधाओं से युक्त टेंट सिटी परियोजना प्रस्तावित है, जिसमें करीब 25 करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है। इसके साथ ही "इंडिजिनस नेचर रिट्रीट" जैसी महत्वाकांक्षी परियोजना के माध्यम से लगभग 250 करोड़ रुपये के निवेश से चित्रकोट को अंतरराष्ट्रीय स्तर का डेस्टिनेशन बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान और धुड़मारास गांव को वैश्विक पहचान मिल रही है। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा धुड़मारास को विश्व के श्रेष्ठ पर्यटन ग्रामों में शामिल किए जाने से बस्तर की पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत हुई है। राज्य सरकार की होमस्टे नीति के माध्यम से ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे स्थानीय समुदायों को आर्थिक लाभ मिलने के साथ पर्यटकों को बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति का अनुभव भी प्राप्त हो रहा है।

**बेहतर कनेक्टिविटी से आसान होगा सफर :** बस्तर क्षेत्र में कनेक्टिविटी सुधार के लिए रावघाट-जगदलपुर रेल परियोजना सहित कई सड़क एवं परिवहन परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिससे पर्यटकों की पहुंच आसान होगी। "बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट" के माध्यम से पर्यटन क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित किया जा रहा है, वहीं मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन के तहत पर्यटन स्थलों के उन्नयन, स्वच्छता, पेयजल, अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी और पर्यटक सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**प्राकृतिक सौंदर्य और संस्कृति का अनमोल संगम :** बस्तर पंडुम जैसे भव्य आयोजनों के माध्यम से जनजातीय संस्कृति, लोकगीत, नृत्य और हस्तशिल्प को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया जा रहा है। इसके साथ ही युवाओं को टूरिस्ट गाइड के रूप में प्रशिक्षित कर उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा होमस्टे, रिसॉर्ट, वुडन कॉटेज और कैफेटेरिया जैसी सुविधाओं के विकास के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिससे बस्तर टूरिज्म सर्किट को सशक्त बनाया जा सके।

**नई पहचान की ओर बस्तरः** नक्सलवाद के अंत के बाद बस्तर अब शांति, विकास और पर्यटन की नई पहचान के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बस्तर को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। अब बस्तर केवल अपने अतीत की चुनौतियों के लिए नहीं, बल्कि समृद्ध जनजातीय संस्कृति, अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य और विकास की नई संभावनाओं के लिए पहचाना जाएगा।

-पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग कैबिनेट मिनिस्टर, छत्तीसगढ़ शासन

# हर अपराधी में होता है सहायता के लिए पुकारता एक इंसान



श्री श्री रविशंकर

## दर्शन

विश्वास और संवाद का टूटना ही सभी संघर्षों को जन्म देता हैं। लेकिन जब किसी को यह महसूस होता है कि उसे समझा जा रहा है, तो वह सुनना शुरू करता है और सबसे कठोर हृदय भी धीरे-धीरे पिघलने लगता है। गहरी समझ यह है कि हर अपराधी के भीतर एक पीड़ित छिपा होता है, जो सहायता के लिए पुकार रहा होता है, एक ऐसी चोट जो देखभाल चाहती है। यदि आप उन्हें ठीक होने में सहायता करें और यह अनुभव दें कि उनकी बात को सुना जा रहा है तो अपराधी स्वतः ही विलीन हो जाता है।

**करुणा, प्रज्ञा और वैराग्य का अंतर्संबंध**

यदि आप मेरी दृष्टि से देखें, तो वे सभी सुंदर हैं। यह सब समझने, सुनने और करुणामय होने की बात है। करुणा कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे हम मांगें या जिसके लिए किसी के कहने का इंतजार करें। करुणा हमारा स्वभाव है, हमारी मूल प्रकृति। करुणा को सशक्त बनाए रखने के लिए उसके साथ दो और गुणों का होना आवश्यक है-प्रज्ञा और वैराग्य। यदि इनमें से कोई एक भी अनुपस्थित हो, तो करुणा अपनी शक्ति खो देती है। प्रश्न उठता है कि कोई व्यक्ति करुणामय होते हुए भी विरक्त कैसे रह सकता है।

# अनुकरण अच्छा, अंधानुकरण नहीं



संकलित

## प्रेरणा

एक गाँव में दो युवक रहते थे। दोनों में बड़ी मैत्री थी। जहाँ जाते साथ-साथ जाते। एक बार दोनों एक धनी व्यक्ति के साथ उसकी ससुराल गए। किसी धनी व्यक्ति के साथ रहने का यह पहला अवसर था, सो वे अपने धनी मित्र की प्रत्येक गतिविधि ध्यान से देखते रहे। गरमियों के दिन थे। रात में उक्त युवक के लिए शयन की व्यवस्था खुले स्थान पर की गई। पर्याप्त शीतलता बनी रहे इसके लिए वहाँ चारों तरफ जल छिड़का गया और रात को ओढ़ने के लिए बहुत ही हलकी मखमली चादर दी गई। अन्य दोनों युवकों ने इतना ही जाना कि इस तरह का रहन-सहन बड़प्पन की बात है। कुछ दिन बाद उन्हें भी अपनी-अपनी ससुराल जाने का अवसर मिला पर वे दिन गरमी के न होकर शीत के थे। नकल तो नकल ही है। दोनों ने अपना बड़प्पन जताने के लिए बिस्तर खुले आकाश के नीचे लगवाया, लोगों के लाख मना करने पर भी उन्होंने बिस्तर के आस-पास पानी भी छिड़कवाया और ओढ़ने के लिए कुल एक-एक चादर वह भी हलकी ली। रात को पाला पड़ गया सो दोनों को निमोनियाँ हो गया। चिकित्सा कराई गई तब कठिनाई से जान बची। इतनी कथा सुनाने के बाद गुरुजी ने शिष्य को समझाया– ' तात ! उचित और अनुचित का विचार किए बिना जो औरों का अनुकरण करता है वह मूर्ख ऐसे ही संकट में पड़ता है जैसे वह दोनों युवक।' !

## अंतर्मन




## आज की पाती

### युद्धविराम से उभरती नई विश्व व्यवस्था की दिशा

मध्य पूर्व में पिछले चालीस दिनों से जारी तनाव और संघर्ष के बाद जब अमरीका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा हुई, तो यह केवल दो देशों के बीच शांति का क्षण भर का प्रयास नहीं था, बल्कि वैश्विक राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में सामने आया। इस संघर्ष ने न केवल क्षेत्रीय स्थिरता को चुनौती दी, बल्कि विश्व अर्थव्यवस्था, ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर भी गहरा प्रभाव डाला। ऐसे में यह युद्धविराम आशा की एक किरण के रूप में देखा जा रहा है, किंतु इसके पीछे छिपी जटिलताएं और भविष्य की अनिश्चितताएं भी उतनी ही गंभीर हैं। होर्मुज स्ट्रेट, जो विश्व की ऊर्जा आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग है, संघर्ष का केंद्र बन गया था। **-कांतिलाल मांडोत**, सूरत

## करंट अफेयर

# उ. कोरिया एवं चीन सहयोग और गहरा करने पर सहमत



उत्तर कोरिया और चीन के विदेश मंत्रियों ने अपने देशों के बीच सहयोग को और गहरा करने पर सहमति जताई तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर ''गहन विचार-विमर्श'' किया। दोनों देशों के सरकारी मीडिया संस्थानों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चीन के विदेश मंत्री वांग यी बृहस्पतिवार को प्योंगयांग पहुंचे। यह पिछले सात वर्ष में उत्तर कोरिया की उनकी पहली यात्रा है। चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने कहा कि वांग और उत्तर कोरिया की विदेश मंत्री चोए सोन हुई ने अपनी बैठक में मौजूदा अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की लेकिन उन्होंने इन मुद्दों के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। उत्तर कोरिया की सरकारी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने बताया कि दोनों पक्ष विदेश नीति से जुड़े मामलों को संभालने वाली अपनी एजेंसियों के बीच रणनीतिक संवाद मजबूत करने पर भी सहमत हुए। किसी भी समाचार संस्थान ने यह नहीं बताया कि चोए और वांग ने अमेरिका पर चर्चा की या नहीं, या फिर पश्चिम एशिया के युद्ध जैसे अन्य मुद्दों पर बात हुई या नहीं। वांग ने उत्तर कोरिया की यात्रा ऐसे समय की है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मई में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ पुनर्निर्धारित शिखर सम्मेलन के लिए बीजिंग जाने वाले हैं।

## ऑफ बीट

# मानव शरीर का 'डिजाइन परफेक्ट' नहीं : अध्ययन



मानव शरीर में रीढ़ अर्थात स्पाइन इस तर्क का सबसे अच्छा उदाहरण है। हमारी कशेरुक स्तंभ यानी वर्टिब्रल कॉलम का विकास चार पैरों वाले, पेड़ों पर रहने वाले पूर्वजों से हुआ, जहां इसका मुख्य कार्य लचीलेपन के साथ शाखाओं के बीच चलना और स्पाइनल कॉर्ड की रक्षा करना था। जब मनुष्य सीधा चलने लगा, तो रीढ़ को शरीर का वजन संभालने और संतुलन बनाए रखने की अतिरिक्त जिम्मेदारी मिली तथा उस पर दबाव बढ़ा। रीढ़ का लचीलापन वजन को संतुलित करने में मदद करता है, लेकिन इससे कमर दर्द, डिस्क खिसकने और अन्य समस्याओं का खतरा भी बढ़ता है। ये समस्याएं इसलिए आम हैं क्योंकि रीढ़ वह काम कर रही है, जिसके लिए वह मूल रूप से विकसित नहीं हुई थी। गर्दन में मौजूद 'रिकरेंट लेरिंजियल नर्व' भी एक असामान्य संरचना का उदाहरण है। यह नस वेगस नर्व की शाखा है तथा हृदय की गति और आराम और पाचन के दौरान धड़कन तथा श्वांस को नियंत्रित करती है। यह बोलने व निगलने में भी मदद करती है। सीधे रास्ते से मस्तिष्क से गले तक जाने के बजाय यह नस पहले छाती में नीचे जाती है, एक प्रमुख धमनी के चारों ओर घूमती है और फिर वापस गले तक आती है। यह जटिल मार्ग किसी बुद्धिमान डिजाइन का परिणाम नहीं, बल्कि मछली जैसे पूर्वजों से विरासत में मिला है।

## ट्रेंड

### सफलता की कुंजी



आपकी परिस्थितियां, संघर्ष और सपने ही आपको अद्वितीय बनाते हैं। इसलिए, अपनी क्षमताओं और खूबियों को पहचानें और फिर पूर्ण समर्पण के साथ आगे बढ़ें। यही संतुलन सच्ची खुशी व सफलता की कुंजी है।

**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### महत्वपूर्ण बदलाव



संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण अब देश में बेहद खुशी और उत्साह का क्षण है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने इस अधिनियम को लाने के लिए इतना बड़ा प्रयास किया। यह एक महत्वपूर्ण बदलाव साबित होगा।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### उन्नत तकनीकों का प्रयोग



हमारे किसान भाइयों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी अपनाना चाहिए। मिट्टी की सेहत का ध्यान रखते हुए, संतुलित उर्वरकों का उपयोग और जल संरक्षण के लिए उन्नत तकनीकों का प्रयोग समय की आवश्यकता है।

**- भजनलाल, सीएम, राजस्थान**

### महिला आरक्षण



लंबे समय तक चुप्पी साधने के बाद मोदी सरकार अचानक महिला आरक्षण के मुद्दे पर सक्रिय हो गई है। इस बारे में, लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण के मुद्दे पर 16 से 18 अप्रैल तक संसदीय बैठक तय है।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# पंजाब में गोदामों में पड़े 155 लाख मी. टन चावल व गेहूं के स्टॉक की लिफ्टिंग होगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

## सीएम मान ने कहा, इस फैसले से रबी मंडीकरण सीजन के दौरान किसानों के लिए अनाज भंडारण संबंधी समस्याएं हल हो जाएंगी



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने केंद्रीय खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री जोशी से मुलाकात की

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने राज्य के किसानों और मंडियों के लिए कई महत्वपूर्ण राहत उपाय सुनिश्चित किए। इस दौरान केंद्र ने पंजाब में पड़े 155 लाख मीट्रिक टन अनाज की लिफ्टिंग के लिए विशेष रेल गाड़ियां चलाने पर सहमति दे दी,जिससे रबी मंडीकरण सीजन से पहले राज्य में अनाज भंडारण संबंधी गंभीर संकट से निपटने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पंजाब पर बोझ बने संरचनात्मक मुद्दों के समाधान पर जोर दिया, जिसमें उच्च नकद ऋण ब्याज दरें, ग्रामीण विकास फंड के तहत लंबित 9,000 करोड़ रुपए, ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों के लिए मुआवजा और आढ़तियों की लंबे समय से लंबित मांगें शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री ने इन मुद्दों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और लंबित मुद्दों के समाधान के लिए सचिव स्तरीय व्यवस्था बनाने सहित ठोस कदम उठाने का भरोसा दिया।

एक्स हैंडल पर बैठक की जानकारी साझा करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा-आज दिल्ली में मैंने केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान हमने आढ़तियों की मांगों सहित पंजाब से संबंधित विभिन्न प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने आगे लिखाः बैठक के दौरान केंद्र के सामने महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए, जिसमें पंजाब में पड़े 155 लाख मीट्रिक टन गेहूं और चावल की तुरंत लिफ्टिंग तथा आरडीएफ के तहत बकाया 9,000 करोड़ रुपए की तुरंत अदायगी के मुद्दे शामिल थे। इसके साथ ही, नकद ऋण सीमा के तहत राज्यों पर लगाई गई उच्च ब्याज दरों को कम करने और आढ़तियों की केंद्र से संबंधित मांगों पर प्राथमिकता के आधार पर विचार करने की मांग की गई। इसके अलावा,मंडी मजदूरों के ईपीएफ से संबंधित मुद्दों को तुरंत हल करने की अपील की गई और असामयिक बारिश के कारण हुए नुकसान के लिए किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग भी की गई। केंद्रीय मंत्री ने इन सभी मुद्दों पर बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। हम पंजाब के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

फसलों के भंडारण संबंधी भारी कमी पर बात करते हुए मान ने कहा, राज्य के कवरड गोदामों में 180.88 लाख मीट्रिक टन अनाज (151.20 लाख मीट्रिक टन चावल और 29.67 लाख मीट्रिक टन गेहूं) पहले से ही स्टोर किया गया है, जबकि कुल उपलब्ध कवरड भंडारण क्षमता लगभग 183 लाख मीट्रिक टन (173 लाख मीट्रिक टन कवरड गोदाम प्लस 10 लाख मीट्रिक टन गेहूं साइलो) है। नतीजतन, चावलों के लिए केवल 0.50 लाख मीट्रिक टन कवरड स्पेस और गेहूं के लिए 1.75 लाख मीट्रिक टन साइलो स्पेस उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि राज्य में 1 अप्रैल, 2026 से रबी मंडीकरण सीजन (आरएमएस) 2026-27 शुरू हो गया है, जिसमें संभावित रूप से 130-132 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जाएगी। मौजूदा स्टॉक के बोझ को उजागर करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साल के 38 लाख मीट्रिक टन गेहूं के स्टॉक में से लगभग 8.71 लाख मीट्रिक टन स्टॉक पहले ही राज्य में सीएपी या खुली स्टोरेज में पड़ा है, जिससे वैज्ञानिक तरीके से भंडारण क्षमता की कमी हो गई है और लगभग 40 लाख मीट्रिक टन गेहूं को कम अनुकूल परिस्थितियों में स्टोर करना पड़ेगा। अनाज की धीमी उठाई का मुद्दा उठाते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि हमारी सरकार लगातार गेहूं और चावल की राज्य से उठाई की मांग करती रही है ताकि चावल की खरीद और स्टोरेज के लिए जरूरी भंडारण क्षमता बनाई जा सके।

केंद्रीय कृषिमंत्री ने कहा- केंद्र सरकार किसानों को नहीं होने देगी परेशान

# खाद की कीमतें नहीं बढ़ेंगी, 'फॉर्मर आईडी' से कालाबाजारी पर लगाएंगे रोकः शिवराज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार किसानों को वैश्विक कीमतों में बढ़ोतरी के असर से बचाने के लिए खाद के दाम स्थिर रखेगी। साथ ही खाद की पारदर्शी आपूर्ति सुनिश्चित करने और कालाबाजारी रोकने के लिए 'फॉर्मर आईडी' प्रणाली लागू की जा रही है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे माल की कीमतें बढ़ने के बावजूद सरकार किसानों के लिए खाद के दाम नहीं बढ़ाएगी।

उन्होंने कहा कि यूरिया का एक बैग 266 रुपए और डीएपी 1,350 रुपए में ही उपलब्ध रहेगा। शिवराज चौहान ने कहा कि किसानों पर बोझ न पड़े, इसके लिए सरकार अतिरिक्त खर्च खुद वहन कर रही है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सब्सिडी जारी रखने के लिए 41,000 करोड़ रुपए के अतिरिक्त आवंटन को मंजूरी दी है। शिवराज चौहान ने दोहराया कि सरकार किसानों को उचित मूल्य, पर्याप्त संसाधन और वैश्विक संकटों से न्यूनतम प्रभावित रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

### 'फॉर्मर आईडी' से पारदर्शिता आएगी

मंत्री ने कहा कि सब्सिडी वाली खाद के दुरुपयोग को रोकने के लिए 'फॉर्मर आईडी' आधारित प्रणाली विकसित की जा रही है। यह आईडी किसान की जमीन, फसल और परिवार की जानकारी से जुड़ी होगी, जिससे उसकी वास्तविक जरूरत के अनुसार खाद उपलब्ध कराई जा सकेगी।

### जरूरत से अधिक खरीद पर रोक लगाना जरूरी

उन्होंने कहा कि इस प्रणाली का उद्देश्य असली किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराना और जमाखोरी, कालाबाजारी तथा जरूरत से अधिक खरीद को रोकना है। सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि किसी भी किसान को खाद की कमी न हो।

## करोड़ों किसानों तक पहुंच बनाएंगे

केंद्रीय कृषिमंत्री शिवराज चौहान के अनुसार अब तक 92.9 मिलियन से अधिक 'फॉर्मर आईडी' बनाई जा चुकी हैं और लक्ष्य इसे देशभर के लगभग 13 करोड़ किसानों तक पहुंचाने का है। मंत्री ने बताया कि बंटाईदार और किराएदार किसानों के लिए भी व्यवस्था तैयार की जा रही है। मध्य प्रदेश और हरियाणा में सफल मॉडल के तहत, जमीन मालिक की लिखित अनुमति से ऐसे किसान भी खाद प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार वैश्विक घटनाक्रमों और भू-राजनीतिक तनावों का कृषि पर पड़ने वाले असर पर लगातार नजर रख रही है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उच्चस्तरीय बैठकें की जा रही हैं। इसकी समीक्षा की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### पवन खेड़ा को हाईकोर्ट ने दी अग्रिम जमानत

**हैदराबाद।** तेलंगाना हाईकोर्ट ने कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा को असम में दर्ज एक मामले में एक हफ्ते की अग्रिम जमानत दे दी है।



यह राहत शुक्रवार को कोर्ट ने सुनवाई के दौरान दी। कोर्ट की जज न्यायमूर्ति सुजाना कलासिकम ने कहा कि पवन खेड़ा को एक हफ्ते का समय दिया जाता है ताकि वह संबंधित कोर्ट में जाकर नियमित जमानत के लिए आवेदन कर सकें।

### होम्योपैथी..'दीर्घकालिक स्वास्थ्य' पर जोर

**नई दिल्ली।** आयुष मंत्रालय ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में



"दीर्घकालिक स्वास्थ्य के लिए होम्योपैथी" विषय पर राष्ट्रीय समारोह के साथ विश्व होम्योपैथी दिवस 2026 मनाया। यह आयोजन डॉ. सैमुअल हैनिमैन की जयंती के अवसर पर किया गया, जिसमें देशभर से नीति निर्माता, शोधकर्ता, चिकित्सक और छात्र शामिल हुए।

### पति की हत्या कर खुद दी जान, मासूम की भी मौत

**अयोध्या।** जिले के थाना रौनाही क्षेत्र के करेरू गांव में पति-पत्नी के



विवाद ने एक खौफनाक रूप ले लिया जिसके परिणामस्वरूप तीन जानें चली गईं। पत्नी ने पहले पति की हथौड़े से हत्या की, फिर खुद ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। कमरे में बंद 22 दिन के दुधमुंहे बच्चे की भी भूख-प्यास से मौत हो गई। शव और शिशु को बंद कर दिया था।

### बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी

**पटना।** पटना से एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है।



शुक्रवार को बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया। यह धमकी एक अज्ञात ईमेलके जरिए विधानसभा के आधिकारिक मेल आईडी पर भेजी गई थी। सूचना जल्द ही अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों को दी गई।

बिहार में नए मुख्यमंत्री को लेकर गहमा- गहमी नहीं हो सकी खत्म

# भाजपा कोर ग्रुप की बैठक टली, सरकार के गठन पर चर्चा की, नाम पर नहीं लगी मुहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ पटना

बिहार भाजपा कोर ग्रुप की प्रस्तावित बैठक, जो शुक्रवार शाम 6 बजे होनी थी, अब आयोजित नहीं हो सकी। बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ वापस पटना चले हैं, जबकि दूसरे डिप्टी सीएम विजय सिन्हा भी पटना लौट गए। वहीं, भाजपा के बिहार प्रभारी और राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने दोनों डिप्टी सीएम से अलग-अलग मुलाकात की। बताया जा रहा है कि इन बैठकों में बिहार में भाजपा की अगली सरकार के गठन को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में एनडीए के शीर्ष नेता बिहार के अगले मुख्यमंत्री के नाम और मंत्रिस्तरीय विभागों के वितरण को अंतिम रूप देने वाले थे। इन फैसलों को संभवतः प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह और नीतीश कुमार की उपस्थिति में लिया जाएगा, जो बैठक के महत्व को रेखांकित करता है जहां बिहार में नेतृत्व और सत्ता-साझाकरण व्यवस्थाओं पर चर्चा होगी।

प्रभारी और राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े से मिले, बिहार के नेतागण दिल्ली से पटना लौटे



नई दिल्ली में बैठक के पहले शाह, सम्राट और तावड़े

### नीतीश जल्द देंगे इस्तीफा

बिहार में चल रहे राजनीतिक परिवर्तन के बीच ये उच्च स्तरीय विचार-विमर्श हो रहे हैं, जहां नीतीश कुमार ने राज्यसभा में प्रवेश करने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने का संकेत दे दिया है। इन घटनाक्रमों से संकेत मिलता है कि एनडीए राज्य में सुचारू नेतृत्व और नई सरकार के गठन को सुनिश्चित करने के लिए तेजी से कदम उठा रहा है।

### पर्यवेक्षक भेजने की भी चर्चा

भाजपा की इस बैठक में नए सीएम के नाम सहमति बनाने की कोशिश होनी थी, जिसके बाद संसदीय बोर्ड बैठक में मुख्यमंत्री के नाम पर मुहर लगाई जाती। भाजपा के सीएम के नाम की घोषणा दिल्ली में नहीं हुई तो फिर पटना में भाजपा विधायक दल के नेता के चुनाव के बाद पर्यवेक्षक ऐलान करेंगे।

पीएम मोदी ने नीतीश को दी बधाई

### फिर संसद में देखना बहुत सुखद होगा साथ ही, हरिवंश की भी सराहना की

प्रधानमंत्री मोदी ने सीएम नीतीश कुमार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करने पर बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि नीतीश ने



बिहार के विकास में अमिट योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि संसद में एक बार फिर नीतीश को देखना अत्यंत सुखद अनुभव होगा। मुझे पूरा विश्वास है कि नीतीश के लंबे राजनीतिक अनुभव से संसद की गरिमा और बढ़ेगी। एक्स पर लिखा, नीतीश जी देश के सबसे अनुभवी नेताओं में से एक हैं। सुशासन को लेकर उनकी प्रतिबद्धता की हर तरफ सराहना हुई है। उन्हें ढेरों शुभकामनाएं। वहीं, हरिवंश नारायण सिंह को भी राज्यसभा का सदस्य बनने पर बधाई दी। पीएम ने एक्स पर लिखा, हरिवंशने पत्रकारिता,सार्वजनिक जीवन में अमूल्य योगदान दिया है। वे एक सम्मानित बुद्धिजीवी और विचारक हैं। सदन की कार्यवाही को समृद्ध किया है।

## नीतीश ने ली राज्यसभा सांसद पद की शपथ

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा सांसद पद की शपथ ले ली है। राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के अलावा बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी भी इस दौरान संसद भवन में मौजूद रहे।



**नीतीश बोले- पहले तो हम यहीं न थे**

जब नीतीश निकले, तो चिर-परिचित अंदाज में मुस्कुराते हुए सिर्फ एक वाक्य कहा कि पहले तो हम यहीं न थे। कोई नही बात नही है।

पूर्व उपसभापति तीसरी बार जाएंगे राज्यसभा

## हरिवंश को राष्ट्रपति ने किया नामित



राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश को फिर से राज्यसभा के लिए नामित किया गया है। हरिवंश अभी तक जेडीयू कोटे से राज्यसभा सांसद थे। जेडीयू ने लगातार उन्हें 2 बार राज्यसभा भेजा था। इसलिए इस बार उन्हें राष्ट्रपति ने मनोनीत किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हरिवंश को राज्यसभा के लिए नामित किया है। वे इससे पहले दो बार राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं।

उपराष्ट्रपति ने किया संविधान का सिंधी संस्करण लॉन्च

# भाषाई विविधता पर दिया जोर, एकता का सूत्र बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति भवन में देवनागरी और फारसी दोनों लिपियों में सिंधी भाषा में संविधान का नवीनतम संस्करण जारी किया। यह सिंधी भाषा दिवस के अवसर पर किया गया। उपराष्ट्रपति ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सिंधी दुनिया की प्राचीन भाषाओं में से एक है। इसकी साहित्यिक परंपरा वेदांतिक दर्शन और सूफी विचारों के अनूठे संगम को दर्शाती है, जो प्रेम, एकता और भाईचारे के मूल्यों को बढ़ावा देती है। कार्यक्रम में केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, सांसद शंकर लालवानी और विधायी विभाग के सचिव डॉ. राजीवमणि भी थे।

## सिंधी भाषा दिवस पर समुदाय को शुभकामनाएं दी



### भाषाई समावेशिता की दिशा में बड़ा कदम

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद पहली बार विशेष रूप से देवनागरी लिपि में सिंधी भाषा में संविधान का प्रकाशन भाषाई समावेशिता को मजबूत करने की दिशा में अहम है। उन्होंने संविधान को राष्ट्र की जीवंत आत्मा बताया। उन्होंने विधि एवं न्याय मंत्रालय और क्षेत्रीय भाषा अधिकारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास जताया।

### केंद्र सरकार के प्रयासों को सराहा

उन्होंने केंद्र द्वारा संविधान को विभिन्न भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराने के प्रयासों की सराहना की। इससे नागरिकों और शासन के बीच की दूरी कम होती है। मातृभाषा में संविधान उपलब्ध होने से नागरिकों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है।

### सिंधी भाषा का ऐतिहासिक महत्व

सिंधी समुदाय की ऐतिहासिक यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विभाजन के कठिन दौर में यह भाषा एकता और दृढ़ता का प्रतीक बनी रही। उन्होंने बताया कि 1967 में 21वें संवैधानिक संशोधन के जरिए सिंधी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था।उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत की ताकत उसकी विविधता में निहित है और भाषाएं संस्कृति, परंपरा और पहचान की महत्वपूर्ण वाहक हैं।

मतदाता सूची फ्रीज करने का मामला

# 9 को सूची जारी की, सीजेआई की पीठ 13 को करेगी सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची को फ्रीज करने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। आयोग के इस फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट 13 अप्रैल को सुनवाई करेगा। कोर्ट ने इस मामले पर नई याचिका के साथ लंबित याचिकाओं पर भी विचार करने पर सहमति जताई। आयोग ने पहले चरण के सीटों के लिए 9 अप्रैल को मतदाता सूची को अंतिम रूप देते हुए फ्रीज कर दिया था। मतदाता सूची फ्रीज करने का मतलब है कि इस विधानसभा चुनावों के लिए सूची में किसी भी नए व्यक्ति को जोड़ा नहीं जा सकेगा, जिसका नाम हटा दिया गया है। यहां एक चरण में 29 अप्रैल को चुनाव होना है।

जाति जनगणना रोकने की मांग वाली अर्जी

### ऐसी अभद्र भाषा कहां से लाते हैं? फटकार लगाई

सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सूर्यकांत ने एक याचिककर्ता को कड़े शब्दों में फटकार लगा दी। कोर्ट में केंद्र सरकार को जाति जनगणना रोकने, संसाधनों के पुनर्वितरण को जनसंख्या उत्तरदायित्व से जोड़ने और एक बच्चे वाले परिवारों को आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान करने वाली नीतियां बनाने का निर्देश देने वाली याचिका लगाई गई थी। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने इस याचिका को खारिज कर दिया। इस दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता से कहा कि आप इस याचिका में इस्तेमाल की गई भाषा कहां से सीखते हैं? ये बदतमीजी की भाषा कहां से लेकर आते हैं आप लोग? आप लोग याचिका कैसे लिखते हैं?

उत्तर रेलवे

शुद्धि पत्र

संदर्भः– निविदा सूचना संख्या 93/2025–2026 दिनांक : 11.03.2026 क्रमांक 04 निविदा संख्या 07265018 देय तिथि 13.04.2026 को है। ऊपर बताए गए टेंडर के संबंध में, टेंडर संख्या 07265018 को खोलने की निर्धारित तिथि 13.04.2026 से बढ़ाकर 21.04.2026 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।

1199/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 04-SRDEE-G-DLI-2026-27 इससे संबंधित विद्युत कार्य (i) बड़ौदा हाउस में एनेक्स–II में एनआरएसए सेक्शन और एनेक्स–I बिल्डिंग में चौथी मंजिल के कॉरिडोर का सुधार/उन्नयन। (ii) बड़ौदा हाउस स्थित एनेक्स–I में इंजीनियरिंग शाखा के कमरा संख्या 439 और 440 ए का सुधार। (iii) बड़ौदा हाउस स्थित कार्मिक शाखा के प्रशिक्षण केंद्र की मरम्मत/नवीनीकरण। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु० 9889037.60 |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य, डीआरएम कार्यालय, दिल्ली मंडल, उत्तरी रेलवे, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली, 110055 |
| बयाना राशि | रू० 197800.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 04/05/2026, 16.00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 04/05/2026, 16.00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1209/26

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आदेश उर्फ राहुल पुत्र** राम कुमार **निवासी** मुर्गी फार्म के पास श्याम विहार, भरत विहार, सेक्टर–15, द्वारका उत्तर, दिल्ली, **स्थायी पताः** ग्राम कछिया पुरवा, पोस्ट–शुक्लापुर भगत, थाना माधवगंज, हरदोई (उ0प्र0), ने **FIR No. 20/2022, U/S 380/411 /34 IPC, पुलिस स्टेशन द्वारका उत्तर, द्वारका जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आदेश उर्फ राहुल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आदेश उर्फ राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 20/2022, U/S 380/411 /34 IPC, पुलिस स्टेशन द्वारका उत्तर, द्वारका जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **आदेश उर्फ राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.05.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री राहुल कटारे
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–06,
दक्षिण–पश्चिम जिला, कोर्ट नं0 514,
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/4676/DW/2026
(Court Matter)

## मजबूत घरेलू मांग और आसान वित्तपोषण से अर्थव्यस्था को गति मिलेगी

# एडीबी ने 2026-27 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर किया 6.9 प्रतिशत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मजबूत घरेलू मांग, आसान वित्तपोषण परिस्थितियों और भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के कम शुल्क के समर्थन से चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर के 6.9 प्रतिशत रहने का शुक्रवार को अनुमान लगाया। वहीं अगले वित्त वर्ष में इसके 7.3 प्रतिशत रहने की संभावना है।*

'एशियन डेवलपमेंट आउटलुक रिपोर्ट' में एडीबी ने कहा कि यदि पश्चिम एशिया में संघर्ष लंबे समय तक जारी रहता है तो इससे कई माध्यमों के जरिये भारत के व्यापक आर्थिक प्रदर्शन पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इनमें ऊर्जा कीमतों में वृद्धि, व्यापार प्रवाह में बाधा एवं धन प्रेषण (रेमिटेंस) में कमी शामिल हैं क्योंकि यह क्षेत्र भारत के बाहरी क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ है।




- भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका का कम शुल्क भारत के लिए महत्वपूर्ण
- बढ़ती महंगाई प्रभावित कर सकती है जीडीपी
- पश्चिम एशिया में लंबा संघर्ष भविष्य के लिए बड़ा खतरा

### मुद्रा की कमजोरी से प्रभावित होगी वृद्धि दर

एडीबी ने अनुमान जताया कि खाद्य कीमतों में पहले आई गिरावट के बाद उछाल, वैश्विक तेल कीमतों में वृद्धि, मुद्रा की कमजोरी और कीमती धातुओं की बढ़ती कीमतों के कारण मुद्रास्फीति 2025-26 के 2.1 प्रतिशत से बढ़कर चालू वित्त वर्ष में 4.5 प्रतिशत हो सकती है। अगले वित्त वर्ष 2027-28 में तेल कीमतों में नरमी के कारण यह घटकर चार प्रतिशत रहने का अनुमान है।

### 2027-28 में होगी 7.3 प्रतिशत

एडीबी ने कहा कि 2027-28 में वृद्धि दर बढ़कर 7.3 प्रतिशत हो सकती है जिसे घरेलू सुधारों, यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ व्यापार समझौतों के प्रभाव और सरकारी वेतन वृद्धि से समर्थन मिलेगा। दिसंबर 2025 में जारी 'एशियन डेवलपमेंट आउटलुक रिपोर्ट' में एडीबी ने 2026-27 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था।

### पश्चिम एशिया संघर्ष से व्यापार होगा प्रभावित

एडीबी का अनुमान है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और व्यापार में जारी अनिश्चितता के कारण विकासशील एशिया व प्रशांत क्षेत्र में आर्थिक वृद्धि दर पिछले वर्ष के 5.4 प्रतिशत से घटकर 2026 और 2027 दोनों वर्षों में 5.1 प्रतिशत हो जाएगी। भारतीय अर्थव्यवस्था के गत वित्त वर्ष 2025-26 में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने का अनुमान है जो 2024-25 के 7.1 प्रतिशत से अधिक है।

*वृद्धि की वजह मजबूत घरेलू खपत व निवेश*

*इस वृद्धि की मुख्य वजह आयकर और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती, खाद्य कीमतों में गिरावट से मजबूत घरेलू खपत और स्थिर सार्वजनिक निवेश को माना जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया, '' वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक माहौल के बिगड़ने के बावजूद वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत पर मजबूत बनी रहने का अनुमान है।*

## इफको ने नैनो उर्वरकों को बढ़ावा देने के लिए 560 जिलों में अभियान शुरू किया




**नई दिल्ली।** भारतीय कृषक उर्वरक सहकारी लि. (इफको) ने नैनो तरल उर्वरकों के बारे में जागरूकता पैदा करने और पारंपरिक मिट्टी के पोषक तत्वों के उपयोग को कम करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है। शुक्रवार को एक बयान में, सहकारी संगठन ने कहा कि उसने भारतीय किसानों के बीच नैनो उर्वरकों को अपनाने के लिए 'इफको नैनो उर्वरक जागरूकता महाअभियान' शुरू किया है। यह अभियान 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 560 जिलों और 3,477 तहसीलों को अपने दायरे में लेगा। इफको के चेयरमैन दिलीप संघानी ने कहा, ''भारत आज एक ऐतिहासिक चौराहे पर खड़ा है जहां परंपरा तकनीक से मिलती है, और यह संगम है जो भारतीय कृषि के लिए एक नई दिशा बना रहा है।'' संघानी ने बताया कि इस अभियान का मकसद नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी, नैनो एनपीके, नैनो जिंक और नैनो कॉपर का बड़े पैमाने पर प्रचार करना है, किसानों को सही तरीके से इस्तेमाल करने का प्रशिक्षण देना, खासकर पत्तियों पर छिड़काव करना, पुराने उर्वरक पर निर्भरता कम करना और सहकारिता नेटवर्क के जरिए आखिरी आदमी तक पहुंच पक्का करना है। इफको ने नैनो तरल यूरिया प्लस की 218 लाख से ज्यादा बोतलें और नैनो तरल डीएपी की 64.26 लाख से ज्यादा बोतलें बेची हैं। इसके नैनो जिंक और नैनो कॉपर उत्पादों ने भी अपने पहले साल में एक के बाद क्रमशः एक 57 लाख और दो लाख बोतलों की बिक्री दर्ज की।

## बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं सबसे ज्यादा प्रभावित : चौहान



**भोपाल (एजेंसी)।** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से अब तक 2.49 लाख हेक्टेयर में खड़ी रबी फसलों को नुकसान पहुंचा है, जिसमें सबसे अधिक गेहूं की खेती प्रभावित हुई है। मध्यप्रदेश के रायसेन जिले में 'उन्नत कृषि मेला' शुरू होने से पहले यहां बातचीत में चौहान ने कहा कि असामान्य मौसम और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का तीन विभागों की ओर से सर्वेक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकारों से भी तुरंत नुकसान का आकलन करने को कहा गया है। आठ अप्रैल तक हुए नुकसान में गेहूं को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है और इसके बाद आम और लीची जैसी बागवानी फसलें प्रभावित हुई हैं। उन्होंने आश्वासन दिया, ''मोदी सरकार इस संकट में किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है।'' राज्यों में नुकसान की समीक्षा का निर्देश केंद्रीय कृषि मंत्री ने पांच अप्रैल को अधिकारियों को प्रभावित राज्यों में नुकसान की समीक्षा करने और राज्य सरकारों के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया था। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के कृषि मंत्रियों से भी परामर्श किया है। इससे पहले भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आगाह किया था कि सात अप्रैल से एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 17 पैसे गिरकर 92.68 पर बंद



**मुंबई।** रुपये ने शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुरुआत बढ़त खो दी और 17 पैसे टूटकर 92.68 पर बंद हुआ। अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े तनाव के कारण रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई। 10 करोड़ डॉलर तक सीमित करने के निर्देश की समय-सीमा शुक्रवार को खत्म हो गई, जिसके कारण रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.58 पर खुला और कारोबार के दौरान 92.41 के ऊपरी स्तर और 92.76 के निचले स्तर को छूने के बाद 92.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

## जयपी ने स्पोर्ट्स सिटी जैसे बड़े प्रोजेक्ट विकसित किए

**नई दिल्ली।** जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड मेरे लिए सिर्फ एक कंपनी नहीं, बल्कि 1979 से शुरू हुई एक लंबी और भावनात्मक यात्रा रही है। अपने सहयोगियों के साथ मिलकर हमने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट, जलविद्युत परियोजनाएँ, सीमेंट प्लांट्स और जयपी विश टाउन, जयपी ग्रीन्स तथा जयपी स्पोर्ट्स सिटी जैसे बड़े प्रोजेक्ट विकसित किए। यह हमारे लिए गर्व की बात रही है। पिछले कुछ वर्षों में कंपनी को वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ा और इसे इनसॉल्वेंसी प्रक्रिया में जाना पड़ा। इस दौरान हमने सभी हितधारकों-गृह-खरीदारों, कर्मचारियों, बैंकों और भागीदारों के साथ मिलकर समाधान निकालने का पूरा प्रयास किया। यह प्रक्रिया समिति ऑफ क्रेडिटर्स और रेजोल्यूशन प्रोफेशनल द्वारा पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से पूरी की गई है। मैं अडानी समूह और वेदांता समूह-दोनों का इसमें भाग लेने के लिए धन्यवाद करता हूँ। समिति ऑफ क्रेडिटर्स ने अडानी समूह को सफल बोलीदाता चुना है, और हम इस निर्णय का सम्मान करते हैं। मुझे विश्वास है कि श्री गौतम अडानी के नेतृत्व में कंपनी आगे बढ़ेगी और सभी हितधारकों की उम्मीदों पर खरी उतरेगी। मैं अडानी समूह को आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएँ देता हूँ।

## बैंकों के शेयरों में लिवाली से घरेलू बाजार में तेजी, सेंसेक्स 919 अंक चढ़ा

**मुंबई (भाषा)।** वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को बैंकों में तगड़ी खरीदारी आने से बढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स 918.60 अंक उछल गया जबकि निफ्टी में 275.50 अंक की बढ़त दर्ज की गईय विश्लेषकों के अनुसार, पश्चिम एशिया संकट नरम पड़ने की संभावना, अमेरिका-ईरान वार्ता की उम्मीदें और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 918.60 अंक यानी 1.20 प्रतिशत चढ़कर 77,550.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 990.85 अंक उछलकर 77,622.50 के स्तर तक चला गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 275.50 अंक यानी 1.16 प्रतिशत बढ़कर 24,050.60 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो), एक्सिस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, सन फार्मा, इन्फोसिस, टीसीएस, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स ने कुल 4,230.7 अंक यानी 5.77 प्रतिशत की छलांग लगाई जबकि एनएसई निफ्टी में 1,337.5 अंक यानी 5.88 प्रतिशत की बढ़त रही। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद से तेल की कीमतें नरम हुईं, जिससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा। इससे भारत जैसे उभरते बाजारों में निवेश के प्रति रुझान मजबूत हुआ।

## चांदी 3,800 रुपये मजबूत सोना 400 रुपये चढ़ा

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को चांदी की कीमत 3,800 रुपये बढ़कर 2.47 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं, जबकि सोना 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। युद्धविराम को लेकर अनिश्चितता और डॉलर में कमजोर रुख के बीच सर्राफा कीमतों में तेजी देखी गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी 3,800 रुपये यानी 1.6 प्रतिशत बढ़कर 2,47,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई। बृहस्पतिवार को इसमें गिरावट आई थी और यह 2,43,200 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 400 रुपये बढ़कर 1,55,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोने की कीमत 1,54,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। इस तेजी के साथ कीमती धातुओं के लिए यह एक मजबूत सप्ताह साबित हुआ जिसमें चांदी 10,000 रुपये यानी 4.2 प्रतिशत बढ़ी और सोना 3,800 रुपये यानी 2.51 प्रतिशत चढ़ा। ऑगमोंट में शोध प्रमुख, रेनिशा चैनानी ने कहा, ''ईरान संघर्ष पर सतर्क रूख और केन्द्रीय बैंक की लगातार खरीदारी से सर्राफा कीमतों में सुधार हुआ है।'' वैश्विक स्तर पर भी सर्राफा कीमतों में तेजी रही। हाजिर सोना 11.52 डॉलर यानी 0.24 प्रतिशत बढ़कर 4,777.17 डॉलर प्रति औंस हो गया और चांदी लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 75.91 डॉलर प्रति औंस पर रही।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कविता पत्नीः अजय शर्मा पताः मकान नं. 31 / 35 – ए, स्ट्रीट नं. 02, भीखम सिंह कॉलोनी, विश्वास नगर, शाहदरा, दिल्ली** ने **Court Case No. 3081/2019 U/s 138 NI Act, थानाः जहाँगीरपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कविता** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कविता** फरार हो गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Court Case No. 3081/2019 U/s 138 NI Act, थानाः जहाँगीरपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कविता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 22.05.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ज्योति नैन
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–01
उत्तर, कोर्ट नं. 06, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/3840/NW/2026 (Court Matter)



### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **मोहित, पुत्रः** राजेश, **पताः** मकान नंबर 1 / 23, ओम विहार फेज़–5, उत्तम नगर, दिल्ली ने **FIR No. 296/2012 U/s 498A/406/354/506/34 IPC थानाः रूप नगर, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहित,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहित,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 296/2012 U/s 498A/406/354/506/34 IPC थानाः रूप नगर, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **मोहित,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री कहकशां जबीन
जेएमएफसी–04 (महिला न्यायालय)
कमरा नंबर 288, दूसरी मंजिल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/4558/N/2026
(Court Matter)


## गलगोटियाज यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट रिपोर्ट : टॉप रिक्रूटर्स द्वारा 2026 में 4700+ ऑफर




**ग्रेटर नोएडा।** गलगोटियाज विश्वविद्यालय ने 2026 बैच के लिए 4700+ प्लेसमेंट ऑफर के साथ एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है। इससे करियर-संचालित शिक्षा और इंडस्ट्री की तैयारी के लिए एक प्रमुख संस्थान के रूप में इसने एक बार फिर अपनी मजबूत स्थिति को दर्शाया है। विश्वविद्यालय में टॉप रिक्रूटर्स की मजबूत भागीदारी लगातार जारी है, जो इसके मजबूत एकेडमिक इकोसिस्टम को दर्शाता है और रोजगार सक्षमता पर ध्यान केंद्रित करता है। इन्फोसिस, कैपजेमिनी, कॉग्निजेंट, सिटी यूनियन बैंक, एलटीएम, एक्सेंचर और ईवाई जैसे प्रमुख ऑर्गेनाइजेसंस ने इस विश्वविद्यालय से बड़ी संख्या में छात्रों की भर्ती की है, जो यहां के प्लेसमेंट की कसौटी और निरंतरता को प्रदर्शित करता है। प्लेसमेंट ड्राइव कौशल-आधारित लर्निंग और वास्तविक दुनिया की अपेक्षाओं के माध्यम से शिक्षाविदों और इंडस्ट्री के बीच की खाई को पाटने की संस्थान की क्षमता को उजागर करता है। विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट रिकॉर्ड बताते हैं कि वर्तमान वर्ष के लिए उच्चतम पैकेज 60 लाख रुपये सालाना दर्ज किया गया है। इसके अलावा, कई अन्य छात्रों को उच्च प्रतिष्ठा वाली कंपनियों से 15 लाख से 26.6 लाख रुपये सालाना के बीच नौकरी के प्रस्ताव मिले। अपने इंडस्ट्री-संचालित एकेडमिक इकोसिस्टम को और मजबूत करते हुए गलगोटियाज विश्वविद्यालय ने सिस्को, टाटा टेक्नोलॉजीज, वीवो, सेल्सफोर्स, एलएंडटी और एचपी-इंटेल जैसी प्रमुख कंपनियों के सहयोग से कई उद्योग एकीकृत शैक्षणिक केंद्रों की स्थापना की है। ये केंद्र छात्रों को व्यावहारिक अनुभव, इंडस्ट्री के अनुकूल ट्रेनिंग, एडवांस टेक्नोलॉजीज और प्रैक्टिकल लर्निंग के अवसर प्रदान करते हैं।


### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



### शुद्धि पत्र

पेगासस लैंड एंड हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड
''ROF अतुल्यस'', सेक्टर–93, गुरुग्राम, हरियाणा
लाइसेंस संख्याः 2020 का 19, दिनांकः 01.08.2020
HARERA पंजीकरण संख्याः 2021 का 05, दिनांकः 29.01.2021
पंजीकृत कार्यालयः एम–18, मार्केट एम–ब्लॉक, ग्रेटर कैलाश–II, नई दिल्ली–110048
कॉर्पोरेट कार्यालयः बिल्डिंग संख्या 80, पहली मंज़िल, सेक्टर–44, गुरुग्राम
फोनः 0124–4399399, 180030702828 | www.rof.co.in

यह हमारे प्रोजेक्ट ''ROF अतुलयस'' में 3 यूनिट्स के तीसरे ड्रॉ के संबंध में, 29.01.2026, 05.02.2026 और 26.03.2026 को समाचार पत्रों– हरि भूमि, दैनिक भास्कर और द ट्रिब्यून में प्रकाशित हमारे पिछले विज्ञापन के संदर्भ में है। आम जनता और आवेदकों को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त एफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट ''ROF अतुलयस'' के लिए तीसरे ई– ड्रा हेतु आम जनता से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं (प्रोजेक्ट आईडी–213, एफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग पॉलिसी 2013 और उसके संशोधनों के अनुसार)। इसमें यूनिट्स के कारपेट एरिया के लिए दर 5000/– रुपये प्रति वर्ग फुट है, और बालकनी के लिए (100 वर्ग फुट तक) अतिरिक्त 1200/– रुपये प्रति वर्ग फुट की दर लागू है।

अब हरियाणा के टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग ने 'अफोर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी –2013' (दिनांक 19.08.2013) में संशोधन जारी किया है। यह पॉलिसी हरियाणा विकास और शहरी क्षेत्रों का विनियमन अधिनियम, 1975 (अधिनियम संख्या 8, 1975) की धारा 9A के तहत अधिसूचित की गई थी और मेमो संख्या PF-27-Vol-III/2026/11396 (दिनांक 08.04.2026) के माध्यम से जारी की गई थी। इसके अनुसार, दरों को संशोधित करके यूनिट्स के कारपेट एरिया के लिए 5,575/– रुपये प्रति वर्ग फुट और बालकनी के लिए 1300/– रुपये प्रति वर्ग फुट कर दिया गया है। दिनांक 08.04.2026 की पॉलिसी में किए गए उपरोक्त संशोधन के बिंदु संख्या 3 के अनुसार, यह कहा गया है कि 'उपरोक्त संशोधित दरें उन सभी लाइसेंसों पर लागू होंगी जिनके तहत अभी तक यूनिट्स का आवंटन नहीं किया गया है।' यह नियम हमारे उपरोक्त प्रोजेक्ट, यानी "ROF ATULYAS" (प्रोजेक्ट आईडी –213) पर लागू होता है, क्योंकि प्रोजेक्ट आई डीः 213 के तहत यूनिट्स का ड्रॉ और आवंटन अभी तक नहीं किया गया है, और हमारा यह मौजूदा प्रोजेक्ट दिनांक 08.04.2026 की पॉलिसी में किए गए उपरोक्त संशोधन के दायरे में आता है।

प्रोजेक्ट आईडी–213 के तहत ''ROF अतुल्यस'' पर नई दरें लागू होंगी, यानी यूनिट्स के कारपेट एरिया के लिए ₹5,575/– प्रति वर्ग फुट और 08.04.2026 की पॉलिसी में किए गए उपरोक्त संशोधन के अनुसार, 100 वर्ग फुट तक की बालकनी के लिए अतिरिक्त ₹1,300/– प्रति वर्ग फुट की दर से शुल्क लिया जाएगा।

आवेदकों को आगे यह भी सूचित किया जाता है कि यदि कोई आवेदक 08.04.2026 की नीति में किए गए उपरोक्त संशोधन के अनुसार नई संशोधित दरों पर आगे नहीं बढ़ना चाहता है, तो वह अपना आवेदन वापस ले सकता है; और यदि कोई आवेदक अपना आवेदन वापस नहीं लेना चाहता है, तो उसका आवेदन जारी रहेगा। ऐसे में, आवेदन पत्र जमा करते समय आवेदक द्वारा पहले जमा की गई आवेदन राशि/भुगतान को 'आंशिक भुगतान' (part payment) माना जाएगा, और शेष अंतर राशि (differentiate amount) को यूनिट्स के आवंटन के समय, 08.04.2026 की नीति में किए गए उपरोक्त संशोधन में उल्लिखित नई संशोधित दरों के अनुसार वसूला जाएगा।

मेसर्स पेगासस लैंड एंड हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड



### F MEC INTERNATIONAL FINANCIAL SERVICES LIMITED

CIN: L65100DL1993PLC053936
Registered office: 908, 9th Floor, Mercantile House,15 K.G. Marg, New Delhi- 110001
Tel No: 011-49954225, Website: www.fmecinternational.com
Email: fmecinternational@gmail.com

**NOTICE FOR 1ST EXTRA-ORDINARY GENERAL MEETING AND REMOTE E-VOTING**

(A) Extra-Ordinary General Meeting:

Notice is hereby given that the **1st Extra-Ordinary General Meeting (EGM)** of the members of the Company is scheduled to be held on **Monday, 04th May, 2026 at 12:30 P.M. through video conferencing / other audio video visual means** to transact the business as set out in the Notice convening the said EGM.

The electronic copies of the Notice of the EGM of the Company has been sent to all the members on 10th April, 2026 whose email Ids are registered with the Company/RTA/Depository participant(s) as on 10th April, 2026. The other communications sent electronically have been displayed on the Company's website http://fmecinternational.com/investor.html.

(B) E-voting:

In compliance with the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules. 2014, as amended, and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015 and Secretarial Standards on General Meetings, the Company is providing remote e-voting facility for its shareholders to cast their vote electronically from a place other than the venue of the EGM for all the resolutions set forth in the Notice, for which the Company has engaged the services of NSDL as e-voting agency.

All the members are informed that:

1. The cut-off date for determining the eligibility to vote by electronic means is 27th April, 2026
2. Date of completion of sending Notice of EGM: 10th April, 2026
3. Any person, who acquires shares and becomes member of the Company after dispatch of the notice of the EGM and holding shares as on the cut-off date, i.e. 27th April, 2026 may obtain the login-id and password by sending an e-mail to fmecinternational@gmail.com and evoting@nsdl.co.in by mentioning their Folio No./ DP ID and Client ID No. However, if such shareholder is already registered with NSDL for remote e-voting then existing user-id and password can be used for casting their vote.

| | |
|---|---|
| Date & time of commencement of remote e-voting | Friday, 01st May, 2026 9:00 A.M. (IST) |
| Date & time of end of remote e-voting | Sunday, 03rd May, 2026, 5:00 P.M. (IST) |

4. The remote e-voting through electronic means shall not be allowed beyond 5:00 p.m. (IST) on Sunday, 03rd May, 2026.
5. The Notice of the Extra-Ordinary General Meeting is available on Company's website viz. http://fmecinternational.com/ and on NSDL's website viz. www.evoting.nsdl.com

Members who have cast their vote by remote e-voting prior to the EGM may also attend the EGM; however, those Members shall not be entitled to cast their vote through e-voting again during the EGM.

In case of any grievance in respect of e-voting, Members may refer to the Help & Frequently Asked Questions (FAQs) and e-voting user manual www.evoting.nsdl.com under help section or write an email to evoting@nsdl.co.in or call Helpdesk: 18001020990 or email to www.fmecinternational.com or call : 011-49954225.

The result of e-voting shall be announced on or after the EGM of the Company. The results declared along with the Scrutinizer's Report shall be placed on the Company's website and on the website of NSDL for information of the Members, besides being communicated to the Stock Exchanges.

The detailed instructions regarding the above will be provided in the Notice of the EGM and Shareholders are requested to take note of the same.

For and on behalf of the Board
F Mec International Financial Services Limited
Sd/-
Ronika Dhall
Company Secretary & Compliance officer

Place: New Delhi
Date: 10.04.2026


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** — परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**धनु** — मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** — आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** — खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** — कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।


## सहकार से समृद्धि' के विजन से प्रेरित राष्ट्रीय समीक्षा सम्मेलन सहकारिता सुधारों को जिला स्तर पर लागू करने पर जोर

**नई दिल्ली।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के "सहकार से समृद्ध के विजन से प्रेरित तथा केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय समावेशी विकास और ग्रामीण उन्नति के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने हेतु एक व्यापक परिवर्तनकारी एजेंडा को आगे बढ़ा रहा है। इसी दिशा में 9–10 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में दो दिवसी सहकार से समृद्धि, राष्ट्रीय समीक्षा सम्मेल आयोजित किसा जा रहा है, जिसमें केंद्र, राज्यों अथवा केंद्र शासित प्रदेशों और प्रमुख सहकारी संस्थाओं के वरिष्ठ अधकारी भाग ले रहे हैं, ताकि प्रगति की समीक्षा की जा सके और प्रमुख पहलों के क्रियान्वयन में तेजी लाई जा सके।

## दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने बढ़ाया गोल्ड रिजर्व

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जनवरी के अंत में सोने की कीमत ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गई थी लेकिन फरवरी में इसमें कुछ नरमी आई। इसका फायदा उठाते हुए दुनिया के कई देशों के सेंट्रल बैंकों ने जमकर सोने की खरीदारी की। जनवरी में उन्होंने केवल 6 टन सोना खरीदा था जबकि फरवरी में उन्होंने 27 टन सोने की नेट खरीदारी की। यह लगातार 23वां महीना है जब सेंट्रल बैंक सोने के नेट खरीदार रहे। हालांकि इस दौरान तुर्की और रूस ने अपने भंडार से सोने की बिक्री की। वर्ल्ड बैंक काउंसिल के मुताबिक फरवरी में यूरोपीय देश पोलैंड ने सबसे ज्यादा 20 टन सोना खरीदा। करीब एक साल में उसकी यह सबसे बड़ी मासिक खरीद है। पिछले साल फरवरी में पोलैंड ने 29 टन सोना खरीदा था। करीब 3.7 करोड़ की आबादी वाले इस देश का गोल्ड रिजर्व 570 टन पहुंच गया है जो उसके कुल रिजर्व का 31 फीसदी है।

## शब्द पहेली - 6192




**बाएँ से दाए**
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

### शब्द पहेली - 6191 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बि | रा | द | री | | ज | य | मा | ला | |
| बि | ल | | श | | का | य | म | | श | व |
| रा | | म | ह | क | ना | | ज | रा | | र्त |
| द | र | द | रा | | | सा | | ग | रि | मा |
| र | | हो | | व | सु | ध | र | | या | न |
| | कु | श | ल | | दा | | जा | य | ज | |
| मि | ली | | क | रा | मा | त | | म | | अ |
| ला | न | त | | त | | | प | रा | धी | न |
| व | | ल | ता | | अ | च | र | ज | | ब |
| ट | ब | | ली | न | ता | | तं | | मी | न |
| | स | ला | म | त | | मि | त्र | व | त | |



बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप

# आयुष का उलटफेर, क्रिस्टी बाहर, सेफा में एंट्री

एजेंसी ▶▶| निंगबो

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने इंडोनेशिया के दुनिया के नंबर चार खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को हराकर उलटफेर करते हुए अपने कॅरियर की सबसे बड़ी जीत हासिल करने के साथ बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज शेट्टी ने एक कड़े मुकाबले वाले क्वार्टरफाइनल में ऊंची रैंकिंग पर काबिज क्रिस्टी पर लगातार दबदबा बनाते हुए जोरदार स्मैश की बदौलत 23-21, 21-17 से जीत दर्ज की। मौजूदा अमेरिकी ओपन सुपर 300 चैंपियन शेट्टी का सामना अब थाईलैंड के शीर्ष वरीय कुनलावुत वितिदसर्ण से होगा, जो पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता और 2023 विश्व चैंपियन हैं।

## क्रिस्टी और शेट्टी के बीच टूर की पहली भिड़ंत



यह क्रिस्टी और शेट्टी के बीच टूर पर पहली भिड़ंत थी। शेट्टी कोच इरवानस्याह आदि प्रतामा के साथ मिलकर रणनीति रूप से पूरी तरह तैयार दिखे, जो पहले क्रिस्टी के भी कोच थे। भारतीय खिलाड़ी ने अपने प्रतिद्वंद्वी के हर शॉट का करारा जवाब दिया और अपने कोण और अनुशासित डिफेंस से उन्हें परेशान कर दिया। शेट्टी शुरु में शेट्टी 2-0 और 5-3 से आगे चल रहे थे, लेकिन क्रिस्टी ने फिर नियंत्रण बनाकर स्कोर 6-5 कर लिया। इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने अपनी गति और कोण में लगातार बदलाव किया, जिससे छह फुट चार इंच लंबे भारतीय खिलाड़ी पर दबाव बन गया। क्रिस्टी इस तरह 9-6 से आगे हो गए और ब्रेक तक तीन अंक की बढ़त बनाए थे। मंगलुरु के शेट्टी ने शानदार वापसी करते हुए जल्द ही अंतर खत्म कर दिया।


# भारत ने 16 पदक जीते, इनमें 9 हरियाणा के खिलाड़ियों ने कब्जाए

## ▶▶| एशियन बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 5 स्वर्ण पदकों के साथ भारत दूसरे स्थान पर रहा

- *महिला वर्ग में 4 गोल्ड के साथ भारत नंबर वन पर*
- *अंतिम दिन भिवानी के सचिन ने रजत पदक जीता*
- *चेन्नई के विश्वनाथ सुरेश को स्वर्ण पदक*
- *हर्ष चौधरी, आकाश, लोकेश और नरेंद्र को कांस्य पदक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एशियन बॉक्सिंग प्रतियोगिता में देश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में भारत ने पांच स्वर्ण, तीन रजत, आठ कांस्य और कुल मिलाकर 16 पदक जीते। जिसमें हरियाणा के नाम 9 पदक रहे। भारत पांच स्वर्ण पदकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर रहा। इस प्रदर्शन में भारतीय महिला टीम का ऐतिहासिक प्रदर्शन मुख्य आकर्षण रहा, जिसने चार स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदकों सहित 10 पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया, जो महाद्वीपीय स्तर पर उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में से





एक है। यह प्रतियोगिता मंगोलिया में आयोजित की गई। शुक्रवार को पुरुषों के फाइनल मुकाबले खेले गए। इसमें 50 किलोग्राम वर्ग में चेन्नई के बॉक्सर विश्वनाथ सुरेश के स्वर्ण पदक जीता। फाइनल में विश्वनाथ ने जापान के दाइची इवाई को 5-0 के शानदार अंतर से हराया। इससे पहले टूर्नामेंट में, भारतीय मुक्केबाज ने क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान के मौजूदा विश्व चैंपियन और नंबर 1 संझार ताशकेनबे को मात दी थी। हरियाणा में भिवानी के सचिन ने पुरुषों के 60 किलोग्राम वर्ग में भारत के खाते में रजत पदक जोड़ा। अन्य चार भारतीय मुक्केबाज हर्ष चौधरी (90 किलोग्राम), आकाश (75 किलोग्राम), लोकेश (85 किलोग्राम) और नरेंद्र (+90 किलोग्राम) कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा।

### हरियाणा बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने दी बधाई



हरियाणा बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारतीय मुक्केबाजी और हमारी महिला मुक्केबाजों के लिए यह एक उल्लेखनीय अभियान रहा है, जिन्होंने चार स्वर्ण पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया है। हमारी पुरुष टीम ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने हम उभरती प्रतिभाओं की एक नई लहर और कई पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को बड़े मंच पर आगे बढ़ते हुए देख रहे हैं, जो भारतीय मुक्केबाजी के भविष्य के लिए बेहद शुभ संकेत है।

## खबर संक्षेप



### मास्टर्स टूर्नामेंट: आरोन राय संयुक्त 10वें स्थान पर

**आगस्टा।** भारतीय मूल के ब्रिटिश गोल्फर आरोन राय ने शुरुआती चार होल में तीन बर्डी लगाकर शानदार शुरुआत की लेकिन आखिर में उनका स्कोर एक अंडर 71 रहा, जिससे वह 90वें मास्टर्स टूर्नामेंट में पहले दौर के बाद संयुक्त 10वें स्थान पर रहे। वह शीर्ष पर चल रहे मौजूदा चैंपियन रोरी मैकलॉय और सैम बर्न्स से चार शॉट पीछे हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया। भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अक्षय भाटिया ने पहले दौर में एक ओवर 73 का स्कोर बनाया। वह अभी संयुक्त 33वें स्थान पर हैं। उन्होंने बैक नाइन पर तीन बोगी और एक डबल बोगी की, जिसके कारण वह अच्छी शुरुआत के बावजूद नीचे खिसक गए।

### जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच बने वाइट



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने तुषार खांडेकर की जगह ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी कोच टिम वाइट को जूनियर महिला हॉकी टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। खांडेकर 2023 से जूनियर महिला हॉकी टीम के साथ थे। राष्ट्रीय महासंघ ने इस बदलाव के कारणों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी और वाइट के अनुबंध के कार्यकाल का खुलासा भी नहीं किया। वाइट ने हाल में इस साल जनवरी में हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में 'अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगन्स' के मुख्य कोच के तौर पर काम किया था। उन्हें बेल्जियम और ऑस्ट्रेलिया में भी कोचिंग करने का अनुभव है। भारत आने से पहले वाइट बेल्जियम की अंडर-21 महिला टीम के कोच थे और उन्होंने पिछले साल जूनियर विश्व कप में टीम को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह 2021 से 2024 के बीच बेल्जियम की सीनियर राष्ट्रीय टीम के कोचिंग स्टाफ का भी एक अहम हिस्सा थे।

### व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम ने किया क्वालीफाई




**नई दिल्ली।** भारत की 3x3 महिला व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम ने स्कॉटलैंड के ग्लासगो में होने वाले आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई कर लिया है। राष्ट्रमंडल खेल 23 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे, जिसमें 3x3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता 24 से 29 जुलाई तक स्कॉटिश इवेंट कैंपस में खेली जाएगी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के साथ एशिया ओशिनिया क्वालीफायर के के जरिए क्वालीफाई किया है। इसमें केवल इन दोनों टीम ने ही हिस्सा लिया था और उन्होंने क्रमशः एशिया और ओशिनिया का प्रतिनिधित्व करते हुए क्वालीफाई किया।

## आईपीएल: राजस्थान की लगातार चौथी जीत, जुरेल ने भी फिफ्टी लगाई

# सूर्यवंशी फिर साबित हुए धुरंधर, रॉयल्स ने आरसीबी को छह विकेट से हराया

भाषा ▶▶| गुवाहाटी

भारतीय क्रिकेट के 'धुरंधर' सूर्यवंशी के 26 गेंद में 78 रन की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल के मैच में शुक्रवार को गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को छह विकेट से हराकर अपना अश्वमेधी अभियान जारी रखा। उनकी उम्र के बाकी बच्चे जहां दसवीं बोर्ड के नतीजों का इंतजार कर रहे हैं, वहीं बिहार के समस्तीपुर के 15 वर्ष के इस लड़के ने आरसीबी जैसी दिग्गज टीम के खिलाफ 202 रन के लक्ष्य के जवाब में रॉयल्स को दो ओवर बाकी रहते एकतरफा जीत दिलाई। ध्रुव जुरेल ने 43 गेंद में नाबाद 81 रन बनाकर 'फिनिशर' की भूमिका बखूबी निभाई। रॉयल्स को एक बार फिर धमाकेदार शुरूआत दी सूर्यवंशी ने जो इस सत्र में नामी गिरामी गेंदबाजों की बखिया उधेड़ने में तनिक भी नहीं हिचकिचा रहे हैं। पिछले मैच में जहां उन्हें जसप्रीत बुमराह का मानमर्दन किया तो इस बार जोश हेजलवुड की बारी थी। टेस्ट क्रिकेट के दिग्गज हेजलवुड की गेंदों पर सूर्यवंशी ने लगातार तीन चौके जड़े। वहीं तेज गेंदबाज अभिनंदन सिंह की गेंद पर लांग




आन सीमा के ऊपर 80 मीटर का छक्का लगाया। उन्होंने 78 रन की अपनी पारी में 74 रन 15 गेंद में आठ चौकों और सात छक्कों के साथ बनाये। जुरेल और सूर्यवंशी ने दूसरे विकेट के लिये 6.1 ओवर में 108 रन जोड़े।

जुरेल ने अभिनंदन को खासी नसीहत देते हुए उनके एक ओवर में 24 रन बनाये। क्रिकेट जगत में जहां 200 के स्ट्राइक रेट की बात होती है, सूर्यवंशी ने 300 की स्ट्राइक रेट से रन बनाये। ऐसा लग रहा है मानो वह रिकॉर्ड बुक में नाम दर्ज कराने ही नहीं बल्कि आक्रामक बल्लेबाजी की नयी परिभाषा गढने के इरादे से मैदान पर उतरते हैं। इससे पहले रजत पाटीदार की कप्तानी पारी की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने विकेटों के पतन के बीच आठ विकेट पर 201 रन बनाये। पाटीदार ने 40 गेंद में चार छक्कों और चार चौकों की मदद से 63 रन बनाये। एक समय पर आरसीबी के छह विकेट 94 रन पर गिर गए थे जिसके बाद उन्होंने मोर्चा संभाला।

### बेंगलुरु-201/8 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| फिल साल्ट का जुरेल बो आर्चर | 0 |
| विराट कोहली बो बिश्नोई | 32 |
| देवदत्त का हेटमायेर बो आर्चर | 14 |
| रजत का फरेरा बो शर्मा | 63 |
| कृणाल का हेटमायेर बो बिश्नोई | 1 |
| जितेश शर्मा पगबाधा बो बृजेश | 5 |
| डेविड का हेटमायेर बो बृजेश | 13 |
| रोमारियो का बृजेश बो जडेजा | 22 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 29 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 9 |

अतिरिक्त : 13 रन
योग : 20 ओवर में आठ विकेट पर 201 रन
विकेट पतन : 1-0, 2-45, 3-58, 4-62, 5-76, 6-94, 7-125, 8-166
गेंदबाजी: आर्चर 3-0-33-2, बर्गर 3-0-32-0, शर्मा 4-0-47-1, बिश्नोई 4-0-32-2, जडेजा 2-0-14-1, बृजेश 4-0-37-2

### रॉयल्स-202/4 (18)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी का शर्मा बो हेजलवुड | 13 |
| सूर्यवंशी का कोहली बो पंड्या | 78 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 81 |
| शिमरोन का हेजलवुड बो पंड्या | 0 |
| रियान का पंड्या बो हेजलवुड | 3 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 24 |

अतिरिक्त : तीन रन
योग : 18 ओवर में चार विकेट पर 202 रन
विकेट पतन : 1-21, 2-129, 3-129, 4-134
गेंदबाजी: भुवनेश्वर 4-0-37-0, हेजलवुड 4-0-44-2, अभिनंदन 3-0-54-0, पंड्या 4-0-30-2, डेविड 1-0-18-0, शेफर्ड 2-0-18-0

### हैदराबाद के खिलाफ अपनी लय जारी रखने उतरेगा पंजाब किंग्स

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में अब तक संघर्ष कर रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शनिवार को होने वाले मैच में अपनी लय बरकरार रखने की कोशिश करेगी। पिछले साल की उपविजेता पंजाब किंग्स की टीम ने जिस तरह से अभी तक प्रदर्शन किया है उसे देखते हुए केकेआर के खिलाफ बारिश के कारण रद्द कर दिए गए उसके पिछले मैच में अंक बांटने से वह खुश नहीं होगी।

- **मैच आज दोपहर 3.30 बजे से**

### सीएसके खाता खोलने को बेताब आज दिल्ली से सामना

**चेन्नई।** सत्र की पहली जीत हासिल करने के लिए बेताब चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम शनिवार को जब इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी तो उसके अनुभवी सलामी बल्लेबाजों संजू सैमसन और रुतुराज गायकवाड़ पर अच्छा प्रदर्शन करने का काफी दबाव होगा। सीएसके को तीन अलग-अलग मैदानों पर हार का सामना करना पड़ा है और इस तरह से उसके लिए सत्र की शुरुआत निराशाजनक रही है।

**आज रात 7.30 बजे से दोनों टीमों में भिड़ंत**

जूनियर नेशनल चैंपियनशिप

## हरियाणा की बेटियां छत्तीसगढ़ में बनीं ओवरऑल चैंपियन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जूनियर नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप के पहले ही दिन हरियाणा की महिला पहलवानों ने अपनी ताकत का लोहा मनवाते हुए पूरे देश में प्रदेश का मान बढ़ाया है। छत्तीसगढ़ की धरती पर खेलते हुए हरियाणा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 10 पदक अपने नाम किए, जिनमें 7 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य पदक शामिल हैं। इस दमदार प्रदर्शन की बदौलत हरियाणा ने 230 अंक हासिल कर चैंपियनशिप में ओवरऑल प्रथम स्थान प्राप्त किया और विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

- **7 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य पदक जीतकर चमकाया नाम**

इसमें दीपांशी (50 किग्रा), मुस्कान (53 किग्रा), रजनीता (59 किग्रा), श्वेता (62 किग्रा), मुस्कान (65 किग्रा), कृति (68 किग्रा) और शिक्षा (72 किग्रा) ने अपने-अपने भार वर्ग में प्रतिद्वंद्वियों को मात देकर स्वर्ण पदक जीते।

वहीं काजल (55 किग्रा) और मनीषा (76 किग्रा) ने रजत पदक पर कब्जा किया, जबकि तपस्या (57 किग्रा) ने कांस्य पदक जीतकर टीम के स्कोर में इजाफा किया। इस बड़ी सफलता पर खुशी जताते हुए हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश ने कहा कि बेटियों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि हरियाणा कुश्ती का गढ़ है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि आज हम 230 अंकों के साथ देश में नंबर एक पर हैं। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। कोच मनदीप ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि मैट पर खिलाड़ियों ने जिस तकनीक और आक्रामकता का परिचय दिया, वह काबिले तारीफ है। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

कैंडिडेट्स शतरंज

## बढ़त को और बढ़ाने आज गोर्याचकिना से भिड़ेंगी वैशाली



एजेंसी ▶▶| पाफोस

आर. प्रज्ञानानंदा के खिताबी दौड़ से बाहर होने के बाद सबका ध्यान उनकी बहन आर. वैशाली पर लगा हुआ है, जो एकल बढ़त बनाए हैं और विश्राम के बाद शनिवार को महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के 11वें दौर में रूस की अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना का सामना करेंगी।

वैशाली का लक्ष्य अपनी बढ़त को और बढ़ाना और खिताब के लिए अपनी दावेदारी को मजबूत करना है। अगर वह ऐसा कर पाती हैं तो उन्हें इस साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन जू वेनजुन के खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा। चार दौर बाकी रहते हुए वैशाली तीन भारतीय खिलाड़ियों में सबसे आगे चल रही हैं। वह अपने छोटे भाई आर प्रज्ञानानंदा (ओपन वर्ग) और दिव्या देशमुख से आगे हैं। वैशाली ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक और चीन की झू जिनर पर आधे अंक की बढ़त बनाई हुई है। कैटरीना लागनो, अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना और कजाखस्तान की बिबिसारा असाउबायेवा पांच अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं जबकि दिव्या देशमुख उनसे और आधे अंक पीछे हैं। पूर्व महिला विश्व चैंपियन टैन झोंगयी 3.5 अंक के साथ आखिरी स्थान पर हैं।

### वैशाली ने अब तक हासिल की तीन जीत


वैशाली ने अब तक तीन जीत हासिल की हैं और सिर्फ एक बाजी गंवाई है। गोर्याचकिना के साथ बाजी के बाद उन्हें चीन की दो खिलाड़ियों और कैटरीना के खिलाफ बाजी खेलनी हैं। चार दौर बाकी होने के कारण टूर्नामेंट का नतीजा अभी भी किसी भी तरफ जा सकता है। अगर वह आखिरी दौर में अच्छा प्रदर्शन करती हैं तो वह खिताब जीत सकती हैं और इस साल के आखिर में विश्व चैंपियन वेनजुन के खिलाफ खेलने का मौका पा सकती हैं।
**'ओपन' वर्ग में मुकाबला एकतरफा :** 'ओपन' वर्ग में अब मुकाबला एकतरफा बन गया है, जिसमें जावोखिर सिंदारोव 10 में से आठ अंक लेकर फॉर्म में हैं। उज्बेकिस्तान के इस खिलाड़ी ने छह बाजी जीती हैं जबकि चार ड्रॉ खेले हैं। अब वह इस साल के विश्व चैंपियनशिप मैच में भारत के डी गुकेश के खिलाफ खेलने का मौका पाने के लिए अच्छी स्थिति में हैं बशर्ते आखिरी दौर में कोई बड़ा उलटफेर न हो जाए।

## सीनियर एशियन कुश्ती प्रतियोगिता: मीनाक्षी ने रजत और मोनिका ने कांस्य पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सीनियर एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में शुक्रवार को खेले गए मैचों में भारत की महिला पहलवान मीनाक्षी गोयत ने रजत और मोनिका भारत ने महिला फ्रीस्टाइल प्रतियोगिता में चार कांस्य और एक रजत पदक के साथ अपना सफर समाप्त किया। सोनीपत की मीनाक्षी ने राष्ट्रीय चयन ट्रायल में दो बार की विश्व पदक विजेता अंतिम पंघाल को हराकर एशियाई चैंपियनशिप के लिए अपनी जगह पक्की की, ने अपने पहले ही मैच में अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने उज्बेकिस्तान और दक्षिण कोरिया की पहलवानों को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की, जो उनके लिए बहुत मुश्किल साबित हुआ और वह चीन की





झांग जिन से महज 53 सेकंड में हार गईं। वहीं, राजस्थान की मोनिका ने दक्षिण कोरिया की हानबिट ली को 9-0 से हराकर महिलाओं के 65 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीता। भारतीय पुरुष फ्रीस्टाइल पहलवानों ने भी धमाकेदार शुरुआत की, सुजीत कलकल (65 किलो), अभिन्यु मंडवाल (70 किलो) और संदीप मान (79 किलो) फाइनल में जगह बनाई। तीनों शनिवार को स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, उनके साथ 57 किलोग्राम वर्ग में अंकुश चंद्रम और 97 किलोग्राम वर्ग में विक्की हुडा भी कांस्य पदक के लिए लड़ेंगे।

## जोशी ने चार शॉट से जीता खिताब




**विशाखापत्तनम।** खालिन जोशी ने चौथे और आखिरी दौर में दो अंडर 69 के स्कोर के साथ शुक्रवार को आंध्र ओपन गोल्फ चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। बेंगलुरु के 33 वर्षीय पेशेवर खिलाड़ी ने 68-68-70-69 के कार्ड खेलकर नौ अंडर 275 का कुल स्कोर बनाकर चार शॉट के अंतर से शीर्ष स्थान हासिल किया। पीजीटीआई में खालिन की यह सातवीं जीत है। इस जीत से उन्हें 15 लाख रुपए का इनाम मिला और 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई रैंकिंग में वह 55वें से 12वें स्थान पर पहुंच गए। चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा (70-70-74-65) ने अंतिम दौर में कोर्स-रिकॉर्ड छह अंडर 65 का स्कोर बनाकर ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब में पांच अंडर 279 के कुल स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। वह तीसरे दौर के बाद 13वें स्थान पर थे। डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई सत्र की रैंकिंग में शीर्ष पर चल रहे सप्तक तलवार (70-74-68-68) ने दुबई के यश मजमूदार (71-69-69-71) के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। उनका स्कोर चार अंडर 280 रहा।

फीफा ने किया 52 रेफरी का चयन, तीन देश करेंगे मेजबानी

# फुटबॉल विश्व कप में इस बार फिर दिखेंगी महिला रेफरी

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फ़ीफा ने दो महीने बाद शुरू होने वाले विश्व कप के लिए रिकॉर्ड 52 रेफरी का चयन किया है, जिनमें दो महिलाएं शामिल हैं। अमेरिका की टोरी पेन्सो और मैक्सिको की काटिया गार्सिया के रूप में दो महिला रेफरी इस सूची में शामिल हैं। फीफा ने अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले टूर्नामेंट के लिए तीन महिलाओं को सहायक रेफरी और एक महिला को वीडियो मैच अधिकारी के रूप में भी चुना गया है। यह दूसरा अवसर है जबकि पुरुषों के विश्व कप में महिला रेफरी भाग लेगी। कतर में चार साल पहले खेले गए विश्व कप में तीन महिला रेफरी और तीन महिला सहायक रेफरी शामिल थीं। पेन्सो 2023 में महिला विश्व कप के फाइनल में रेफरी थीं। फीफा ने कहा कि रेफरी का चयन प्रदर्शन को प्राथमिकता देने के आधार पर किया गया है।





### टूर्नामेंट में 170 मैच अधिकारी लेंगे हिस्सा

फीफा ने कहा कि टूर्नामेंट में 170 मैच अधिकारी हिस्सा लेंगे, जिनमें 52 रेफरी, 88 सहायक रेफरी और 30 वीडियो मैच अधिकारी शामिल हैं। यह संख्या विश्व कप 2022 में शामिल 139 मैच अधिकारियों से अधिक है। विश्व कप 2026 अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप है, जिसमें 48 टीमें भाग लेंगी और कुल 104 मैच खेले जाएंगे। यही नहीं यह पहला विश्व कप होगा, जिसकी सह-मेजबानी तीन देश करेंगे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




सेना की इंटेलिजेंस ब्रांच में संभालेंगे जरूरी जिम्मेदारी, अब 2028 में होगी सेवानिवृत्ति

# सेना ने दिया कर्नल पुरोहित को ब्रिगेडियर रैंक पर प्रमोशन, रिटायरमेंट पर लगी रोक



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देर से ही सही...कर्नल श्रीकांत पुरोहित को आखिरकार न्याय मिल गया है। सेना ने उन्हें ब्रिगेडियर रैंक पर पदोन्नति दे दी है। पहले 31 मार्च 2026 को उन्हें सेवानिवृत्त होना था। लेकिन सशस्त्र बल न्यायाधिकरण (एएफटी) ने उनकी पदोन्नति की याचिका पर विचार करते हुए उसे सही ठहराया और सेवानिवृत्ति पर रोक लगा दी थी। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि कर्नल पुरोहित को पदोन्नति देने का निर्णय सेना के एक विशेष बोर्ड द्वारा लिया गया है। अब वह बतौर ब्रिगेडियर सेना की खुफिया शाखा (मिलिट्री इंटेलिजेंस, एमआई) में अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। उनका कार्यकाल दो वर्ष का होगा और वह 31 मार्च 2028 को सेवानिवृत्त होंगे। एएफटी में पिछले महीने 16 मार्च को न्यायमूर्ति राजेंद्र मेनन की अध्यक्षता वाली बेंच ने अपने फैसले में कहा कि कर्नल पुरोहित के पास अपने जूनियर अधिकारियों के समकक्ष सैन्य लाभ और पदोन्नति पाने का पुख्ता मामला है। इसलिए उनकी पदोन्नति के मामले का समाधान होने तक उनकी सेवानिवृत्ति को स्थगित रखा जाए।

### कर्नल से सीडीएस की सेवानिवृत्ति आयु

31 मार्च को सेवानिवृत्ति के समय पर कर्नल पुरोहित की उम्र 54 साल थी। लेकिन ब्रिगेडियर पद पर पदोन्नत होने के बाद अब वह 56 साल में सेना से सेवानिवृत्त होंगे। सेना में कर्नल रैंक से लेकर उससे ऊपर के अधिकारियों की सेवानिवृत्ति की आयु इस प्रकार है।

- कर्नल- 54 वर्ष
- ब्रिगेडियर- 56 वर्ष
- मेजर जनरल- 58 वर्ष
- लेफ्टिनेंट जनरल- 60 वर्ष
- जनरल- 62 वर्ष
- सीडीएस- 65 वर्ष

### सुप्रीम जमानत के बाद 10 साल का संघर्ष

*यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि कर्नल पुरोहित भारतीय सेना के वही अधिकारी हैं। जिन्हें वर्ष 2008 में देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के मालेगांव में हुए बम धमाके के मामले में आरोपी बनाया गया था। उनकी गिरफ्तारी हुई। जिसके बाद उन्हें न केवल एक लंबी कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी। बल्कि सेना के अपने प्रतिष्ठित करियर से भी न चाहते हुए दूर होना पड़ा। लेकिन फिर आया साल 2017, जब कर्नल पुरोहित को सर्वोच्च न्यायालय से इस मामले में हुई सुनवाई के बाद जमानत मिल गई। वह सेना में लौटे और अपनी पदोन्नति के इंतजार में एएफटी में न्याय की जंग लड़ते रहे। 2025 में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने सबूतों के अभाव और अभियोजन पक्ष के मामले में विरोधाभासों के चलते उन्हें और सात अन्य आरोपियों को बरी कर दिया। जिसके बाद एएफटी में भी आखिरकार पुरोहित की जीत हुई। न्यायिक अदालत ने उनकी सेवानिवृत्ति पर रोक लगा दी। वहीं, शीर्ष अदालत से 2017 में जमानत पर होने की वजह से सेना में उन्हें पदोन्नति नहीं दी गई थी। जैसे ही 2025 में एनआईए का फैसला आया, वह पूर्ण कर्नल बनें। बाद में एएफटी ने त्वरित कार्रवाई की और अब उन्हें सेना ने भी कर्नल से ब्रिगेडियर रैंक पर पदोन्नत कर दिया है।*

### मामला लंबा न खिंचता, मेजर जनरल होते

*अगर कर्नल पुरोहित का गिरफ्तारी के बाद से लेकर जेल और लंबी चली अदालती कार्रवाई में ज्यादा समय बर्बाद नहीं होता। तो वह अपने बराबर के रैंक वाले सैन्य अधिकारियों के समान पदोन्नति पाते हुए वर्तमान में मेजर जनरल रैंक तक भी पहुंच सकते थे।*

### जम्मू-कश्मीर से पूर्वोत्तर तक किया काम

*सूत्रों ने कहा कि कर्नल पुरोहित वर्ष 1994 में सेना की मराठा लाइट इन्फेंट्री में कमीशन हुए थे। 2005 में उन्हें बल की खुफिया शाखा में तैनात किया गया था। अपने करीब तीन दशक लंबे सैन्य करियर में उन्होंने सेना के ऊंचे पर्वतीय इलाकों, जम्मू-कश्मीर, आतंकवाद रोधी अभियानों से लेकर पूर्वोत्तर में शानदार काम किया। इसके अलावा विभिन्न सैन्य पाठ्यक्रमों में भी कर्नल श्रीकांत पुरोहित का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा और जूनियर कमांड कोर्स में उन्हें इंस्ट्रक्टर की पोस्टिंग मिली।*

शुक्रवार सुबह लेह में अचानक दिल का दौरा पड़ने से 61 वर्ष की आयु में हुआ निधन

# कारगिल युद्ध के नायक कर्नल वांगचुक के निधन पर राजनाथ ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



वर्ष 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल में हुए युद्ध के नायक और लद्दाख के शेर के नाम से विख्यात कर्नल सोनम वांगचुक (सेवानिवृत्त) का शुक्रवार को लेह में अचानक दिल का दौरा पड़ने की वजह से 61 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। जिससे पूरा देश शोक की लहर में डूब गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने वांगचुक के निधन पर दुख जताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। राजनाथ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, 'कर्नल सोनम वांगचुक निधन पर गहरा दुख पहुंचा है। वह भारतीय सेना के एक अत्यधिक सम्मानित अधिकारी थे। जो अपनी वीरता, दृढ़ नेतृत्व और कर्तव्य के प्रति अटूट समर्पण के लिए प्रसिद्ध थे। बतौर लद्दाख के गौरवान्वित सपूत के रूप में उन्होंने इस क्षेत्र की भावना का प्रतीक प्रस्तुत किया। मालूम हो कि युद्ध के दौरान 28 से 30 मई 1999 को कर्नल वांगचुक ने दुश्मन की एक निगरानी पोस्ट पर अचानक हमला कर उसे ध्वस्त कर दिया था। उनकी इस कार्रवाई में करीब 6 पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए थे। जिसे इस युद्ध में मिली निर्णायक जीत के पीछे छिपे एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में माना जाता है।

### ऑपरेशन विजय में दिखाया पराक्रम

*उन्होंने पोस्ट में यह भी लिखा कि युद्ध से जुड़े सैन्य अभियान यानी ऑपरेशन विजय के दौरान केंद्रशासित प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्र में सबसे कठिन परिस्थितियों में व्यक्तिगत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उनके साहसिक कार्यों ने उनके सैनिकों को प्रेरित किया। कर्नल वांगचुक का जीवन साहस, बलिदान और राष्ट्रीय एकीकरण का प्रमाण बना रहेगा। साथ ही उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करती रहेगी। 1999 के कारगिल युद्ध में दिखाए गए अदम्य साहस और वीरता की वजह से उन्हें महावीर चक्र जैसे देश के प्रतिष्ठित सैन्य सम्मानित किया गया था।*

### सेनाप्रमुख ने जताई संवेदना

*सेना के सार्वजनिक सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, 'सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी तथा समूची सेना ने महावीर चक्र से सम्मानित कर्नल सोनम वांगचुक को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती है'। इसके अलावा लिखा, 'वह एक वीर सैनिक, समर्पित सैन्य कमांडर और लद्दाख के ऐसे सुपुत्र थे। जिनका जीवन साहस, सेवा और एकता का प्रतीक रहा। उनकी यह विरासत भावी पीढ़ियों को प्रेरित, प्रोत्साहित करती रहेगी। भारतीय सेना शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट करती है। साथ ही दुख की इस घड़ी में उनके परिवारजनों के साथ मजबूती से से खड़ी है'।*







Terms and Conditions applied. #5% Instant Cashback up to Rs. 5000 is available on all HMSI models for EMI transactions made using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 6 months & above). #Instant Cashback of up to Rs. 4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 9 months & above). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th April 2026. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th April 2026. ^The price shared above is of Activa 110 Std OBD2B Model Variant for Delhi. ^For more information contact nearest dealers. The feature shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494; (Naraina) - 8512889494; (Tri Nagar) - 9355719494; **SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 9266802219; (Adchini) - 8860259596; (Khanpur) - 011-40446391 (Saheen Bagh Jamia) - 8287201001; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 9871600730; (RK Puram Sector 1) - 9871600734; (Chattarpur) - 8826153434; Pragnya Honda (Okhla) - 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Uday Honda (Adchini) - 9212355514; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Moti Nagar) - 9999903295; (Raja Garden) - 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667540598; (Mayapuri) - 9811025879; Dhingra Honda (Peeragarhi) - 9871200045; (Uttam Nagar) - 9717455885; (Nangloi) - 9871400045; (Kirari) - 9870200152; (Amanpuri) - 9289739970; (Mangolpuri) - 9289151558; ARK Honda (Tilak Nagar) - 9211711826; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 8506999935; (Vikaspuri) - 8506999939; (Kakrola Mod) - 8506999936; (Vikas Nagar) - 7048947881; (Ranhola) - 9212385582; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 7290068240; (Rajapuri) - 9910364903; (Kapashera) - 9599442118; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400; (Dilshad Garden) - 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (Ill Pusta) - 9560734814; (Johripur, Shiv Vihar Metro Station) - 9311957772; Swarup Honda (Vikas Marg) - 9810806600; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 9821398522; (Jheel) - 9821398526; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 8826993152; (Rani Bagh) - 8130093649; (Pitampura) - 8130093651; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648; (Jahangirpuri) - 8130093655; (Libaspur) - 8130093656; (Prashant Vihar ) - 8130093654; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9650445006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 9999806883; Pioneer One Honda - 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666; Parkash Honda (Bhangel) - 01204796600; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 7042351351; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614; Hindon Honda - 9910110017; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; JKM Leela Honda (Vijaynagar) - 8750324000; SD Honda (Kadrabad) - 7520320611; Shri Vashu Honda (Niwari) - 8445334455; Hindon Honda (Govind Puram) - 9910110017; Hindon Honda (Gadana) - 9927196125; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; BK Honda (Premvihar) - 9311114333; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Pioneer One Honda (Gaur City) - 7838950960; Shanti Honda (Kulesra) - 9582823843; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519; Republic Honda (Kasna) - 8368861995; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 09568519999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 7078677972; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**